


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 79 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ कृ.4 2082 रविवार, 15 जून-2025


प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## 24 घंटे में कोरोना के 269 नए मरीज मिले

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7400 एक्टिव मामले हैं। वहीं मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया। राजस्थान में यह कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान गई है। केरल में इस वक्त देश के सबसे ज्यादा 2109 कोविड मरीज हैं। हालांकि, गुरुवार तक 2165 एक्टिव केस थे।

# तो तेहरान जल जाएगा

## > इस्राइल की ईरान को चेतावनी


इस्राइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज

दुबई, 14 जून (एजेंसियां)। इस्राइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर उसने मिसाइलें दागनी बंद नहीं कीं तो तेहरान जल जाएगा। रक्षा मंत्री ने एक बैठक के दौरान यह बात कही। रक्षा मंत्री काट्ज ने शनिवार को सेना प्रमुख के साथ एक आकलन बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर ईरान इस्राइली नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजराइल काट्ज की यह टिप्पणी तब आई है, जब शुक्रवार सुबह इस्राइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हमला किया था। बाद में, ईरान ने शनिवार रात को इस्राइल पर जवाबी हमला किया और मिसाइलें दागीं।

**इस्राइल का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बंद :**

इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए इस्राइल का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हवाई अड्डा अगली सूचना तक बंद रहेगा। मध्य पूर्व में ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ने के बाद शुक्रवार को ईरान ने इस्राइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। बढ़ते हमले को देख अब अमेरिका इस्राइल की मदद करने के लिए सामने आया है। इसके तहत अमेरिका ने ईरान के मिसाइल हमले को रोकने में इस्राइल की मदद की है।

**अमेरिका ने आगे बढ़ाए अपने युद्धपोत :**

ईरान के हमले के खिलाफ और उसे रोकने के लिए अमेरिका ने कई अहम कदम उठाए है। इसके तहत ट्रंप प्रशासन अमेरिका के अपने युद्धपोत यूएसएस थॉमस हडनर को पश्चिमी भू-मध्य सागर से पूर्वी हिस्से की ओर भेजा है, ताकि वह जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद कर सके।

साथ ही एक अन्य विध्वंसक जहाज को भी तैयार रखा गया है। इतना ही नहीं अमेरिका के लड़ाकू विमान इस समय क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं और एयरबेस पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिका ने मिडिल इस्ट में अपनी सैन्य ताकत बढ़ा दी है। देखा जाए तो अभी मध्य पूर्व में करीब 40000 अम तैनात हैं, जो सामान्य संख्या 30,000 से कहीं अधिक है। पिछले साल अक्टूबर में यह संख्या 43,000 तक पहुंच गई थी, जब ईरान और इस्राइल के बीच तनाव और यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा हमले तेज हो गए थे। वहीं दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र में ईरान ने एक बड़ा दावा किया है। इसके तहत ईरान के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत अमीर सईद इरवानी ने शुक्रवार को कहा कि इस्राइल के हमलों में 78 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए हैं।


ईरान ने तेल हबीब में मिलिट्री हेड क्वार्टर को निशाना बनाया

## ईरान के नौ परमाणु वैज्ञानिकों को मार गिराने का दावा

तेहरान, 14 जून (एजेंसियां)। इस्राइल ने ईरान के नौ परमाणु वैज्ञानिकों को मार गिराने का दावा किया है। उसने मृतकों की सूची भी जारी की है। इस्राइल ने ये समझाया है कि परमाणु वैज्ञानिकों को मार गिराने के लिए ईरान में किन ठिकानों को निशाना बनाया गया है। आईडीएफ ने कहा है कि हमलों में 9 ईरानी परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। ये सभी लोग बम बनाने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहे थे। ईरान के कई परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया। शुरुआती हमलों में ईरान के नौ परमाणु वैज्ञानिक मारे गए।

*हादसे के बाद सरकार का आदेश*

## भारतीय बेड़े में बोइंग 787 सीरीज के विमानों की गहन जांच होगी

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में हाल ही में हुए भीषण विमान हादसे के बाद भारत सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायुडू किंजरापु ने शनिवार को बताया कि डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) ने भारतीय विमानन बेड़े में शामिल बोइंग ड्रीमलाइनर 787 सीरीज के सभी विमानों की विस्तृत जांच का आदेश दिया है। इस भीषण हादसे में विमान में सवार 242 लोगों में 241 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं हादसे वाली जगह पर मौजूद 24 लोगों की भी मौत हुई है।

**अब तक 8 विमानों की जांच पूरी :**

इस दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री ने ये बताया कि भारतीय विमानन बेड़े में इस समय कुल 34 बोइंग 787 विमान मौजूद हैं। इनमें से 8 विमानों की जांच पहले ही तात्कालिक रूप से पूरी की जा चुकी है, और शेष विमानों की भी जल्दी ही जांच की जाएगी।

उन्होंने कहा, भारत में बहुत सख्त सुरक्षा मानक हैं। हादसे के बाद हमें महसूस हुआ कि बोइंग 787 विमानों की गहराई से निगरानी की जरूरत है। डीजीसीए ने इसके लिए विस्तृत निरीक्षण के आदेश दिए हैं।

## ईरान के पास बातचीत का दूसरा मौका वरना कुछ नहीं बचेगा : ट्रंप की धमकी



वॉशिंगटन, 14 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइली हमलों के बीच ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जल्द से जल्द परमाणु समझौते पर सहमत हो जाए और अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद कर दे। ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास यह दूसरा मौका है लड़ाई को और बढ़ने से रोकने का वरना कुछ नहीं बचेगा।

वहीं इस्राइल ने ईरान पर हमले जारी रखने की बात कही है। ईरान और इस्राइल के बीच जारी संघर्ष के बीच ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि उनका ईरान पर हमले में कोई हाथ नहीं है, लेकिन ट्रंप ने कहा कि इस्राइल ने उनके हथियारों का इस्तेमाल करके ही ईरान के परमाणु केंद्रों और बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन केंद्रों पर हमला किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया में सबसे खतरनाक हथियार बनाता है। इस्राइल के पास ऐसे बहुत सारे हथियार हैं और उन्हें ये भी पता है कि इन हथियारों का कैसे इस्तेमाल करना है।

इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष छिड़ने के बाद अमेरिका ने अपने युद्धक जहाजों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। ये बदलाव इस्राइल की मदद के लिए किया गया है। अमेरिका का डेस्ट्रॉयर यूएसएस थॉमस हडनर भू-मध्यसागर की तरफ रवाना हो गया है। एक और डेस्ट्रॉयर भी पूर्वी भूमध्य सागर की तरफ बढ़ रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस्राइल के हमले के बाद अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर चर्चा करना अर्थहीन है।

# इजरायली हमले में ईरान के 2 और टॉप जनरलों की मौत

## फोर्डो न्यूक्लियर साइट को भी नुकसान



तेहरान, 14 जून (एजेंसियां)। ईरान ने पुष्टि की है कि उसके दो उच्च पदस्थ जनरल शनिवार को इजरायल के ताजा हमलों में मारे गए. मध्य पूर्व के इन दो सबसे बड़े विरोधियों के बीच शत्रुता काफी आगे बढ़ गई है। यह घटना शनिवार को तड़के हुई। ईरान ने इजरायल पर मिसाइल और रॉकेट से ताबड़तोड़ हमले किए, येरुशलम और इजरायल के अन्य हिस्सों में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। हवाई हमलों की यह ताजा श्रृंखला इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े हमले के एक दिन बाद आई है, जिसमें इजरायल ने ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। इजरायल के सटीक हमलों में ईरानी सेना प्रमुख मोहम्मद बघेरी, रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के चीफ हुसैन सलामी समेत कम से कम 20 शीर्ष सैन्य कमांडरों की मौत हो गई। इतना ही नहीं, इजरायल के हमले में ईरानी न्यूक्लियर प्रोग्राम से जुड़े 6 शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों भी मारे गए।

# वायुसेना प्रमुख ने बताई ऑपरेशन सिंदूर की खासियत

*कहा-यह सेना के अद्वितीय पराक्रम का उदाहरण*

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की खासियत बताई। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुश्मन पर सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया है।



डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय, तालमेल और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। फ्लाइंग अधिकारी सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाते रहें। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायु सेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है। इसे वायु सेना के भविष्य के रूप में आपको समझना होगा कि वायु सेना हमेशा से ही सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली रही है और रहेगी। भारत के प्रत्येक नागरिक द्वारा भारतीय वायु सेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना तेजी से एक एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है। कई युवा अधिकारी अंतरिक्ष में राष्ट्र की अगुवाई करेंगे। इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित और जुनूनी बनना पड़ेगा। उन्होंने स्नातक अधिकारियों को स्वस्थ जीवन शैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक फिटनेस तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। संयुक्त स्नातक परेड के दौरान भारतीय वायुसेना प्रमुख ने स्नातक प्रशिक्षुओं को राष्ट्रपति कमीशन प्रदान किया। समारोह में भारतीय वायुसेना के फ्लाइट कैडेटों, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और वियतनाम के एक अधिकारी को प्रशिक्षण के सफल समापन पर विंग्स प्रदान किए गए।

**पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर :**

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, 10 मई को दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू किया।

## विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़ी

### अब तक 270 शव अहमदाबाद सिविल अस्पताल लाए गए

अहमदाबाद, 14 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में मृतकों की संख्या बढ़ गई है। अब तक घटना स्थल से कुल 270 शव अहमदाबाद सिविल अस्पताल लाए गए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने के बारे में शनिवार को डॉक्टरों ने जानकारी दी। इससे पहले, अधिकारियों ने मृतकों की संख्या 265 बताई थी।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में अहमदाबाद की दमकल टीम ने विमान दुर्घटना स्थल से एक शव और कुछ शरीर के अंग बरामद किए हैं। बीजे मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. धवल गमेती ने बताया कि दुर्घटना स्थल से अब तक लगभग 270 शव सिविल अस्पताल लाए गए हैं।

## पीएम मोदी आज से चार दिवसीय विदेश दौरे पर



नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना होने वाले हैं। पीएम मोदी 15 से 18 जून तक कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया का दौरा करेंगे। पीएम मोदी के दौरे की शुरूआत साइप्रस गणराज्य से होगी। इसके बाद पीएम मोदी कनाडा और फिर क्रोएशिया गणराज्य जाएंगे। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 15-16 जून को साइप्रस की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। प्रधानमंत्री मोदी निकोसिया में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को स्पष्ट करेगी। इसके बाद पीएम मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर 16-17 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान पीएम मोदी कनाडा के कानानास्किस की यात्रा करेंगे।

## ईरान का एयरस्पेस बंद होने से उड़ान परिचालन बाधित

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच, भारत की दो प्रमुख एयरलाइनों, एयर इंडिया और इंडिगो, ने ईरान के एयरस्पेस के बंद होने के कारण उड़ानों में देरी और रूट बदले जाने को लेकर पब्लिक एडवाइजरी जारी की है।

एयर इंडिया ने शनिवार को कहा कि कंपनी ने ईरान का एयरस्पेस बंद होने के कारण कई उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया है। एयरलाइन ने घोषणा की कि यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसकी कुछ उड़ानें अब लंबे, वैकल्पिक मार्गों पर संचालित हो रही हैं।

## ट्रंप ने 13वीं बार भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम का दावा किया

### > कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से पूछे सवाल



नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शनिवार को एक बार फिर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप विभिन्न मौकों पर 13 बार कह चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया। कांग्रेस ने पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी इन दावों के बारे में कब बोलेंगे। कांग्रेस नेता और पार्टी के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति 13 बार दावा कर चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी लगातार इस पर चुप्पी साधे हुए है।

## तीन महिला समेत चार नक्सलियों का एनकाउंटर

**बालाघाट के जंगल में पुलिस से मुठभेड़; बढ़ सकती है मारे गए नक्सलियों की संख्या**

बालाघाट, 14 जून (एजेंसियां)। बालाघाट में पुलिस ने एक मुठभेड़ में तीन महिला समेत चार नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ शनिवार दोपहर में बिठली पुलिस चौकी क्षेत्र के पचामा दादर के जंगल में हुई।

हॉक फोर्स और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली। एसपी आदित्य मिश्रा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अभी भी ऑपरेशन जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस को पचामा दादर के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद फोर्स यहां भेजी गई। मुठभेड़ में मारी गई तीनों महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

## 'वीजा खत्म होने का शुल्क लिया'

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद से हादसे का शिकार हुए एअर इंडिया विमान के यात्री से वसूली किए जाने के आरोपों पर गृह मंत्रालय ने जवाब दिया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि यात्री का वीजा खत्म हो गया था। इसलिए शुल्क वसूला गया। हादसे में मृत यात्री के रिश्तेदार ने अहमदाबाद आव्रजन अधिकारियों पर वसूली का आरोप लगाया था।

गृह मंत्रालय ने कहा कि एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मृत यात्री के एक रिश्तेदार ने आरोप लगाया था कि यात्री के परिवार से विमान में चढ़ने के लिए इमिग्रेशन अधिकारी को 1000 पाउंड जुर्माना वसूल किया गया। इस मामले की जांच के बाद सामने आया कि यात्री मास्टर रुद्र किशन मोधा ने समय पर वीजा शुल्क और जुर्माना नहीं जमा किया था। इसके लिए उनसे कुल राशि लगभग 91,150 रुपये लिए गए। यात्रियों को निकास परमिट देने में उचित प्रक्रिया का पालन किया गया।


## शुभांशु शुक्ला वाले एक्स-4 मिशन की लॉन्चिंग 19 जून को

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के एक्स-4 मिशन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किए जाने के कुछ दिनों बाद इसरो ने नई लॉन्च तिथि की घोषणा कर दी है। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 (एx-04) मिशन पर सवार होकर अंतरिक्ष की अपनी पहली यात्रा की तैयारी करते हुए इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। मिशन अब आधिकारिक तौर पर 19 जून, 2025 को लॉन्च किया जाना है। यह मिशन फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के विश्वसनीय फाल्कन 9 रॉकेट से उड़ान भरेगा। प्रक्षेपण की तारीख की पुष्टि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों ने हाल ही में हुई तकनीकी चिंताओं पर चर्चा की।

## डीएनए जांच से अब तक 11 लोगों की पहचान

### अहमदाबाद हादसे में मृतकों का आंकड़ा 270 तक पहुंचा

अहमदाबाद अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में अब तक 11 लोगों की डीएनए जांच से पहचान हो चुकी है। सरकारी डॉक्टरों ने शनिवार को मृतकों का डीएनए परिजनों से मिलान होने के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, हादसे में मृतकों की संख्या 270 पहुंच गई है। घटना स्थल से कुल 270 शव अहमदाबाद सिविल अस्पताल लाए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवारों को मानसिक आघात से निपटने के लिए शोक परामर्शदाता भी उपलब्ध कराए गए हैं। सिविल अस्पताल के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि अब तक 11 मृतकों के डीएनए नमूने मेल खा चुके हैं। मृतकों में से एक का पार्थिव शरीर परिवार को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि आज दो और शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह एक धीमी प्रक्रिया है और इसे सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि डीएनए नमूनों का मिलान करके मृतकों की पहचान की जा रही है।



## मंगनी लाल मंडल होंगे आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष
## नामांकन किया दाखिल, निर्विरोध निर्वाचन तय




पटना, 14 जून (एजेंसियां)। मंगनी लाल मंडल ने बिहार आरजेडी के अध्यक्ष पद के लिए शनिवार (14 जून) को नामांकन दाखिल किया। उन्होंने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन दाखिल करने के लिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के साथ गाड़ी से पार्टी कार्यालय पहुंचे। नामांकन के वक्त राजद सुप्रीमो लालू यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती भी मौजूद थी। मंगनी लाल मंडल का निर्विरोध निर्वाचन तय है। सिर्फ उन्होंने ही अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। आरजेडी कार्यालय में पार्टी के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ तनवीर हसन के समक्ष नामांकन-पत्र दाखिल किया है। 19 जून को पटना के ज्ञान भवन में राजद के राज्य परिषद की बैठक में उनके नाम की औपचारिक घोषणा होगी। जगदानंद सिंह की जगह 76 वर्षीय मंगनी लाल मंडल को बिहार राजद अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। उनके जरिए अत्यंत पिछड़ा वर्ग को चुनावी वर्ष में साधने की कोशिश में आरजेडी है। वह अति पिछड़े समाज के बड़े नेता हैं। बिहार में इस वर्ग की आबादी सबसे अधिक 36 फीसदी है। मंगनी लाल मंडल लंबे समय तक राजद में थे। उसके बाद जदयू में चले गए थे। इसी साल जनवरी में जदयू छोड़ वापस राजद में आ गये। 1986 से 2004 तक बिहार विधान परिषद के सदस्य थे इस अवधि के दौरान वे राज्य कैबिनेट में मंत्री भी थे। 2004 से 2009 तक राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। बिहार में इसी साल अक्टूबर नवंबर में विधानसभा चुनाव होंगे। अब आरजेडी को इस फैसले से चुनाव में कितना लाभ होगा यह समय बताएगा।

# मणिपुर में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई
## 300 राइफल और हथियार बरामद; पांच उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, 14 जून (एजेंसियां)। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस, सीएपीएफ, सेना और असर राइफल्स ने पांच घाटी जिलों में छापेमारी करके 300 राइफल और हथियार बरामद किए हैं। इसके अलावा जबरन वसूली के आरोप में प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस के एडीजीपी ल्हारी दोरजी ल्हाटू ने कहा कि 13-14 जून की मध्य रात्रि में मणिपुर पुलिस, सीएपीएफ, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने घाटी के 5 जिलों के बाहरी इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया। संयुक्त टीमों द्वारा विस्फोटक और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने 151 एसएलआर



राइफल, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य प्रकार की राइफल, 5 कार्बाइन गन, 2 एमपी-5 गन, 12 हल्की मशीन गन, छह एके सीरिज राइफल, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्टल, एक एआर-15 और दो फ्लेयर बंदूक समेत कुल 328 बंदूकें और राइफलें बरामद की गईं। अफसरों ने कहा कि ये खुफिया-आधारित ऑपरेशन मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए सामान्य स्थिति बहाल करने, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने, नागरिकों और उनकी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उनके निरंतर प्रयासों में एक बड़ी उपलब्धि है।

**पांच उग्रवादी पकड़े गए**

मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से जबरन वसूली के आरोप में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। ये गिरफ्तारियां शुक्रवार को थौबल, काकचिंग, इंफाल पश्चिम और तेंगनौपाल जिलों से की गईं। पुलिस ने बताया कि यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले के लैंगमीडोंग मैनिंग लेईकाई से गिरफ्तार किया गया। संदिग्ध की पहचान अकोइजाम रॉबिन्सन (51) के रूप में हुई। वहीं प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोयोन) के सदस्य को थौबल जिले के थौबल मेला ग्राउंड से गिरफ्तार किया गया, जबकि पीआरईपीएके (प्रो) और पीआरईपीएके के एक-एक कार्यकर्ता को तेंगनौपाल जिले के शांगटोंग में भारत-म्यांमार सीमा के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सदस्य को इंफाल पश्चिम जिले के लांगोल गेम गांव से गिरफ्तार किया गया।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का ऐलान
## दिल्ली को गंदा करने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए लाएंगे अध्यादेश

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी दिल्ली को स्वच्छ रखने के लिए कड़े कदम उठाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को गंदा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, इन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए एक विशेष अध्यादेश लाया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाना कतई स्वीकार नहीं उन्होंने कहा कि शहर की दीवारों को गंदा करना या सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। सीएम रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि हर दिल्लीवासी को पर्यावरण प्रहरी बनना होगा ताकि शहर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके। कहा कि सरकार अकेले शहर को व्यवस्थित नहीं कर सकतीं, इसके लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। लोगों से अपील की कि वे दिल्ली को साफ-सुथरा रखने में अपना सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा, "हम दिल्ली को लंदन या पेरिस नहीं, एक स्वच्छ और सुंदर दिल्ली बनाना चाहते हैं।" यमुना को साफ करने और दिल्ली को हरित बनाने की दिशा में भी विशेष योजनाएं बनाई जा रही हैं। साथ ही उन्होंने पिछली सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने खजाना तो साफ किया लेकिन शहर की धूल नहीं हटाई। यह सब मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में 'लैंडस्केपिंग के मूल सिद्धांत' पुस्तक के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का विमोचन के दौरान कहा। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी, पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त रॉबिन हिबू और पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव तलवार उपस्थित रहे।

# अजित पवार ने कहा- पुणे में कोरोना नियंत्रण में
## घबराने की जरूरत नहीं; बुजुर्ग सतर्कता बरतें



पुणे, 14 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को कहा कि पुणे में कोविड-19 की स्थिति नियंत्रण में है। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बुजुर्गों से सतर्कता बरतने की अपील की। साथ ही कहा कि बुजुर्ग भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। अजित पवार पुणे जिले के संरक्षक मंत्री हैं। उन्होंने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोविड-19 के 102 नए मामले सामने आए। इनमें से 31 पुणे में थे।

**स्वास्थ्य मंत्री स्थिति की निगरानी कर रहे**

बैठक के बाद पवार ने पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुणे और पिंपरी सहित राज्य में कुछ मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। स्थिति नियंत्रण में है। स्वास्थ्य मंत्री स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ में उठाए जाने वाले कदमों के बारे में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। पवार ने आगे कहा कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। हालांकि, उन्होंने बुजुर्गों से अपील की है कि वह सतर्कता बरतें और भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।

**वारी जुलूस की व्यवस्था की समीक्षा भी की**

पवार ने पंढरपुरी में 'वारी' जुलूस की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर साल संत तुकाराम महाराज और संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी पुणे जिले से होकर गुजरती है। राज्य सरकार ने 'वारी' के लिए धन आवंटित किया है। इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है। घाट से गुजरते समय वारकरियों (तीर्थयात्रियों) को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए दिवे घाट पर काम चल रहा है। 'पालकी' मार्ग पर होर्डिंग और विज्ञापन हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

**18 जून को पुणे से शुरू होगी वारी तीर्थयात्रा**

गौरतलब है कि पंढरपुर के लिए आषाढ़ी 'वारी' तीर्थयात्रा 18 जून को पुणे से शुरू होगी। संत तुकाराम महाराज की 'पालकी' 18 जून को देहू से अपनी यात्रा शुरू करेगी, जबकि संत ज्ञानेश्वर महाराज की 'पालकी' 19 जून की शाम को आलंदी से प्रस्थान करेगी।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में कैबिनेट मंत्री जोशी से मांगा जवाब
### 23 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई



नैनीताल, 14 जून (एजेंसियां)। हाईकोर्ट ने उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी पर बागवानी, जैविक खेती, विदेशी दौरों और निर्माणाधीन सैन्य धाम के निर्माण में गड़बड़ी और अनियमितता के आरोपों सहित आय से अधिक संपत्ति के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मंत्री गणेश जोशी को 23 जुलाई तक अपना पक्ष रखने को कहा है। याचिकाकर्ता से भी जवाब का प्रति उत्तर देने को कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 23 जुलाई की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई सेवानिवृत्त होने से पूर्व न्यायाधीश विवेक भारती शर्मा की एकलपीठ के समक्ष हुई थी। मामले के अनुसार, देहरादून निवासी आरटीआई कार्यकर्ता विकेश सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि गणेश जोशी ने सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। जब 2022 में राज्य में विधानसभा चुनाव हुए थे तब गणेश जोशी ने अपने शपथपत्र में कहा था कि उनकी सार्वजनिक संपत्ति नौ करोड़ रुपये है। याचिका में यह भी कहा गया कि कैबिनेट मंत्री ने बागवानी क्षेत्र सहित जैविक खेती को लेकर विदेशी टूर और निर्माणाधीन सैन्य धाम के निर्माण में गड़बड़ी और अनियमितता की है।

# गठबंधन की चर्चा के बीच सीएम फडणवीस ने राज ठाकरे के लिए किया खास पोस्ट



मुंबई, 14 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के चीफ राज ठाकरे को जन्मदिन की बधाइयां दी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मनसे प्रमुख की तस्वीर पोस्ट करते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लिखा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे को जन्मदिन की शुभकामनाएं! सीएम देवेंद्र फडणवीस इस स्पेशल पोस्ट से दो दिन पहले ही उन्होंने राज ठाकरे से मुलाकात की थी और करीब डेढ़ घंटे तक बंद कमरे में बातचीत की थी। इसके बाद सवाल खड़े होने लगे थे कि क्या निकाय चुनाव से पहले बीजेपी राज ठाकरे को अपने पाले में करने की कोशिश कर रही है? क्या राज ठाकरे अपने भाई उद्धव ठाकरे को निराश कर बीजेपी के साथ गठबंधन का प्लान बना रहे हैं? हालांकि, अभी कुछ फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन राजीनिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म है।

**राज ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं से कही थी यह बात**

अपने जन्मदिन से पहले ही मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बता दिया था कि वह 14 जून को उनसे मुलाकात नहीं कर पाएंगे, क्योंकि मुंबई से बाहर रहेंगे। राज ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं से अपील की थी कि इसका कोई और अर्थ न निकालें। अगर किसी के मन में यह सवाल उठ रहा है कि राज ठाकरे अपना जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ क्यों नहीं मना रहे हैं, तो इसका जवाब बस इतना है कि वह अपने परिवार के साथ बाहर गए हैं। दरअसल, कई साल से राज ठाकरे के जन्मदिन पर महाराष्ट्रभर से मनसे कार्यकर्ता इकट्ठा होते हैं और पार्टी चीफ से भेंट करते हैं। हालांकि, इस साल ऐसा नहीं हो पाया। इसको लेकर राज ठाकरे ने सभी से वादा किया था कि वह मुंबई लौटकर सबसे मुलाकात करेंगे। इसी के साथ राज ठाकरे ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा था, ३मेरे जन्मदिन के अवसर पर यदि आप अपने क्षेत्र में कोई लोककल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करते हैं, तो मैं यही मानूंगा कि आपने मेरा जन्मदिन सच्चे अर्थों में मनाया है।

## फंदे पर लटके मिले मां-बेटे और बेटी, रस्सियों से बंधे थे हाथ
### तंत्र-मंत्र के 'मायाजाल' में क्या छिपा है मौत का रहस्य?

डिंडोरी, 14 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले में सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां मेहंदवानी गांव में एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान मधु प्रजापति (महिला), 12 वर्षीय बेटा और 10 वर्षीय बेटी के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है, वहीं एफएसएल, डॉग सकॉड और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुची है जो पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है। यह पूरी घटना मेहदवानी गांव की है, जहां महिला के पति राजेंद्र प्रजापति गांव में समोसे का ठेला लगाता है। राजेन्द्र रोज की तरह शाम को घर लौटा, तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है। काफी आवाज देने पर जब कोई उत्तर नहीं मिला, तो वह पीछे से दरवाजा तोड़कर घर में दाखिल हुआ। अंदर का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। पत्नी और दोनों बच्चों के शव फांसी पर लटके हुए थे। बच्चों के हाथ पीछे से बंधे हुए थे, जिससे मामला और भी संदिग्ध लग रहा है। इसके बाद राजेंद्र ने आवाज लगाई और आसपास के लोगों को इकट्ठा कर लिया। राजेंद्र का कहना है कि उसकी पत्नी मधु पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार थी। उसे नींद न आना, भूख न लगना जैसी समस्याएं थीं। जिसका कई जगह इलाज भी करवाया।

# ये जेल होगी सोनम रघुवंशी का नया ठिकाना
## पहले से हैं यहां 450 से ज्यादा कैदी, 24 घंटे सीसीटीवी से होगी निगरानी

शिलांग, 14 जून (एजेंसियां)। राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार सोनम रघुवंशी का नया ठिकाना अब शिलांग डिस्ट्रिक्ट जेल होगी। उसे जेल रखने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस जेल में कुल 496 कैदी हैं, जिनमें मात्र 19 महिला कैदी हैं। सोनम इस जेल में 20वीं महिला कैदी होगी। सोनम इस जेल में ऐसी दूसरी महिला कैदी होगी, जो हत्या के मामले में यहां रहेगी। हत्या के मामले में दोषी करार हो चुकी एक महिला पहले से इस जेल में है। फिलहाल सोनम पुलिस कस्टडी में है। रिमांड के बाद सोनम शिलांग डिस्ट्रिक्ट जेल में रहेगी। यही नहीं राजा रघुवंशी हत्याकांड में अगर दोषी करार हुई



तो सोनम शिलांग की जिला जेल में ताउम्र रहेगी।सोनम को जेल वार्डन के ऑफिस के पास बनी जेल में रखा जायेगा। उसके साथ 2 सीनियर विचाराधीन महिला कैदी और रहेंगी, जो उस पर निगरानी रखेंगी। सोनम पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी। उसकी सुरक्षा को देखते हुए भी जेल में सारी तैयारी की जा रही है कि कहीं वो कोई गलत कदम न उठा ले। सोनम को टीवी देखने की सुविधा और जेल के नियमों के मुताबिक घरवालों से मिलने और बात करने की सुविधा मिलेगी। सोनम को मिलने वालों के नाम जेल प्रशासन को देने होंगे। सोनम को जेल के नियमों के हिसाब से नाश्ता, लंच और डिनर मिलेगा। उसे जेल में बाकी महिला कैदियों के साथ सिलाई और स्किल डेवलमेंट से जुड़े दूसरे काम भी करने होंगे। बता दें कि राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक और हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ है। राजा पर सोनम ने चार बार हमले किए। पहले तीन हमलों में राजा बच गया। चोथी कोशिश में सोनम और उसके साथी राजा की जान लेने में सफल हो गए। ये खुलासा पुलिस ने किया है। पुलिस ने बताया कि सोनम और उसके साथियों ने राजा की पहले भी तीन स्थानों पर जान लेने की कोशिश की थी, लेकिन वो न किसी वजह से अपनी कोशिश में कामयाब नहीं हो पाए। पुलिस ने बताया कि राजा की हत्या चौथी कोशिश में की गई।

## बाइक खरीदने के बाद सीनियर्स की रैगिंग
## 'टॉर्चर' से टूट गया था शिवांश, एनएससीबी मेडिकल कॉलेज में छात्र की मौत बनी पहेली

जबलपुर, 14 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के छात्र शिवांश गुप्ता की संदिग्ध मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। यह मामला अब केवल आत्महत्या बनाम हत्या का नहीं रहा, बल्कि इससे जुड़े कई गंभीर सवाल मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था, सीनियर-जूनियर के रिश्ते और रैगिंग की संस्कृति पर भी उठ रहे हैं। परिजन का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि किसी गहरी साजिश का नतीजा है और पूरे मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। शिवांश गुप्ता, जो एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र था, ने 5 जून को कॉलेज हॉस्टल की चौथी मंजिल से छलांग लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। घटना के पहले उसने अपने कुछ दोस्तों और परिजनों को व्हाट्सएप पर एक मैसेज भेजा था, जिसमें लिखा था मैं जो करने जा रहा हूं, आप मत करना। यह मैसेज पढ़ने और समझने से पहले ही वह हॉस्टल से कूद गया और जमीन पर आ गिरा। गंभीर रूप से घायल शिवांश को तत्काल नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल की आईसीयू में भर्ती कराया गया,

# 'क्या एयर इंडिया हादसा एक साइबर हमला था
## उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने उठाए सवाल



मुंबई, 14 जून (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना को लेकर गंभीर सवाल उठाए। हादसे में 241 लोग मारे गए थे। उन्होंने पूछा कि क्या किसी दुश्मन देश की ओर से विमान की प्रणाली पर कोई साइबर हमला किया गया था। हाल ही में दुश्मनों ने अपने साइबर हमलों से भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन अहमदाबाद में उड़ान भरने के 30 सेकंड के भीतर दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया विमान की घटना के बारे में गंभीर सवाल हैं। क्या किसी दुश्मन देश की ओर से विमान की प्रणाली पर कोई साइबर हमला किया गया था? संजय राउत ने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि रखरखाव विमानन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बारे में कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'जब बोइंग डील हुई थी, तब भाजपा इसके खिलाफ थी और उस समय प्रफुल्ल पटेल नागरिक उड्डयन मंत्री थे। लोग अब हवाई यात्रा करने से डरते हैं। विमानन क्षेत्र के लिए रखरखाव सबसे महत्वपूर्ण है। अहमदाबाद के रखरखाव का ठेका किसके पास है? इसके लिए अहमदाबाद को ही क्यों चुना गया? अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाली फ्लाइट के साथ दुर्घटना क्यों हुई? विमान के मलबे पर जिस तरह से मंत्री व्यवहार कर रहे थे, वह वाकई दुखद है।'

**उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति का गठन**

इस बीच सरकार ने 12 जून को अहमदाबाद से गैटविक हवाई अड्डे (लंदन) जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति का गठन किया। हादसे में 241 लोग मारे गए थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया, '12 जून, 2025 को अहमदाबाद से गैटविक एयरपोर्ट (लंदन) जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति गठित की गई है। समिति मौजूदा मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) और ऐसी घटनाओं को रोकने और संभालने के लिए जारी दिशा-निर्देशों की जांच करेगी। समिति भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश सुझाएगी।'


**तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी समिति**

समिति तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इसमें कहा गया कि समिति की अध्यक्षता गृह सचिव करेंगे और इसमें नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय वायु सेना और विमानन विशेषज्ञों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। समिति बचाव कार्यों और उनके बीच समन्वय सहित विभिन्न हितधारकों की आपातकालीन प्रतिक्रिया का आकलन करेगी। यह ऐसी घटनाओं को रोकने और दुर्घटना के बाद की स्थितियों को संभालने के लिए आवश्यक नीतिगत परिवर्तन, परिचालन सुधार और प्रशिक्षण संवर्द्धन का भी सुझाव देगी।

### शादीशुदा महिला को झांसा देकर बनाए संबंध: फोटो-वीडियो वायरल करने की दे रहा था धमकी, केस दर्ज

इंदौर, 14 जून (एजेंसियां)। बाणगंगा पुलिस ने 36 वर्षीय महिला की शिकायत पर विकास चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया है। नौकरी करने के दौरान महिला की पहचान विकास से हुई थी। विकास ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। जब महिला ने शादी का बोला तो वह उसके प्राइवेट फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पति बीमार थे। वह नौकरी करके घर का खर्च चलाती थी। 2023 में नौकरी के दौरान उसकी पहचान विकास चौहान से हुई। विकास ने उसे कॉल सेंटर पर काम दिया। कुछ समय बाद वह कहने लगा कि वह उसे पसंद करता है और उससे शादी करना चाहता है। शादी का झांसा देकर उसने पीड़िता से कई बार शारीरिक संबंध बना लिए। जब पीड़िता ने आरोपी से शादी करने का बोला तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा और प्राइवेट फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा।

# मृत्युदंड के बदले 40 साल की जेल
## प्रेमिका की हत्या के दोषी को कोर्ट ने दी सजा



कोलकाता, 14 जून (एजेंसियां)। हाईकोर्ट का एक फैसला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। हाईकोर्ट ने मृत्युदंड की सजा को बदलते हुए आरोपी को 40 साल की सजा सुनाई है। आरोपी ने अपनी ही प्रेमिका पर 45 बार चाकू से हमला किया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। ये फैसला जस्टिस देबांगसु बसाक और शब्बर रशीदी की बेंच ने सुनाया है। मुर्शिदाबाद के बहरमपुर के गोराबाजार में दो मई 2022 की शाम को सुतापा चौधरी अपने मेस से लौट रही थी, उसी समय आरोपी सुशांत चौधरी ने रास्ते में उसे घेर लिया और उस पर चाकू से कई वार किये। कोर्ट में पेश की गई रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी ने करीब 45 बार चाकू से हमला किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ चार्जशीट पेश किया। अगस्त 2023 में बरहमपुर के फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुशांत चौधरी को मौत की सजा सुनाई थी। सुशांत चौधरी ने उस फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट में अपील की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने फांसी की सजा को रद्द करते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी।

आरोपी सुशांत चौधरी 19 साल की अपनी प्रेमिका की तरफ से रिश्ता खत्म करने से नाराज था। इसके साथ ही उसे प्रेमिका का किसी और से मिलना भी पसंद नहीं था। आरोपी को शक था कि उसकी प्रेमिका किसी और से मिली है। इसी से गुस्साए आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। बरहमपुर के फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुशांत चौधरी को मौत की सजा सुनाई थी। इस सजा को चुनौती देते हुए उसने हाईकोर्ट का रुख अख्तियार किया था। कोर्ट ने मौत की सजा को बदलते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी को कोर्ट ने 40 साल की सजा के साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

आरोपी ने प्रेमिका को मौत के घाट उतारने के लिए पूरी प्लानिंग की थी। उसने ऑनलाइन चाकू खरीदी और रास्ते में मिलने वाले लोगों को डराने के लिए एक नकली बंदूक भी खरीदी थी। ताकि जब वो लड़की पर हमला करे तो उसे बीच में कोई रोक न सके। हालांकि जिस समय ये घटना हुई वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने पूरी वारदात की वीडियो बना ली, जिसकी मदद से कोर्ट को फैसला सुनाने में भी आसानी मिली।

# केंद्र बनकाचेरला-गोदावरी परियोजना की पीएफआर को खारिज करें : उत्तम

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने मांग की है कि केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश द्वारा प्रस्तावित गोदावरी-बनकाचेरला लिंक परियोजना की पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर) को तुरंत खारिज करे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत करने पर रोक लगाए और योजना से संबंधित निविदाएं आमंत्रित करने या देने के किसी भी कदम को रोके। 13 जून को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल को संबोधित और शनिवार को मीडिया को जारी किए गए कड़े शब्दों वाले पत्र में उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि यह परियोजना न केवल गोदावरी जल विवाद न्यायाधिकरण (जीडब्ल्यूडीटी) पुरस्कार 1980 और आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम (एपीआरए), 2014 का उल्लंघन करती है, बल्कि तेलंगाना के नदी जल के उचित हिस्से के लिए एक सीधा और अस्वीकार्य खतरा भी पैदा करती है। मंत्री ने 2 जून, 2025 को वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सज्जन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक से खतरनाक घटनाक्रम का हवाला दिया और जल शक्ति मंत्रालय के वरिष्ठ संयुक्त आयुक्त अमित कुमार झा की उपस्थिति में आंध्र प्रदेश सरकार को कथित तौर पर गोदावरी-बनकाचेरला परियोजना की डीपीआर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। उत्तम कुमार रेड्डी ने कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए लिखा, यह हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है कि आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को जल शक्ति मंत्रालय के वरिष्ठ संयुक्त आयुक्त की उपस्थिति में वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव द्वारा गोदावरी-बनकाचेरला लिंक की डीपीआर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, जिसका तकनीकी रूप से अर्थ है कि इस योजना का अंतर्निहित पीएफआर स्वीकृत माना जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा कदम न केवल प्रक्रियात्मक रूप से दोषपूर्ण होगा, बल्कि अंतरराज्यीय जल प्रशासन के मौलिक सिद्धांतों का भी उल्लंघन करेगा। आमतौर पर, किसी भी राज्य द्वारा किसी भी योजना का डीपीआर सीडब्ल्यूसी को तभी प्रस्तुत किया जा सकता



है जब अंतर्निहित पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट को सीडब्ल्यूसी द्वारा प्रारंभिक रूप से अनुमोदित किया जाता है। क्या भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार को डीपीआर प्रस्तुत करने के लिए कहने का यह अर्थ है कि इस योजना का पीएफआर सीडब्ल्यूसी द्वारा अनुमोदित माना जाता है? तेलंगाना के दृढ़ विरोध पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, हम भारत सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश सरकार को डीपीआर प्रस्तुत करने के लिए कहने पर कड़ी आपत्ति करते हैं। हम गोदावरी-बनकाचेरला परियोजना पर कड़ी आपत्ति करते हैं। बीआरएस विधायक हरीश राव के आरोपों का जवाब देते हुए, मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि जैसे ही आंध्र प्रदेश ने बनकाचेरला-गोदावरी परियोजना पर कदम बढ़ाया, कांग्रेस सरकार ने तेजी से और निर्णायक रूप से कार्रवाई की। उन्होंने कहा, जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने केंद्र को पत्र लिखकर फंड मांगा, तो मैंने तुरंत 22 जनवरी, 2025 को केंद्रीय जल शक्ति और वित्त मंत्री दोनों के समक्ष औपचारिक आपत्ति जताई। 13 जून को फिर से मैंने पीएफआर को खारिज करने, डीपीआर को रोकने और निविदाओं को रोकने की मांग की। तेलंगाना कांग्रेस चुप नहीं रही- हमने पहले दिन से ही कानूनी और संस्थागत लड़ाई शुरू कर दी। हरीश राव के दावों को निराधार और भ्रामक बताते हुए उत्तम ने कहा कि यह बीआरएस सरकार थी जिसने नदी जल अधिकारों पर तेलंगाना की स्थिति को कमजोर किया। उन्होंने कहा, उन्होंने तेलंगाना के कृष्णा आवंटन को 724 से घटाकर 299 टीएमसीएफटी कर दिया, जबकि आंध्र को 512 टीएमसीएफटी दिया। उस विश्वासघात ने आज के संकट की नींव रखी। उत्तम कुमार रेड्डी ने आरोप लगाया कि बीआरएस शासन के दौरान मुच्छुमरी और मलयाला में पानी का मोड़ अनियंत्रित रूप से बढ़ गया। उन्होंने आरोप लगाया, यहां तक कि जब रायलसीमा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के टेंडर फाइनल हो गए थे, तब भी बीआरएस सरकार ने सर्वोच्च परिषद से संपर्क नहीं किया और न ही कोई कार्रवाई की। आंध्र प्रदेश रोजाना 3 टीएमसीएफटी पानी डायवर्ट कर रहा है, जबकि केसीआर दूसरी तरफ देख रहे हैं। यह जगन और केसीआर के बीच एक मूक समझौता था- बीआरएस ने आंध्र को तेलंगाना का पानी लूटने दिया।

## स्कूटर की टक्कर से व्यक्ति की मौत

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार रात गोलकोंडा में सड़क दुर्घटना में 24 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, गोलकोंडा निवासी मोहम्मद शोएब अपने दोस्त मोहम्मद शाहिद के साथ स्कूटर पर सवार होकर गोलकोंडा किले से फतेह दरवाजा की ओर जा रहे थे। गोलकोंडा पुलिस ने बताया, जब वे बड़ा बाज़ार रोड पर पहुंचे, तो एक पैदल यात्री अचानक वाहन के सामने आ गया। उस व्यक्ति से टकराने से बचने की कोशिश में शोएब ने स्कूटर पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे दोनों सवार सड़क पर गिर गए। उन्हें चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान शोएब की मौत हो गई। एक मामला दर्ज किया गया है।

# जनता की सरकार भू-भारती के साथ भूमि समस्याओं का स्थायी समाधान करेगी : मल्लू रवि

### टीपीसीसी अनुशासन समिति के अध्यक्ष ने भू-भारती सम्मेलन में भाग लिया

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। नागरकर्नूल के तादुर मंडल के गुट्टालापल्ली गांव में भू-भारती जागरूकता सम्मेलन की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नागरकर्नूल के सांसद टीपीसीसी अनुशासन समिति के अध्यक्ष डॉ. मल्लू रवि शामिल हुए। सबसे पहले, सांसद मल्लू रवि ने अंबेडकर प्रतिमा स्थापित की, नारियल तोड़ा और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर, सांसद मल्लू रवि ने कहा कि हर राजस्व गांव में, अधिकारी आपके गांव में आएंगे और उसका सर्वेक्षण करेंगे। अब से किसानों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। हम हर किसान की जमीन को भूधर नंबर देंगे। और सरकारी राजस्व अधिकारी किसानों के साथ खड़े होकर उनकी जमीनों की रखवाली करेंगे। उन्होंने कहा कि उस सरकार के नेताओं ने राज्य को भूमिहीन के रूप में चित्रित किया। उन्होंने किसान बंधन की खातिर बुजुर्गों की मदद से अनियमितताएं कीं। उस समय इंदिराम्मा के नाम पर गरीबों को दी गई जमीनों को अवैध रूप से धरनी के साथ डामर में बदल दिया गया। यह कानून गरीबों की मंडली की तरह काम करता है। हम पंजीकरण प्रणाली में भी बदलाव ला रहे हैं। हम स्लॉट बुक करके पंजीकरण प्रक्रिया को पारदर्शी बना रहे हैं। हम पिछली सरकार द्वारा दी गई कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के लोगों तक पहुंचाते हुए नई



योजनाएं प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में डीसीसीबी के अध्यक्ष विष्णुवर्धन रेड्डी, जिला अतिरिक्त कलेक्टर, आरडीओ, तादुर मंडल के राजस्व अधिकारी, पूर्व ग्राम बाजार समिति के अध्यक्ष वलब रेड्डी और अन्य लोग शामिल हुए।

# रेव पार्टियों की मेजबानी और पुलिस को धोखा देने के लिए रिसॉर्ट्स ने अपनाया हाई-टेक तरीका

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के बाहरी इलाकों में स्थित रिसॉर्ट और निजी फार्महाउस तेजी से मशहूर हस्तियों, राजनेताओं और धनी व्यापारियों सहित कुलीन समूहों के लिए गुप्त पार्टी अड्डों में तब्दील हो रहे हैं, जहां कथित तौर पर अवैध शराब और नशीली दवाओं का दुरूपयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है।

निजी समारोहों, जन्मदिन पार्टियों और बाद के कार्यक्रमों की आड़ में, शंकरपल्ली, मोइनाबाद, चेवेल्ला, शादनगर, शमीरपेट और शमशाबाद सहित क्षेत्रों में इन शानदार स्थलों को उनके प्रबंधन द्वारा रेव पार्टियों के लिए किराए पर दिया जा रहा है। ये आयोजन स्थल, जिनमें से अधिकांश में ऊंची चारदीवारी, कड़ी निजी सुरक्षा व्यवस्था तथा शहरी नजरों से दूर एकांत स्थान होते हैं, आयोजकों को अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए एक आदर्श आवरण प्रदान करते हैं, जब तक कि स्थानीय पुलिस द्वारा उन पर छापा नहीं मारा जाता।

पुलिस और आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार, हाल ही में हुई कई छापेमारी ने शहर की नाइटलाइफ़ के काले पक्ष को उजागर किया है। कथित तौर पर इन पार्टियों में एमडीएमए, एलएसडी, गांजा और कोकेन जैसे मादक पदार्थों की तस्करी की जाती है, जो ज़्यादातर शहर-आधारित ड्रग नेटवर्क या अंतरराज्यीय कार्टेल से जुड़े पेडलर्स के ज़रिए मंगाए जाते हैं। एक वरिष्ठ आबकारी अधिकारी ने कहा, आमतौर पर, ये पार्टियां बंद समूहों के लिए और केवल निमंत्रण के ज़रिए आयोजित की जाती हैं।

मेज़बान और प्रबंधन सुनिश्चित करते हैं कि किसी बाहरी व्यक्ति को अनुमति न दी जाए या उन्हें इस बात की कोई जानकारी न हो कि क्या चल रहा है। अधिकारी ने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां विदेशी ब्रांड सहित बिना परमिट वाली शराब बड़ी मात्रा में पाई गई। हाल के महीनों में कई बार कार्रवाई के बावजूद, जिनमें अभिनेता, गायक, संगीतकार और व्यवसायी शामिल हैं, हाई-प्रोफाइल छापे भी शामिल हैं, प्रवर्तन एजेंसियों का आरोप है कि पार्टियां और अधिक विवेकशील और तकनीक-सक्षम होती जा रही हैं।

यह पता चला है कि कुछ आयोजक अब कानून प्रवर्तन कर्मियों के प्रवेश को रोकने के लिए बाउंसरों को नियुक्त करते हैं, मोबाइल सिग्नल को अवरुद्ध करने के लिए जैमर का उपयोग करते हैं, तथा मेहमानों और कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों पर नजर रखने के लिए निगरानी कैमरे लगाते हैं। अक्सर, स्थानीय पुलिस या आबकारी विभाग के अधिकारी इन परिसरों पर तभी छापे मारते हैं, जब उन्हें कोई सूचना मिलती है या जब स्थानीय निवासी अक्सर तेज आवाज में संगीत बजने, वाहनों की संदिग्ध गतिविधियों और सप्ताहांत में इन संपत्तियों के आसपास सुरक्षा बढ़ाए जाने की शिकायत करते हैं। चेवेल्ला के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हम नियमित रूप से रिसॉर्ट और फार्महाउस पर छापेमारी करते हैं और उन पर निगरानी रखते हैं। अवैध गतिविधियों की अनुमति देने के लिए स्थल मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिसमें लाइसेंस रद्द करना और जहां लागू हो, वहां एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज करना शामिल है।

# एफएलओ हैदराबाद ने 2,000 महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए खोला ग्रामीण कौशल केंद्र



हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रामीण-शहरी कौशल अंतर को पाटने और जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम उठाते हुए, फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ), हैदराबाद चैप्टर ने भोंगिर में अपने ग्रामीण कौशल केंद्र का उद्घाटन किया। नए खोले गए कौशल केंद्र के माध्यम से, एफएलओ का लक्ष्य 45 दिनों के लिए प्रत्येक विषय में 200 छात्रों को प्रशिक्षित करना है, और उनका लक्ष्य चालू वर्ष में 2000 महिलाओं को प्रशिक्षित करना है। एफएलओ हैदराबाद चैप्टर की अध्यक्ष प्रतिभा कुंडा ने कहा कि यह एक प्रशिक्षण केंद्र से कहीं अधिक है- यह ग्रामीण महिलाओं की गरिमा, आत्मनिर्भरता और आर्थिक समावेशन के लिए एक लॉन्चपैड है। भुवनगिरी में एफएलओ ग्रामीण कौशल केंद्र को स्थानीय विशेषज्ञों और उद्योग सलाहकारों के साथ साझेदारी में सिलाई, हथकरघा, बुनियादी आईटी कौशल और सूक्ष्म उद्यमिता में संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस लॉन्च के साथ, एफएलओ हैदराबाद एफएलओ बैनर के तहत एक समर्पित ग्रामीण कौशल विकास सुविधा स्थापित करने वाले दक्षिण भारत के पहले अध्यायों में से एक बन गया है।

## केसीआर की एआईजी अस्पताल में जांच

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस पार्टी के अध्यक्ष केसीआर ने एक बार फिर शहर के गच्चीबावली स्थित एआईजी अस्पताल का दौरा किया। पूर्व सीएम पिछले कुछ समय से सर्दी से पीड़ित हैं। इसी सिलसिले में वे शनिवार सुबह स्वास्थ्य जांच के लिए एआईजी अस्पताल गए। उनके साथ परिवार के सदस्य, पूर्व मंत्री हरीश राव और अन्य लोग भी थे। केसीआर शुक्रवार को भी अस्पताल गए थे। केसीआर पांच दिनों तक अपने नंदीनगर स्थित आवास पर रहेंगे। ज्ञात हो कि केसीआर पहले भी कई बार मेडिकल चेक-अप के लिए एआईजी अस्पताल जा चुके हैं। केसीआर हर दो महीने में एक बार मेडिकल चेक-अप के लिए अस्पताल जाते हैं। पहले केसीआर अक्सर यशोदा अस्पताल जाते थे। हालांकि, इस बार वे गच्चीबावली स्थित एआईजी अस्पताल गए। शुक्रवार शाम को एर्रावल्ली फार्महाउस स्थित अपने आवास से हैदराबाद आए केसीआर एआईजी अस्पताल गए और डॉक्टरों से परामर्श लिया। ज्ञात हो कि केसीआर 11 जून को कालेश्वरम परियोजना मामले की जांच के लिए कालेश्वरम आयोग के समक्ष पेश हुए थे। जांच के तहत आयोग ने उनसे करीब एक घंटे तक पूछताछ की।

## सीडब्ल्यूसी टीम ने पोलावरम परियोजना का दौरा किया

विजयवाड़ा, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय जल आयोग की टीम ने शनिवार को पोलावरम परियोजना के निर्माण स्थल का दौरा किया। जल आयोग के सदस्य योगेश पैठणकर, मुख्य अभियंता एचएस सेंगर और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण के मुख्य अभियंता रमेश कुमार की टीम ने परियोजना का दौरा किया। टीम ने पोलावरम परियोजना में चल रहे डायाफ्राम दीवार, बट्रेस बांध, गैप 1 कार्य, ऊपरी और निचले कॉफ़रडैम और स्पिलवे का निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने केंद्रीय टीम को बट्रेस बांध और डायाफ्राम दीवार के निर्माण के बारे में बताया। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि परियोजना का काम निर्धारित लक्ष्य के अनुसार तेजी से पूरा हो। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें इस मुद्दे पर समन्वय में काम कर रही हैं। टीम के साथ पोलावरम ईएनसी के अन्य अधिकारी रहे।

# विस्थापित आदिवासियों का विरोध प्रदर्शन जारी

### कवाल टाइगर रिजर्व में छठे दिन भी डटे रहे



मंचेरियल, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मैसामपेट और रामपुर से विस्थापित आदिवासियों ने शनिवार को लगातार छठे दिन कवाल टाइगर रिजर्व (केटीआर) के अंदर एक गांव पर फिर से कब्जा करना जारी रखा। वे वादा किए गए पुनर्वास पैकेज प्राप्त करने में अत्यधिक देरी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को दोनों गांवों के करीब 140 आदिवासी कड्डमपेद्दुर मंडल के कोट्टामड्डीपडागा गांव के पास 12 एकड़ में स्थापित पुनर्वास और पुनर्वास कॉलोनी में लौट आए। उन्होंने अस्थायी झोपड़ियां बना लीं और अधिकारियों द्वारा उनकी शिकायतों को दूर करने के लिए लगातार परामर्श और बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद वे साइट पर ही बने हुए हैं। आदिवासियों ने कॉलोनी में बुनियादी ढांचे की कमी पर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि पुनर्वास पैकेज के तहत उन्हें आवंटित कृषि भूमि अविकसित रह गई है। कॉलोनी में बच्चों के लिए स्कूल और बोरवेल और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने दो बोरवेल, इलेक्ट्रिक मोटर और दो हाई-मास्ट लाइट लगाने की मांग की।

अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने दावा किया कि पात्र लाभार्थियों को वादा किए गए समर्थन से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें शामिल करने तथा वित्तीय मुआवज़ा लेने वालों के खातों में 15 लाख रुपये जमा करने का आग्रह किया। अधिकारियों ने बताया कि कवाल टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र में स्थित रामपुर और मैसामपेट के 142 परिवारों को चरणबद्ध तरीके से नई कॉलोनी में स्थानांतरित किया गया है। इनमें से 48 परिवारों ने वित्तीय मुआवज़ा चुना, जबकि शेष 94 परिवारों ने पुनर्वास योजना के तहत भूमि आवंटन का विकल्प चुना।

## जिंदा जल गया ट्रक चालक

संगारेड्डी, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आईडीए बोलाराम पुलिस थाना क्षेत्र के काजीपल्ली में शनिवार को हाइड्रोलिक सिस्टम से बजरी उतारते समय ट्रक का चालक ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उसकी जिंदा जलकर मौत हो गई। बिजली के तारों के संपर्क में आने से आग लग गई। आग ने कुछ ही क्षणों में ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे चालक को भागने का कोई मौका नहीं मिला। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश निवासी राम सृजन (35) के रूप में हुई है। वह इलाके के बिलवानी स्टोन क्रशर में ड्राइवर के तौर पर काम करता था। आईडीए बोल्लाराम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**CHANGE OF NAME**

I, **LAKSHMI** is legally wedded spouse of Service No.14650008W, Rank: HAV/ AUTO ELECT A VEH, Name: Pinninti Jaggunaidu, R/at Kuntibhadra village, Sirusuvada post, Kotturu mandal, Srikakulam district, Pin-532455, Andhra Pradesh. I have changed my name from **LAKSHMI** to **PINNINTI LAKSHMI** vide affidavit dated 12/06/2025 at Additional District Magistrate SRIKAKULAM, A.P.

# थर्मल श्रमिकों ने की पलोंचा में बिजली संयंत्र की मांग

### 720 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाली आठ थर्मल पावर इकाइयों को कर दिया था बंद

कोत्तागुडेम, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पलोंचा में कोत्तागुडेम थर्मल पावर स्टेशन (केटीपीएस) के पुराने गौरव को बहाल करने के लिए, सेवानिवृत्त इंजीनियर, ट्रेड यूनियन और स्थानीय संघ नई थर्मल पावर इकाइयों की स्थापना की मांग को लेकर कई पहल शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। केटीपीएस के सेवानिवृत्त फोरमैन जमुल्ला सीताराम रेड्डी के नेतृत्व में हाल ही में नूतन विद्युत केंद्र साधना समिति नामक एक समिति का गठन किया गया है। समिति का मुख्य उद्देश्य मौजूदा केटीपीएस स्थल पर 2/800 मेगावाट क्षमता वाले बिजली संयंत्र के निर्माण की वकालत करना है। याद रहे कि तेलंगाना पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (टीएसजीईएनसीओ) ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के निर्देश पर काम करते हुए 720 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाली आठ थर्मल पावर इकाइयों को बंद कर दिया था। 1965 और 1978 के बीच चरणों



में निर्मित इन इकाइयों को तकनीकी, आर्थिक और पर्यावरणीय बाधाओं के कारण 2020 में बंद कर दिया गया था।

बंद होने के बाद, कर्मचारियों और अधिकारियों दोनों को नए बिजलीघरों में स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे पालोनचा और आस-पास के इलाकों में आर्थिक गतिविधि और विकास में गिरावट आई। निवासियों ने लंबे समय से सरकार से क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए नई बिजली इकाइयां स्थापित करने का आग्रह किया है। सीताराम रेड्डी ने कहा कि जब पुरानी इकाइयां बंद हो गई थीं, तो व्यापक रूप से यह उम्मीद की जा रही थी कि उसी जगह पर एक नया बिजली संयंत्र बनाया जाएगा। हालांकि, उस मोर्चे पर कोई प्रगति नहीं होने पर, सरकार पर दबाव बनाने के लिए समिति का गठन किया गया।

हाल ही में यूनियन नेताओं, इंजीनियरों, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों, कारीगरों और ठेका श्रमिकों की एक बैठक हुई जिसमें आगे की रणनीति बनाने की योजना बनाई गई। 20 जून को पलोंचा में एक और बैठक होने वाली है।

समिति नई थर्मल इकाइयों की व्यवहार्यता और आवश्यकता का समर्थन करने वाले तकनीकी डेटा को संकलित करने की योजना बना रही है। पहले चरण में, केटीपीएस के मुख्य अभियंताओं, जिला कलेक्टर, टीएसजीईएनसीओ सीएमडी और विधायकों और मंत्रियों सहित स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधियों को एक याचिका प्रस्तुत की जाएगी। दूसरे चरण में आंदोलन को समान विचारधारा वाले संगठनों और व्यक्तियों से समर्थन मिलेगा। सीताराम रेड्डी ने कहा कि अगर ज़रूरत पड़ी तो मांग को तेज़ करने के लिए विरोध प्रदर्शन और भूख हड़ताल आयोजित करने के लिए एक संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) का गठन किया जाएगा। इस बीच, नुकला रंगा राव के नेतृत्व में फोरम फॉर बेटर पालोनचा ने भी एक समानांतर पहल शुरू की है। 800 मेगावाट के नए थर्मल प्लांट की मांग के अलावा, फोरम शहर के दीर्घकालिक विकास को सहारा देने के लिए आईटी हब, औद्योगिक पार्क और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास की मांग कर रहा है।

## ऑटो-रिक्शा चालक ने आर्थिक तंगी के चलते कर ली आत्महत्या

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कथित तौर पर वित्तीय संकट से जूझ रहे एक ऑटो-रिक्शा चालक ने नारायणगुडा स्थित अपने आवास पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार नारायणगुड़ा के विट्ठलवाड़ी निवासी डी. कोटेश्वर (50) अपने परिवार के साथ रहते थे और ऑटो रिक्शा चलाकर जीविकोपार्जन करते थे। पिछले कुछ महीनों से कोटेश्वर आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और कथित तौर पर अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ था। 10 जून को जब उसके परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे, तो उसने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया और घर पर ही बेहोश हो गया। जब परिवार वापस लौटा, तो उन्होंने उसे बेहोश पाया और उसे उस्मानिया जनरल अस्पताल ले गए, जहां उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। हालांकि शनिवार सुबह कोटेश्वर की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चेर्लापल्ली और तिरुपति के बीच विशेष ट्रेनें जारी रहेंगी

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त यात्री भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) चेर्लापल्ली और तिरुपति के बीच विशेष ट्रेनें चलाना जारी रखेगा। तदनुसार, चेर्लापल्ली-तिरुपति (07017) ट्रेन 4 से 27 जुलाई के बीच चलेगी, तिरुपति-चेर्लापल्ली (07018) 5 से 28 जुलाई के बीच चलेगी, चेर्लापल्ली-तिरुपति (07251) 2 से 30 जुलाई के बीच चलेगी और तिरुपति-चेर्लापल्ली (07252) 3 से 31 जुलाई के बीच चलेगी। एससीआर अधिकारियों ने बताया कि इन ट्रेनों में 1एसी, 2एसी, 3एसी, स्लीपर और सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे होंगे।

# बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखते ही छा गईं दिशा पाटनी, 10 साल के करियर में कीं 12 फिल्में



दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी खूबसूरती की वजह से छाई रहती हैं। इसके अलावा उनका फिल्मी करियर भी शानदार रहा है। लगभग 10 वर्षों से सिनेमाई दुनिया में अभिनेत्री अपने अभिनय का जादू बिखेर रही हैं। आज 13 जून को एक्ट्रेस अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर हम जानेंगे उनके फिल्मी करियर के बारे में।

**तेलुगु फिल्म से रखा फिल्मी दुनिया में कदम**

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने सिनेमाई करियर की शुरुआत साल 2015 में एक तेलुगु फिल्म 'लोफर' से की थी। इस फिल्म का निर्देशन पुरी जगन्नाथ द्वारा किया गया था, जिसमें अभिनेत्री ने मौनी का किरदार निभाया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। इस फिल्म में वरुण तेजा भी मुख्य भूमिका में थे। शुरुआती करियर में ही अभिनेत्री को खराब दिनो का सामना करना पड़ा।

**'सरप्राइज' देगी दिशा पाटनी**

'मिस इंदौर का ताज 2013 में पहनने वाली दिशा पाटनी को 2014 में मिल्क चाकलेट के विज्ञापन में मौका मिला। 2015 में तेलुगु फिल्म 'लोफर' से अपने करियर की शुरूआत करने वाली दिशा जब एक बार मुंबई में किसी इवेंट के लिए आई तो उसके आगे मॉडलिंग एवं फिल्मों के ऑफरों का तांता-सा लग गया। बॉलीवुड में 'एम.एस. धोनी - दी अनटोल्ड स्टोरी' में एक छोटा- सा किरदार निभा कर उसने फिल्मी दुनिया में कदम रखे और फिल्मकारों से लेकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

अब तक बॉलीवुड की कई फिल्मों में नजर आ चुकी दिशा की उपलब्धियों में अब और इजाफा होने जा रहा है। दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट की तरह ही वह हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है।

मैक्सिको में हुई फिल्म की शूटिंग वह ऑस्कर विजेता निर्देशक केविन स्पेसी की फिल्म 'होलीगार्ड्स' से हॉलीवुड में अपनी शुरूआत करेगी।

यह सुपरनैचुरल एक्शन-थ्रिलर फिल्म मैक्सिको के डुरैंगो में शूट की गई है और इसमें कई बड़े अंतर्राष्ट्रीय सितारे शामिल हैं । यह फिल्म केविन स्पेसी की 20 साल बाद निर्देशन में वापसी है, जिससे दर्शकों में इसे लेकर खासा उत्साह है।

एक सूत्र ने बताया, दिशा जनवरी में शूटिंग के लिए डुरैंगो गई थी। उसके सीन बेहद शानदार हैं और फैंस को बड़ा सरप्राइज मिलने वाला है ।

दिशा से जब एक इंटरव्यू में पूछा गया था कि हॉलीवुड में उसका फेवरिट एक्शन हीरो कौन है तो उसका कहना था, हॉलीवुड में मेरे फेवरिट एक्शन हीरो जैकी चैन हैं। मुझे उनका काम बहुत पसंद है, खासतौर पर उनकी फिल्में 'रश आवर' और 'ट्विन ड्रैगन' । वह स्टंट करने के लिए अपनी जिंदगी को भी दाव पर लगा देते हैं। मैंने उनके साथ फिल्म 'कुंग फू योगा' में काम किया है और मेरा यह अनुभव काफी अच्छा रहा ।

वह आगे और भी एक्शन फिल्में करना चाहती है, पर उसका कहना था, बेशक एक्शन ही नहीं, एक दिन मैं सुपरहीरो फिल्म में काम करना पसंद करूंगी,'वंडर वूमन' की तरह। मुझे एक्शन थ्रिलर फिल्में देखना बहुत पसंद है।

**फिल्मी करियर**

'एम. एस. धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी' से बॉलीवुड में कदम रखने के बाद वह 'कुंग फू योगा', 'बागी 2', 'भारत', 'मलंग', 'कल्कि 2898 ए.डी.' और 'कंगुवा' जैसी बड़ी फिल्मों में दिख चुकी है। उसकी अगली फिल्म 'वैल्कम टू जंगल' जल्द रिलीज होगी।

**बरेली से बॉलीवुड का सफर**

दिशा उत्तर प्रदेश के बरेली से है। उसके पिता पुलिस अधिकारी और बड़ी बहन खुशबू भारतीय सेना में बतौर अफसर काम कर चुकी है। बॉलीवुड से आगे हॉलीवुड : बायोटैक से एक्टिंग तक दिशा ने शुरूआत में बायोटेक्नोलॉजी में करियर बनाने सोची थी, लेकिन ऑडिशन देने के दौरान उसे एक्टिंग से लगाव हो गया। उसने कहा, "सीन तैयार करते समय मुझे इसमें मजा आने लगा। यह प्लान नहीं था, लेकिन मैं खुश हूं कि मैंने यह रास्ता चुना और मेरा परिवार हमेशा मेरे साथ खड़ा रहा।"

**बचपन से ही सिखाई गई आत्मनिर्भरता**

दिशा ने बताया कि उसके पिता ने उसे और उसकी बहन को हमेशा मजबूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उसने कहा, "हमने गाड़ियां धकेली हैं, बैटरी बदली हैं... ये सब इसलिए कि हम किसी पर निर्भर न रहें। यह सोच आज भी मेरे अंदर है।" इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाना आसान नहीं था

बॉलीवुड जैसी प्रतिस्पर्धी दुनिया में खुद के लिए खड़ा होना सीखना दिशा के लिए आसान नहीं था। उसने सांझा किया, "कई साल लगे खुद को सुनने में और दूसरों की बातों से खुद को अलग करने में। अंत में खुद से सवाल करना जरूरी होता है।

**मजबूत महिला किरदारों की जरूरत पर जोर**

किरदारों के चयन को लेकर दिशा ने कहा, "मैं हमेशा ऐसे रोल को चुनती हूं जिसमें परतें हों। मुझे मजबूत महिलाओं के किरदार निभाना पसंद है क्योंकि महिलाएं वास्तव में मजबूत होती हैं। बस उन्हें स्क्रीन पर सही तरीके से दिखाना चाहिए।" फिल्मों से अलग दिशा का सादा जीवन फिल्मी चकाचौंध से दूर दिशा को अपने पैट्स (पालतू जानवरों) और एनीमे (जापानीकार्टून) से खास लगाव है। उसने कहा, जब मैं घर पैट्स मुझे जो प्यार देते हैं, वे इंसान भी नहीं दे सकते। और मुझे एनीमे बेहद पसंद है, उनके किरदारों और कहानियों में एक खास गहराई होती है।

# बोल्डनेस के लिए हमेशा तैयार हूं मैं : शुभांगी अत्रे



लोकप्रिय धारावाहिक'भाभीजी घर पर हैं में अंगूरी भाभी की भूमिका से देश भर में लोकप्रियता पाने वाली मशहूर अभिनेत्री शुभ का कहना है कि वह डिजिटल स्पेस यानी ओ.टी. टी. में क्षेत्र में कदम रखने के लिए उत्सुक है लेकिन उसकी मौजूदा प्रतिबद्धताएं उसे टैलीविजन तक ही सीमित रखती हैं ।

उसने कहा, मुझे ओ.टी. टी. के कई ऑफर मिले हैं और दिलचस्प बात है कि वे सभी थ्रिलर थे, लेकिन मैं अपने चल रहे टी.वी. शो के प्रति समर्पण के कारण उन्हें स्वीकार नहीं कर सकी।

मनोरंजन उद्योग में लगभग 18 साल बिता चुकी शुभांगी ने कहा कि नए प्लेटफॉर्म तलाशने की इच्छा प्रबल है। उसने कहा, "भाभीजी ने मुझे सब कुछ दिया है - नाम, शोहरत, प्यार - लेकिन मैं एक ओ.टी. टी. सीरीज करना पसंद करूंगी, कुछ ऐसा, जिसे मैं अपने टी.वी. काम के साथ संतुलित कर सकूं। उसने आगे कहा, "पिछले कुछ सालों में ओ.टी. टी. काफी बढ़ गया है और टी.वी. कलाकारों को अब डिजिटल और फिल्म दोनों प्लेटफॉर्मों पर अच्छे प्रोजैक्ट ऑफर किए जा रहे हैं।

इंडस्ट्री के बदलते समीकरणों पर विचार करते हुए, वह कहती है, "एक समय था, जब टी.वी. कलाकारों को बॉलीवुड सितारों से एक पायदान नीचे देखा जाता था लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। अब बड़े फिल्म सितारे भी टी.वी. में कदम रख रहे हैं, इसलिए हां, मैं नए माध्यमों को तलाशने के लिए उत्सुक हूं।

हालांकि, वह यह स्पष्ट करने में देर नहीं लगाती कि वह अपने टी.वी. करियर से सीमित महसूस नहीं करती। वह कहती है, "मैं बिल्कुल भी अटकी हुई महसूस नहीं करती लेकिन एक कलाकार के तौर पर, मैं हमेशा सीमाओं से आगे बढ़ कर कुछ करने की कोशिश करती हूं। मेरा विश्वास करें, कॉमेडी कोई आसान काम नहीं है । यह केवल दर्शकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के बारे में नहीं है - मुझे अपनी खुद की अपेक्षाओं को भी पूरा करना है। पंचलाइन, टाइमिंग, हाव-भाव को सही तरीके से पेश करने के लिए असली कौशल की जरूरत होती है ।

उसका मानना है कि सही प्लानिंग के साथ टैलीविजन और ओ.टी. टी. के काम को एक साथ करना संभव है, यह सब समय प्रबंधन के बारे में है। उसने कहा, मैं एक सिंगल मदर और मेरी बेटी अब विदेश में बस गई है, इसलिए मेरा पूरा ध्यान काम पर है।

ओ.टी. टी. पर फैली बोल्डनैस के बारे में उसका क्या ख्याल है, पर वह मुस्कुराते हुए कहती है, "मुझे बोल्ड सीन करने में कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते वे सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक हों। मैं नहीं चाहती कि वे सस्ते या अश्लील लगें।

मैं बोल्डनैस के लिए तैयार हूं, बशर्ते यह अच्छा लगे और स्क्रिप्ट की मांग के अनुरूप हो। अगर इसे शानदार और कलात्मक तरीके से शूट किया गया है, तो मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। ओ.टी. टी. समाज को जिस नजरिए से दर्शाता है, वैसा कोई अन्य प्लेटफॉर्म नहीं दर्शाता ।

# मेरे लिए यह किरदार एक सपने जैसा : खुशी भारद्वाज



वैब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' के बहुप्रतीक्षित चौथे सीजन 'क्रिमिनल जस्टिस ए फैमिली मैटर' ने अपने हालिया प्रीमियर के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित किया है और इसमें खुशी भारद्वाज की बेहतरीन अभिनय के लिए तारीफ हो रही है। उसने इसमें इरा की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है, जो सुरवीन चावला और मोहम्मद जीशान अयूब द्वारा निभाए गए किरदारों की बेटी है और हत्या प्रमुख संदिग्ध है। उसके चित्रण को विशेष रूप से आकर्षक बनाने वाली बात इरा का 'एस्परगर सिंड्रोम' से संघर्ष है।

इस किरदार को निभाने के बारे में खुशी ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, इस किरदार को निभाना एक सपने जैसा लगा ! ऐसी सफल फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनना अविश्वसनीय था। इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक के साथ काम करना सम्मान की बात थी । ईमानदारी से कहूं तो, हम इस भूमिका के लिए ऑडिशन देने को लेकर थोड़े अनिश्चित थे, खासकर तब, जब मेरी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं उसी समय हो रही थीं, लेकिन हमने इसके लिए हामी भर दी ! मैंने इरा की स्थिति (एस्परगर सिंड्रोम) के बारे में बहुत सारे वीडियो देखे और इसे प्रामाणिक रूप से चित्रित करने की पूरी कोशिश की ।

**'अरेंज मैरिज' करना चाहती है नुसरत भरूचा**

छोटे पर्दे और साऊथ के बाद बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा रही नुसरत भरूचा ने करियर की शुरूआत छोटे पर्दे से की थी। नुसरत का जन्म प्रयागराज (इलाहाबाद) में हुआ था। वह आज भले ही किसी परिचय की मोहताज न हो, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। फिल्म 'प्यार का पंचनामा' से मायानगरी में शोहरत हासिल करने वाली नुसरत का नाम टॉप अभिनेत्रियों में शामिल हो चुका है।

एक शर्त से टूट जाती है शादी

नुसरत पर शादी का काफी दबाव है। उसने खुलासा किया कि कैसे अरेंज मैरिज के लिए उसे लड़के देखने आते थे। इंटरव्यू में उसने कहा, मैं हाल ही में अपनी दादी से मिलने गई और उन्होंने मुझसे शादी करने को कहा ... वह बोली तुम्हारे मां-बाप बूढ़े हो रहे हैं, तेरा ख्याल कौन रखेगा ? शादी कर ले। मैं अपने परिवार से कहती हूं कि लड़का मिल जाएगा तो मैं शादी कर लूंगी।

मैं खुद अरेंज मैरिज करना चाहती हूं, मैंने मां के बताए कई लड़कों से मुलाकात की है। बिना लड़के की फोटो देखे शादी के लिए मिलती हूं... लोग दहेज की मांग करते हैं लेकिन मेरे साथ उल्टा था, लड़के मुझसे शादी करने के लिए एक्टिंग छोड़ने को कहते हैं। इस वजह से मुझे उन्हें इंकार करना पड़ता है।

## तलाक के बाद भी संजय कपूर ने खूब निभाया पिता का फर्ज

### बच्चों के लिए खरीदे थे 14 करोड़ के बॉन्ड,एक्स पत्नी करिश्मा के नाम कर दिया था पिता का घर



बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के एक्स पति संजय कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। 12 जून को उनका हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। करिश्मा ने संजय से साल 2003 में शादी की थी और फिर दो बच्चों- बेटे कियान और बेटी समायरा के पैरेंट्स बने।

बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के एक्स पति संजय कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। 12 जून को उनका हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया।

करिश्मा ने संजय से साल 2003 में शादी की थी और फिर दो बच्चों- बेटे कियान और बेटी समायरा के पैरेंट्स बने लेकिन दोनों के बीच ही चीजें ठीक नहीं थीं जिनका खुलासा तब हुआ, जब करिश्मा ने संजय से तलाक की अर्जी कोर्ट में दी। तलाक के बाद भी संजय कपूर ने पिता का पूरा फर्ज निभाया था।

चाहे कोई त्योहार हो या फिर कहीं हॉलीवुड, संजय के साथ ये पूरा परिवार हमेशा नजर आया करता था। समायरा का 18वां बर्थडे संजय ने अपने चारों बच्चों और पत्नी के साथ मनाया था। इस मौके पर करिश्मा कपूर भी उनके साथ नजर आई थीं।

**बच्चों के नाम खरीदे थे 14 करोड़ के बॉन्ड**

तलाक के समय संजय कपूर ने ने दोनों बच्चों के लिए 14 करोड़ के बॉन्ड खरीदे थे जिस पर हर महीने 10 लाख का ब्याज मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने करिश्मा को अपने पिता का भी घर दे दिया था।

**करिश्मा को दी थी 70 करोड़ की एलिमनी**

पहले करिश्मा और संजय कपूर आपसी समझौते से तलाक लेने वाले थे, लेकिन बाद में आरोप-प्रत्यारोप के कारण चीजें इस कदर बिगड़ गईं कि पब्लिकली एक-दूसरे की खूब छीछालेदर की।

बात एलिमनी तक आ गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संजय कपूर ने तलाक के बाद करिश्मा को 70 करोड़ रुपये की एलिमनी दी थी।

बात जब बच्चों की कस्टडी की आई, तो कोर्ट ने यह करिश्मा को दे दी, वहीं संजय को परमिशन दी थी कि वह दोनों बच्चों से मिल सकते हैं।

बता दें कि संजय कपूर ने करिश्मा से तलाक के बाद साल 2017 में प्रिया सचदेव से शादी की थी। संजय अक्सर अपने सभी बच्चों के साथ फैमिली टाइम बिताया करते थे।

प्रिया सचदेव को पहली शादी से एक बेटी सफाइरा थी और संजय से उन्हें एक बेटा हुआ जिसका नाम अजारियस रखा। इस तरह संजय ने चारों बच्चों के पिता होने का फर्ज खूब निभाया।

# क्या दीपिका पादुकोण के बाद अल्लू अर्जुन का संदीप वांगा रेड्डी की फिल्म से पत्ता साफ!

## जूनियर एनटीआर लेंगे जगह!

साउथ स्टार अल्लू अर्जुन से जुड़ी एक चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स दावा कर रही हैं कि अल्लू अर्जुन डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी की अपकमिंग मूवी से निकाल दिए गए हैं। ये फिल्म भी फिलहाल रोक दी गई है जिसे अल्लू अर्जुन ने पिछले साल साइन किया था। इससे पहले संदीप की फिल्म से दीपिका पादुकोण को भी निकाला गया था।



एक रिपोर्ट के मुताबिक अल्लू अर्जुन ने पिछले साल 'एनिमल' डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के साथ एक फिल्म साइन की थी। हालांकि, अब अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि फिल्म को रोक दिया गया है और अल्लू अर्जुन को इससे हटा दिया गया है हालांकि, अभी तक इसको लेकर कोई भी ऑफिशियल स्टेटमेंट सामने नहीं आया है।

**जूनियर एनटीआर को किया जाएगा कास्ट**

रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया है कि अल्लू अर्जुन की जगह जूनियर एनटीआर को इस फिल्म में बतौर हीरो कास्ट किया जा सकता है। अल्लू अर्जुन और जूनियर एनटीआर ने 'आरआरआर' फिल्म में साथ काम किया था जिसे एसएस राजामौली ने डायरेक्ट किया था।

**दीपिका को किया था बाहर!**

दिलचस्प बात ये है कि ये घटना कुछ हफ्ते पहले ही हुई है, जब संदीप रेड्डी वांगा ने दीपिका पादुकोण को प्रभास की 'स्पिरिट' से बाहर कर दिया दीपिका ने 8 घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस और फिल्म के मुनाफे में हिस्सेदारी जैसी मांग की थी जो संदीप को पसंद नहीं आई। इसके बाद संदीप ने X पर एक पोस्ट लिखा था। इसमें किसी का नाम नहीं था, लेकिन उन्होंने एक हीरोइन पर 'गंदे पीआर गेम' और 'स्पिरिट' की कहानी लीक करने का आरोप लगाया था।

अल्लू अर्जुन की बात करें तो वो जल्द ही एटली की फिल्म में नजर आएंगे और इसमें दीपिका पादुकोण हैं। फिल्म का नाम फिलहाल AA22xA6 है। अल्लू अर्जुन इसमें डबल रोल में नजर आएंगे। ये 2025 के मध्य में फ्लोर पर आएगी और 2026 में रिलीज होगी।

# अभी खतरा टला नहीं, 2 दिन बाद राहु और चंद्रमा मिलकर बना रहे खतरनाक योग





अहमदाबाद विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है लेकिन अभी खतरा टला नहीं है। अभी 2 दिन बाद यानी 16 जून को चंद्रमा कुंभ राशि में संचार करने वाले हैं, जहां पहले से ही छाया ग्रह राहु विराजमान हैं। जब चंद्रमा और राहु एक राशि में आते हैं, तब ग्रहण योग बनता है, इस तरह कुंभ राशि में बन रहा ग्रहण योग 18 साल बाद बन रहा है। ग्रहण योग की वजह से 4 राशियों को पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रहण योग की वजह से इन राशियों के लोग सेहत, आग, खान-पान, कामकाज आदि समेत कई चीजों का विशेष ध्यान रखें।

वैदिक ज्योतिष में ग्रह और खगोलीय पिंड समय-समय पर अपनी स्थिति बदलते रहते हैं। ग्रह एक निश्चित अवधि के बाद नई राशि में प्रवेश करते हैं और कुछ शुभ-अशुभ योग बनाते हैं। इनका प्रभाव सभी 12 राशियों, मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं, देश और दुनिया पर देखा जा सकता है। 16 जून 2025 को राहु और चंद्रमा कुंभ राशि में युति से ग्रहण योग बन रहा है और यह योग 18 जून तक शाम 6 बजकर 35 मिनट तक रहेगा, इसके बाद चंद्रमा मीन राशि में चले जाएंगे और इस योग का अशुभ प्रभाव भी खत्म हो जाएगा। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, चंद्रमा लोगों के मन और भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि राहु एक छाया ग्रह है, जो भ्रम और उलझन से जुड़ा होता है। ये दोनों ग्रह विशेष ग्रह स्थिति के तहत मिलकर विशेष ग्रहण दोष का निर्माण करते हैं।

राहु और चंद्रमा की युति कुंडली में चंद्र ग्रहण का प्रतिनिधित्व करती है और इस समयावधि के दौरान मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रभाव डाल सकती है।

ग्रहण दोष 2025 कर्क राशि वालों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। चंद्रमा का गोचर आपकी कुंडली के 8वें भाव में युति बनने के कारण इस समय मानसिक तनाव हो सकता है। इस दौरान सेहत का विशेष ध्यान रखें और बेहतरीन स्वास्थ्य दिनचर्या का पालन अवश्य करें। इस समय सावधानी से गाड़ी चलाएं और अनावश्यक खर्चों से बचें। परिवार में बहसबाजी की आशंका बनी रहती है, इसलिए परिवार के सदस्यों से बुरी बातें करने से बचें। इस राशि के नौकरी पेशा जातक अपने काम पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी तरह के विवाद से दूर रहें। बेहतर होगी 3 दिन तक आप ऑफिस में किसी से कुछ ना बोलें और अपने काम पर ध्यान दें।

राहु और चंद्रमा के युति से बन रहा ग्रहण योग धनु राशि वालों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। धनु राशि वाले 16 जून से लेकर 18 जून तक विवाद और आग से दूर रहें अन्यथा परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अवधि में आपको किसी गुप्त बीमारी से परेशानी हो सकती है, इसलिए स्वास्थ्य समस्या को गंभीरता से लें। जीवनसाथी के साथ कुछ मामलों पर तनाव हो सकता है। मानसिक चिंता बढ़ने की संभावना है, इसलिए समस्याओं को शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। बिजनस करने वालों को इस अवधि में किसी को भी उधारी में माल देने से बचें अन्यथा आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

ग्रहण दोष 2025 कुंभ राशि वालों के लिए अशुभ साबित हो सकता है क्योंकि यह योग आपकी राशि के लग्न भाव में ही बन रहा है। आपकी राशि में ग्रहण योग के बनने से कुंभ राशि वालों की पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस समय करियर और कार्य जीवन में समस्याएं आ सकती हैं।

आपके प्रयासों की वरिष्ठों या सहकर्मियों द्वारा सराहना नहीं की जाएगी और सफलता के लिए दूसरों से अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। कुंभ राशि वालों की जीवनसाथी के साथ विवाद होने की आशंका बन रही है, इसलिए मामलों को शांतिपूर्वक संभालने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से बचें, अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता है। पार्टनरशिप के काम में आपको विरोध का सामना करना पड़ सकता है। 3 दिन निवेश करने से बचें और सोच-समझकर निर्णय लेने की सलाह दी जाती है।

ग्रहण दोष 2025 मीन राशि वालों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। कुंडली के 12वें भाव में राहु की स्थिति के कारण मीन राशि वालों को आर्थिक नुकसान होने की आशंका बन रही है। चंद्रमा भी इसके साथ स्थित हैं, इसलिए इस अवधि में यात्रा के योग बन रहे हैं। यात्रा के दौरान अपने स्वास्थ्य और सामान का ध्यान रखें। अगर आप व्यापारिक यात्रा पर जा रहे हैं तो जल्दबाजी में कोई सौदा ना करें। सलाह दी जाती है कि अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें और परिवार और कार्यस्थल पर टकराव से बचें। नौकरीपेशा जातकों को ऑफिस में तनाव मिलने की आशंका बन रही है और अधिकारियों द्वारा आपकी मेहनत को नजरअंदाज किया जा सकता है। आपके खिलाफ झूठे आरोप लग सकते हैं और शनि की साढ़ेसाती भी चल रही होगी।

# भीष्म पितामह की पांडवों को सीख

## पांडवों के साथ श्रीकृष्ण थे फिर भी उनके जीवन में दुख आते रहे दुखों से डरे नहीं, बल्कि उनका सामना किया



जीवन परिवर्तनशील है और सुख-दुख का आना-जाना लगा रहता है। ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है, जिसके जीवन में कठिनाइयां नहीं आती हैं। मुश्किल समय में भी सकारात्मक रहना चाहिए, खुद पर और भगवान पर भरोसा रखना चाहिए, तब परिस्थितियों से लड़ने का साहस बना रहता है। ये बात महाभारत के भीष्म पितामह और पांडवों से जुड़े प्रसंग से समझ सकते हैं...

महाभारत का युद्ध समाप्त हो चुका था। भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर थे, इच्छामृत्यु के वरदान की वजह से वे जीवित थे। एक दिन जब श्रीकृष्ण पांडवों को लेकर भीष्म के पास पहुंचे, तब सभी ने देखा कि पितामह की आंखों में आंसू हैं।

ये देखकर पांडवों आश्चर्य हुआ। युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से पूछा कि हे माधव! ये वही भीष्म हैं जो ब्रह्मचारी हैं, जिनका जीवन तपस्या से परिपूर्ण है, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। फिर ये अंतिम समय में रो क्यों रहे हैं?

**श्रीकृष्ण बोले कि इस प्रश्न का उत्तर पितामह स्वयं तुम्हें देंगे।**

ये बातें सुनकर भीष्म ने कहा कि मेरी आंखें मृत्यु के भय से नहीं, बल्कि श्रीकृष्ण की लीला देखकर भीग गई हैं। मैं यह सोचकर विचलित हो गया हूं कि जिन पांडवों के रक्षक स्वयं भगवान श्रीकृष्ण हैं, उनके जीवन में भी एक के बाद एक कई विपत्तियां आती गईं। भगवान का साथ होने का अर्थ ये नहीं है कि जीवन में दुख नहीं आएंगे, बल्कि इसका अर्थ ये है कि भगवान का साथ हो तो दुखों से लड़ने की शक्ति मिलती रहती है। हम साहस के साथ परेशानियों का सामना कर पाते हैं।

### भीष्म पितामह की सीख

दुख जीवन का हिस्सा हैं, इन्हें सकारात्मकता के साथ स्वीकारें - आस्था या भक्ति का मतलब ये नहीं है कि जीवन में संकट नहीं आएंगे। बल्कि भक्ति हमें उन्हें सहने और पार करने की शक्ति देती है। इसलिए दुखों के लिए भी सकारात्मक सोच रखें और उनका सामना करें, समस्याओं से भागे नहीं।

**दूसरों को बदलने की अपेक्षा खुद को मजबूत बनाएं** - जब हम भगवान से ये अपेक्षा करते हैं कि हालात और दूसरे लोग हमारे अनुकूल हो जाए तो इस सोच की वजह से हम कमजोर हो जाते हैं। लेकिन जब हम खुद को मजबूत करते हैं, तब हम हर परेशानी का सामना साहस के साथ कर पाते हैं।

**भक्ति करते हुए समस्याओं का सामना करें** - सच्ची भक्ति साहस देती है। भीष्म जानते थे कि श्रीकृष्ण का साथ होने पर भी पांडवों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने डटकर उनका सामना किया, क्योंकि उनके पास भक्ति और श्रीकृष्ण का साथ था। हमें भी भक्ति करते हुए समस्याओं का सामना करना चाहिए।

## दुख की वजह है अपेक्षा, जब हमारी कोई अपेक्षा पूरी नहीं होती है तो हमें दुख होता है

**जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद जी गिरि के जीवन सूत्र में जानिए संबंधों में दूरियां कब बढ़ जाती हैं?**

हम संबंधों के जगत में रहते हैं, इसलिए ये स्वाभाविक है कि हम अपनों से अपेक्षा भी रखते हैं। अपेक्षा दुख की जननी है, जब कोई अपेक्षा पूरी नहीं होती है तो हमें दुख होता है। हम सोचते हैं कि हमारी सभी इच्छाएं हमारे संबंधियों से पूरी होंगी, लेकिन ये हमारा अज्ञान ही है, क्योंकि उनकी शक्तियां सीमित हैं और संबंधियों से अधिक पाना चाहते हैं। अपनों से हमारी जो अपेक्षाएं हैं, जो बड़ी कठिन हैं, हमें उन अपेक्षाओं को कम करना चाहिए।

# रविवार को भूलकर भी न करें इन वस्तुओं का दान



भगवान भास्कर की पूजा और व्रत का है। रविवार के दिन सूर्य देव की पूजा करते हैं और उनको जल से अर्घ्य देते हैं, इससे कुंडली का सूर्य दोष मिटता है। सूर्य के प्रबल होने से नौकरी में सफलता मिलती है, यश और कीर्ति बढ़ती है। पिता का सहयोग प्राप्त होता है। जिनका सूर्य उच्च का होता है, उनको राजनीति में बड़ा पद प्राप्त होता है। अपने जीवन में वे राजा के समान व्यवहार करते है। सूर्य को मजबूत करने के लिए रविवार के दिन लोग दान करते हैं। दान करने से भी लाभ होता है। लेकिन कुछ वस्तुएं ऐसी हैं, जो रविवार के दिन दान नहीं करना चाहिए। यदि उन वस्तुओं का दान रविवार को करते हैं तो नुकसान होने की आशंका होती है। आइए जानते हैं कि रविवार को क्या न दान करें?

**रविवार को क्या दान न करें?**

रविवार का दिन सूर्य देव का है। रविवार के दिन लोहा या लोहे से बनी कोई वस्तु का दान नहीं करना चाहिए। लोहा शनि से जुड़ा हुआ है। यदि आप रविवार को लोहा दान करते हैं तो आपके पद और प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है, आपके नेतृत्व में जो कार्य हो रहे होंगे, उसमें विघ्न और बाधाएं आ सकती हैं। लोहा दान करने से राजकीय हानि भी हो सकती है। इस वजह से रविवार को लोहे का दान नहीं करते हैं।

रविवार के दिन नमक का दान नहीं करना चाहिए। जो लोग रविवार का व्रत करते हैं, उनको पता होगा कि इस व्रत में नमक का सेवन नहीं करते हैं। मान्यताओं के अनुसार नमक जीवन में स्थायित्व का प्रतीक माना जाता है। यदि आप रविवार को नमक दान करते हैं तो स्थिरता में कमी आ सकती है। आपके जीवन में विवाद और तनाव बढ़ सकते हैं।

रविवार के दिन काले रंग की वस्तुओं और कपड़ों का दान नहीं करना चाहिए। काला रंग शनि देव से जुड़ा है। शनि देव सूर्य देव के पुत्र हैं, लेकिन पिता और पुत्र में 36 का आंकड़ा है। इस वजह से रविवार को काले रंग के कपड़े और काले अन्न का दान नहीं करना चाहिए। यह रंग राहु का भी है। राहु और शनि के कारण आपके जीवन में नकारात्मकता बढ़ सकती है।

रविवार को तेल और सरसों से बनी वस्तुओं का दान नहीं करना चाहिए। तेल का संबंध शनि देव से है। अगर शनिवार को सरसों के तेल का दान करते हैं तो शनि और सूर्य में टकराव की स्थिति बन सकती है। इससे आपका भाग्य खराब हो सकता है और आप बीमार भी पड़ सकते हैं।

5. रविवार के दिन बासी भोजन या खराब खाना किसी को दान न करें। इससे सूर्य दोष लगता है।

# आज मिथुन संक्रांति, इस दिन सिलबट्टे की क्यों करते हैं पूजा?



मिथुन संक्रांति 15 जून रविवार को है। सूर्य देव जिस समय मिथुन राशि में गोचर करते हैं, उस समय मिथुन संक्रांति होती है। मिथुन संक्रांति के दिन स्नान, दान, पूजा, पाठ का विशेष महत्व होता है। इस बार मिथुन संक्रांति के दिन इंद्र योग और श्रवण नक्षत्र है। मिथुन संक्रांति से सौर कैलेंडर का नया माह प्रारंभ होता है।

मिथुन संक्रांति के दिन स्नान करने के बाद भगवान सूर्य की पूजा करनी चाहिए। सूर्य देव को जल से अर्घ्य देना चाहिए। इससे सूर्य का शुभ प्रभाव आपके जीवन पर पड़ेगा। पूजा के बाद सूर्य देव से जुड़ी वस्तुओं का दान करना चाहिए। मिथुन संक्रांति पर सिलबट्टे की पूजा का भी विधान है। आइए जानते हैं कि मिथुन संक्रांति पर सिलबट्टे की पूजा क्यों करते हैं? मिथुन संक्रांति का मुहूर्त क्या है?

**मिथुन संक्रांति 2025 मुहूर्त**

मिथुन संक्रांति आषाढ़ कृष्ण चतुर्थी तिथि को है। 15 जून को सुबह 6 बजकर 53 मिनट पर सूर्य देव मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे, उस क्षण ही मिथुन संक्रांति होगी। मिथुन संक्रांति का महा पुण्य काल सुबह 6 बजकर 53 मिनट से सुबह 9 बजकर 12 मिनट तक है। इसका पुण्य काल सुबह 6 बजकर 53 मिनट से दोपहर 2 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। इस दिन का ब्रह्म मुहूर्त 04:03 ए एम से 04:43 ए एम तक है, वहीं अभिजीत मुहूर्त 11:54 ए एम से 12:50 पी एम तक है।

हर साल मिथुन संक्रांति के दिन सिलबट्टे की पूजा करते हैं। उस दिन से लेकर अगले 4 दिनों तक सिलबट्टे का उपयोग नहीं किया जाता है। उसे एक ही स्थान पर स्थिर रखा जाता है।

इस दिन सिलबट्टे को भूमिदेवी यानि धरती माता का स्वरूप माना जाता है। मान्यता है कि मिथुन संक्रांति के दिन से धरती माता रजस्वला रहती हैं। मिथुन संक्रांति से लेकर अगले चार दिनों तक यानि 15 जून से लेकर 18 जून तक धरती माता रजस्वला रहेंगी, इस वजह से सिलबट्टे की पूजा की जाएगी और उसका घर के किसी कार्य में उपयोग नहीं होगा।

जिस प्रकार से सभी महिलाओं में मासिक धर्म होता है, वैसे ही धरती माता का मासिक धर्म मिथुन संक्रांति को होता है। मासिक धर्म के कारण मिथुन संक्रांति को रज संक्रांति भी कहते हैं। यह मान्यता है कि मिथुन संक्रांति से अगले 4 दिन तक धरती माता स्वयं को मानसून के लिए तैयार करती हैं ताकि अगली फसल अच्छी हो।

सिलबट्टे की पूजा कैसे करते हैं?

मिथुन संक्रांति के दिन सिलबट्टे की पूजा करने से पूर्व साफ पानी और दूध से उसका अभिषेक करते हैं। इस प्रक्रिया को वसुमति गढ़वा कहा जाता है। उसके बाद अक्षत, चंदन, सिंदूर, फूल, फल, धूप, दीप आदि से सिलबट्टे की पूजा करते हैं।

# सही दिशा में किचन, फिर भी क्यों गिर रहा था वज़न?



आजकल लोग घर बनाते समय वास्तु की सलाह ज़रूर लेते हैं। खासकर जब बात किचन की आती है, तो लोग साउथ-ईस्ट या अग्निकोण को सबसे सही दिशा मानते हैं। वास्तु में यह दिशा ऊर्जा और अग्नि से जुड़ी मानी जाती है, इसलिए यहां किचन बनाना शुभ कहा गया है। लेकिन जब लोग इस दिशा में किचन बनाते हैं, तो कई बार कुछ आम गलतियां हो जाती हैं, जिनका असर सीधा सेहत और घर के माहौल पर पड़ सकता है।

**किचन की दिशा सही, लेकिन ज़ोन गलत**

हाल ही में एक केस सामने आया जिसमें एक परिवार को लगातार थकावट और शरीर में कमजोरी महसूस हो रही थी। घर का मालिक खाने-पीने का बहुत ध्यान रखता था, लेकिन फिर भी उसका वज़न लगातार घट रहा था। जांच करने पर पता चला कि घर में किचन तो सही दिशा में था, लेकिन पैंट्री यानी खाने-पीने का सामान स्टोर करने



की जगह साउथ-साउथ-वेस्ट ज़ोन में बनाई गई थी। यही असली परेशानी की जड़ थी।

साउथ-साउथ-वेस्ट का इलाका शरीर की स्थिरता, मज़बूती और आत्मबल से जुड़ा माना जाता है। जब इस हिस्से में खाना या अनाज स्टोर किया जाता है, तो वह ऊर्जा गड़बड़ हो जाती है और उसका असर शरीर पर दिखने लगता है। खाने की ताकत शरीर तक पहुंच ही नहीं पाती, चाहे आप कितना भी अच्छा खाना क्यों न खा लें।

**आर्किटेक्ट्स और वास्तु सलाहकार भी करते हैं यह गलती**

बड़े घरों में जब किचन का साइज बड़ा होता है, तब पैंट्री या स्टोरेज को ज़्यादा जगह की ज़रूरत होती है। ऐसे में कई बार आर्किटेक्ट या डिजाइनर इसे साउथ-साउथ-वेस्ट में शिफ्ट कर देते हैं, ताकि किचन का फ्रंट हिस्सा साउथ या साउथ-ईस्ट में बना रहे। लेकिन यह समझदारी नहीं, बल्कि नुकसान की वजह बन जाती है।

**सही उपाय क्या है?**

अगर आप साउथ या साउथ-ईस्ट में किचन बना रहे हैं, तो इस बात का खास ध्यान रखें कि स्टोरेज या पैंट्री कभी भी साउथ-साउथ-वेस्ट में न जाए। इसके लिए वेस्ट, नॉर्थ-वेस्ट या ईस्ट ज़ोन को चुना जा सकता है। यहां खाने का सामान स्टोर करने से उसकी ऊर्जा बनी रहती है और शरीर को उसका पूरा फायदा मिलता है।

# रात को सिरहाने घड़ी रखना ठीक या गलत?

**घड़ी का वास्तु में क्या महत्व है?**

वास्तु शास्त्र के अनुसार घड़ी का स्थान बहुत मायने रखता है। यह सिर्फ समय की जानकारी नहीं देती बल्कि घर में ऊर्जा का प्रवाह भी तय करती है। सही दिशा में लगी और चालू हालत में रहने वाली घड़ी जीवन में सकारात्मकता लाती है, जबकि रुकी हुई या गलत दिशा में लगी घड़ी नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। यही कारण है कि घड़ी को हमेशा साफ, सही समय पर और सही दिशा में रखना जरूरी होता है।

**बेड के पास घड़ी क्यों नहीं रखनी चाहिए?**

वास्तु के अनुसार बेड के पास घड़ी रखना शुभ नहीं माना गया है। इसका पहला कारण है – 'टिक-टिक' की आवाज। यह आवाज भले ही हल्की हो, लेकिन रात के समय यह दिमाग पर असर डालती है। इससे नींद में खलल हो सकता है, जिससे



अगली सुबह थकान, चिड़चिड़ापन और बेचैनी महसूस हो सकती है। सोते वक्त शांति और स्थिरता का माहौल होना बेहद जरूरी है। इसके अलावा, घड़ी की लगातार चलती सुइयां मानसिक बेचैनी का संकेत देती हैं। यह उस ऊर्जा को दर्शाती है जो बिना रुके चल रही हो – यानी मानसिक दौड़, चिंता और अनावश्यक तनाव। बेड के पास ऐसी चीज़ रखने से मानसिक तनाव और चिंता बढ़ सकती है।

**बेड के सामने या ऊपर घड़ी क्यों नहीं लगानी चाहिए?**

वास्तु के अनुसार बेड के सामने या बेड के ऊपर घड़ी लगाना भी सही नहीं है। ऐसा माना जाता है कि अगर सोते समय व्यक्ति का प्रतिबिंब घड़ी पर पड़ता है तो यह नकारात्मक ऊर्जा को खींचता है। यह वैवाहिक जीवन में अनबन, संवादहीनता या रिश्तों में दूरी की वजह बन सकता है। लगातार घूमती सुइयां यह संकेत देती हैं कि रिश्तों में स्थायित्व की कमी है।

**क्या हो सकते हैं इसके और भी नुकसान?**

-बेड के पास घड़ी रखने से घर में वास्तु दोष पैदा हो सकता है।

-इससे आर्थिक तंगी, खर्चों में अनियंत्रण और धन की रुकावटें आ सकती हैं।

-पारिवारिक तनाव, झगड़े और आपसी मतभेद भी बढ़ सकते हैं।

-मानसिक अवसाद, बेचैनी और अकेलापन महसूस हो सकता है।

**क्या करें?**

अगर बेडरूम में घड़ी लगाना जरूरी हो तो इसे पूर्व दिशा में, दीवार पर और थोड़ी दूरी पर लगाएं। घड़ी हमेशा चलती हुई और समय से ठीक होनी चाहिए। टूटी या रुकी हुई घड़ी घर में कभी न रखें।

# ऐतिहासिक पुल निर्माण की निर्मात्री : माधवी लता



अतुल कुमार

देश के विकास में इंजीनियरों और इंजीनियरिंग की विशेष भूमिका है प्रोग्रेस तेज़ी से तभी होती है जब इंफ्रास्ट्रक्चर मज़बूत और उपलब्ध हो .कई क्षेत्रों मे डेवलपमेंट अधूरा इसलिये है क्यों कि वहां ढांचा गत सुविधाएं मौजूद नहीं हैं दर असल इसका नाता अर्थ व्यवस्था से जुडा है यह इंजीनियरिंग का चमत्कार है कि कई सिंचाई , पेयजल , प्रणाली को लागू कर बांधों ,पुलों का निर्माण किया गया . दुनिया में हर साल सबसे अधिक इंजीनियर भारत बनाता है , जिनकी विदेशों में खासी मांग है . कहा भी गया है कि " जो खुली आंखों से देखे गये ख्वाबों को कल्पना से / ज़मीं पर साकार करता है वही इंजीनियर ,इंजीनियर है // " सोसायटी को नया स्वरूप देने वाले इंजीनियर ही तो हैं जो अपनी कोशिशों से मनचाही फैसिलीटीस मुहैया करवाते हैं .आज चारों ओर जम्मू कश्मीर में चिनाब नदी पर निर्मित विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज की चर्चा है इसकी अद्भुत बनावट , खूबसूरती और भव्यता को देख लोग हैरान और खुश हैं . यह देश का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है जिसकी लंबाई 11.2 कि मी है . जिसकी उम्र 120 साल आंकी गयी है .इसे बनाने का श्रेय प्रोफेसर माधवी लता को है .

माधवी लता ने पुल के डिज़ाइन से ले निर्माण तक अहम भूमिका निभायी और कई सालों से देखे - सोचे सपने को साकर कर लोगों का दिल जीता और देश का गौरव बढाया है . यह आसान काम नहीं था

इसको पूरा करने में इंजीनियरिंग के जिस बेहतरीन कौशल को प्रस्तुत किया उसने रेल पुल निर्माण कार्य का सुनहरा इतिहास लिखा है .पिछले दिनों उन्होंने "इंडियन जियोटेक्नीकल जर्नल के महिला विशेषांक में एक आलेख लिखा जिसका शीर्षक " डिज़ाइन ऐस यू गो : द केस स्टडी आफ चिनाब रेलवे ब्रिज " लिखा जिसमें बीते 17 सालों में पुल के निर्माण में आई चुनौतियों और उनसे मिली सीखों का विस्तार से वर्णन किया .कहा गया है कि " सफलता उन्हीं को मिलती है जो कभी हार नहीं मानते/ संघर्ष जितना बडा होगा ,जीत उतनी ही शानदार होगी // " . माधवी लता ने यही किया .

माधवी लता और उनकी टीम ने जिस शानदार रेल पुल का निर्माण किया है उसमें एफिल टावर से चार ग़ुणा अधिक स्टील लगा है . माधवी ने सस्टेनेबल





साइल स्टेबलाइसेशन ,अर्थ क्वेक इंजीनियरिंग पर गहन रिसर्च किया है ब्रिज को " डिज़ाइन ऐस यू गो " माडल पर तैयार किया . इसका अर्थ है जहां जैसी पहाडियों की स्थिति वहां वैसा डिज़ाइन किया गया है . वह आई आई एस सी बेंगलुरु में सिविल इंजीनियरिंग विभाग की सीनियर प्रोफेसर हैं और चिनाब – रेलवे ब्रिज प्रोजेक्ट में चीफ जियो – टेक्निकल कंसल्टेंट रहीं . सन 2021 में बेस्ट वूमेन जियो टेक्निकल रिसर्चर अवार्ड मिला . भू – तकनीकी इंजीनियरिंग में सर्वश्रेष्ठ महिला शोध कर्ता का पुरस्कार भी उनको मिला . आई आई टी मद्रास से साल 2000 में भू – तकनीक इंजीनियरिंग में डाक्ट्रेट की पढाई पूरी की .भू – तकनीक के क्षेत्र में देश की शीर्ष वैज्ञानिक हैं .

ऐस यू गो दृष्टिकोण के लिहाज़ से हर चुनौती से रियल टाइम के आधार पर निबटा गया जैसे टूटी हुई चट्टानों , छिपी हुई गुहाओं और अलग अलग चट्टान गुणों को देखते हुए डिज़ाइन में रियल टाइम परिवर्तन किये और नवाचार करते हुए उनका समाधान किया . ये टूटी हुई चट्टानें इत्यादि पूर्व में हुए सर्वे में स्पष्ट नहीं थीं .

उनकी जटिल गणना और आकार प्रकार में बदलाव किये गये पुल का डिज़ाइन लगातार विकसित हुआ .चिनाब पुल को हाल के इतिहास में सबसे चुनौती पूर्ण सिविल इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट बताया जा रहा है .

माधवी लता ने जवाहर लाल नेहरु प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय हैदराबाद से सिविल इंजीनियरिंग में बी टेक सन 1992 में पूरा कर डिग्री हासिल की . राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ,वरंगल में भू – तकनीकी इंजीनियरिंग मे एम टेक की उपाधि प्राप्त की जिसमे स्वर्ण पदक प्राप्त किया . आई आई एस सी में फैकल्टी मेंबर बनने के पहले आई आई टी गुवाहाटी में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य किया . उनकी विशेषज्ञता ने ब्रिज के निर्माण कार्य में अभूतपूर्व इंजीनियरिंग की उपलब्धि के नये आयामों को स्थापित किया . 17 साल तक इस परियोजना पर कार्य कर जो कीर्ती गाथा लिखी उसकी सर्वत्र सराहना हो रही है . ऐतिहासिक पलब्धि पर किसी ने खूब लिखा कि " जो थक कर भी ना रुके ,वही बाज़ीगर होता है / जो झुके नहीं मुश्किलों में , वही सिकंदर होता है / सफलता इंतज़ार नहीं करती किसी का / हर पल को पकडना ही असली हुनर होता है // माधवी ने यही किया .

चिनाब ब्रिज प्रोजेक्ट की शुरुआत सन 2005 में हुई . वर्ष 2022 में फुल स्पीड ट्रेनों के सफल ट्रायल रन के साथ पुल का काम पूरा हुआ .नदी तल से 359 मीटर की उंचाई पर बना यह रेल सेतु कटरा और काजीगुंड के बीच दो पहाडियों को जोडता है जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है.

यह 266 कि मी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं को झेल सकता है . ब्रिज दिल्ली के कुतुब मीनार से लगभग 287 मीटर ऊंचा है .यह महत्वाकांक्षी 272 कि मी लंबी उधम पुर – श्रीनगर – बारामुला रेल लिंक रेलवे परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसका उद्देश्य जम्मू – कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से रेल द्वारा जोडना है.जिससे जम्मू – कश्मीर के बागबानी उद्योग को बढावा मिलेगा विशेषकर सेब ( एपल ) उत्पादकों को लाभ मिलेगा जिन्हें अपने सेब देश के अन्य राज्यों में भेजने के लिये सडक परिवहन पर निर्भर रहना पडता .

टूरिस्म को बढावा मिलेगा . ब्रिज निर्माण के पीछे महिला ! माधवी लता ने इस असंभव को संभव बना चमत्कार किया है . इस अनोखे पुल निर्माण को बना तेलुगु भाषी ( बिड्डा ) बेटी ने देश को गौरान्वित किया .

आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव से ताल्लुक रखने वाली प्रो . माधवी लता ने 17 साल की कडी मेहनत और समर्पण से जिस महान गाथा को लिखा वह सिविल इंजीनियरिंग का नायाब नमूना है जो भारतीय इंजीनियरिंग का गोल्डन चैप्टर भी है .

# काव्य कुंज

## उजड़ गया घर संसार



संजुला सिंह
जमशेदपुर

प्रभु ये तेरी मायावी
दुनियां लगे जंजाल,
सफर करे रहे राही को
कैसे निगला काल ।
पल भर में ही उजड़ गया
सब उनका घर संसार,
आस लगा जो चले जा रहे थे
अपने घर और द्वार ।
देख रहा था काल बैठ कर
कब आएगा फ्लाईट पास,
जैसे ही वो पास गया सब
बन गए काल का ग्रास ।
समझ ना पाया कोई एक भी
कैसे लग गई आग ,
चलते - फिरते सारे जन को
क्षण में बना दिया साग ।
देख दृश्य को दहल गई मैं
दिल में उठा तूफ़ान ,
कैसे इतने जन की प्रभु जी
क्षण में चली गई जान ।
सोच दहल दिल जाता मेरा
कैसे करूं बखान ,
ऐसा भी क्या दोष था सबका
जो क्षण में मिटा दी पहचान ?
तुम तो मात-पिता थे सबके
फिर क्यूं बने अंजान ?
क्यूं तुमने ना हाथ बढ़ाया
क्यूं ना बचाई जान ?
मेरी शिकायत है प्रभु तुमसे
ये कैसा तेरा फरमान ?
सफर कर रहे पथिक जनों का
क्यूं पल में मिटा दी पहचान ?

## उपलब्धियाँ



कुमुद बाला,
हैदराबाद

मोदी सरकार के ग्यारह साल ,
बहुत से सपनों को लगे पंख ?
उन सारे अरमानों ने तोड़ा दम,
बजा कर विपक्षियों के शंख।।
हट गया तीन सौ सत्तर,
आज़ाद कश्मीर लगा अब मुस्कुराने
गिरी बाबरी मस्ज़िद ,श्री राम मंदिर में , लगा तिरंगा लहराने
कारगिल और गलवान की घाटी, फिर से लगी खिलखिलाने
जब हमने लिया आतंक का बदला , हर माता लगी दुलराने
जड़ से मिटेगा आतंकवाद,पाकिस्तान लिखेगा नया एक ग्रंथ,
मोदी सरकार के ग्यारह साल , बहुत से सपनों को लगे पंख?
उन सारे अरमानों ने तोड़ा दम , बजा कर विपक्षियों के शंख।।
डिजिटल क्रांति देश में लाकर,किया गया युवाओं को तैयार
ला प्रकाश में नारी शक्ति , बनाया वीरांगनाओं को हुशियार
अग्निवीरों को शामिल कर सेना में,दिया सैनिकों को उपहार
दूर-दराज़ के गाँवों तलक ,करवाया उन्नत शिक्षा का विस्तार
बढ़ी उत्पादकक्षमता भारतकी,हर लक्ष्यपे रखता अपनापंथ,
मोदी सरकार के ग्यारह साल , बहुत से सपनों को लगे पंख ?
उन सारे अरमानों ने तोड़ा दम, बजा कर विपक्षियों के शंख।।
युद्धपोत, पनडुब्बी, जहाज , बन रहे भारत में अपने ब्रम्हास्त्र
कन्याकुमारी से कश्मीर तक,बिछ गया वंदे भारत का रेलतंत्र
चिनाब के ऊपर दौड़ी रेल , सरल हुआ सुरंग का यात्रा संयंत्र
हुई कम दूरी अमर ,बदरी ,केदारनाथ की , गूँज उठा महामंत्र
मिला अवैध बस्तियों से छुटकारा,मिला वरिष्ठ लोगों को कंठ,
मोदी सरकार के ग्यारह साल , बहुत से सपनों को लगे पंख ?
उन सारे अरमानों ने तोड़ा दम , बजा कर विपक्षियों के शंख।।
एलन मस्क की कंपनी भी अब ,कर रही निवेश है भारत में
सैटेलाइट ,रैफेल का उत्पादन कर , बढ़ा है भारत ताकत में
बेहतरीन बैटरियों , यूरेनियम का , निर्यात कर रहा है भारत
उभरा बनकर चौथी अर्थव्यवस्था,अबकम नहीं हिमाकत में
पहचानो नूतन भारत है , संग रखता है अपने यह दंभ-खंभ,
मोदी सरकार के ग्यारह साल , बहुत से सपनों को लगे पंख ?
उन सारे अरमानों ने तोड़ा दम, बजा कर विपक्षियों के शंख।।

## सरगम



टी तारासिंह
हैदराबाद

जंगल मे है नाचे मोर - मोरनिया
पेडो पर है गाये कोयल - कोयलिया
क्या खूब ये करते है नाच - गान
सब पक्षियां सब जानवर देखते - सुनते
ओर हो जाते है मंत्र मुग्ध , मस्त मलंग
शांत जंगल मे एक सरगंम का माहोल बना
पेड -पत्तियो की हवा से सरसराहट
बारिश की बूंदा - बांदी का वहाँ का मनमोहक नजारा
झरनो के लहरो से मस्त सरगंम बने
थिरक उठे है मोर - मोरनिया के पैर
कोयल - कोयलिया के मधुर गीतो से
सारा जंगल बन गया है रमणीय
ऐसे ही अपने जंगल मे मनोरंजन करते रहते
ऐसे ही खुश मिजाज से जीते जंगल के प्राण -पक्षियां ।।

## आषाढ



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

आया आषाढ़ का महीना।
दिल थाम के सब रहना।
झूम झूम बारिशें होंगी,
भीगे धरती का कोना कोना।
कहीं कीचड़ कहीं हरियाली।
झूला झूले सखी सहेली।
पेड़ों के झुरमुटों में छुपकर,
कोयल गीत गाती मतवाली।
धुला हुआ मौसम है धुला धुला समां है।
अब दिल को सुकून कहां है।
आओ प्रियतम बागों में चलते है।
हम पंछियों जैसे विचरते है।
सावन आने को ही तो है। मन बेचैन ही तो है।
कितना रुपया कमाओगे, तुम घर पे कब आओगे।
अजब प्रीत है निराली। न कोई संगी न है आली।
तन्हा फूलों को देखती, उड़ती भंवरों की टोली।
तितली उड़े फूल फूल पर। पराग कणों को चूम चूम कर।
इतराती फिरती इधर उधर, पलाश कचनार घूम घूम कर।
अमलतास के फूल निराले। नाग चम्पा को निहारें।
ये चमेली मतवाली, मधुमालती को ताड़े।
गुड़हल खूब खिल जाता। कनेर को चिढ़ाता।
गुलाब सबके सर पे बैठ बैठ, खुद खुशबू पे इतराता।
ये हरी हरी दूब,घांस भरे मैदान।
बकरी गाय चर चर, बन जाती मोटी सांड।
कुदरत बड़ी अनमोल है। उसपर मौसमों का झोल है।
प्यार भरे संसार में, सब कुछ गोल गोल है।

## फूल भी चट्टानों में खिलाएंगे



संजीव ठाकुर,
रायपुर

हौसलों का इक आसमां बनाएंगे
हम फूल भी चट्टानों में खिलाएंगे।
आ तुझे एक नया जहां दिखाएंगे
रात चांद को तुझ से मिलवाएंगे।
इरादे बुलंद हैं जब तक हमारे
पत्थर तोड़ना शीशे से सिखाएंगे।
देखने वालें हमें सदा एक ही समझें
हर पल हम पास इतने आएंगे।
तूने तो इंसान हमें बना दिया है
हम खुदा अपना तुझे बनाएंगे।
रिश्ते ये नाते मोह का मायाजाल
कहां इसे अपने साथ ले जाएंगे।
हमेशा कौन रहेगा यहां संजीव
हर कोई ईश्वर को हो प्यारे जाएंगे।

## पैसा ही भगवान है



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

जिस पर ज्यादा धन,
दौलत उसका बड़ा सम्मान है।
अब पैसा ही भगवान है ,
अब तो पैसा ही भगवान है।।
बड़ा बंगला, बड़ी गाड़ी सिक्योरिटी
गार्ड करे रखवाली, कुत्ते पलते हैं घर में,
पर गरीब की हरदम झोली खाली,
गरीब से करें परहेज,
धन ने रिश्तों की कमान संभाली,
पैसे को भगवान मान लिया,
गरीब इंसान से दूरी बना ली,
जिस पर ज्यादा धन दौलत, हर कोई करे सलाम है।
अब पैसा ही भगवान है ,
अब तो पैसा ही भगवान है।।
दर्शन करने,
ईश्वर के मंदिर में भी पैसा ही भगवान है,
भीड़भाड़ से बचने को सुलभ दर्शन पैसे से प्रावधान है,
किसी के पास कफ़न नहीं किसी का महल आलिशान है
धनवान को चाहिए पैसा ही पैसा चाहे खोना पड़े ईमान है,
अंत समय सब यहीं रह जाता,जब छोड़ना पड़े जहान है।
अब पैसा ही भगवान है ,अब तो पैसा ही भगवान है।।

## इतना मत तरसा...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

मत कुरेदो पुरानी यादों को ,
ज़ख्म दिल का उधड़ न जाए कहीं
फिर वही खुश्क रेत का दरिया,
मेरे रास्ते में पड़ न जाए कहीं
चलो तुम जीते, मैं हार गया
आओ चांद सितारों के पार चलें
यह क्या राहें अभी भी थमी हुई
तुम पर है निर्भर दीप्त उजाला या अवरोध हो
इतना मत तरसा की मुझे अपने
फैसले पर अफसोस हो
कल तू बात करना चाहे
और हम खामोश हो
दर्द मेरा समझ सकता वही
जिसने ज़ख्म गहरे खाए हों
दर्द मिला हो चाहे जिससे भी
वह अपने हो या पराए हो
दूर निकल आए हैं किनारे की तलाश में
सफर है तो लंबा
न जाने क्यों मौन हो
इतना मत तरसा...
कुछ बेचैनी सी होती है महसूस
कुछ तो है हवाओं में
क्या है वो जिससे तुझे पहचानू
थी धुंधली तस्वीर वह भी गुम ख़िजाओं में
तुझे भी मालूम दो जिस्म एक जां है
फिर क्यों कर रुसवाईयां
या यह मान कर चलूं
तुम एक हास्यास्पद सोच हो इतना मत तरसा..

## नियति का खेल



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

यह कैसा हाहाकार मचा,
स्मित सूरज की किरणों पर
राहु का कैसा अंधकार हुआ।
पल भर में जलकर राख हुए,
शोला दुर्भाग्य का गहरा फटा।
नियति के सर्पिल पंजों ने
कोमल गातों को लील लिया।
कैसी ये अनहोनी थी विधना की क्रूर ठिठोली थी,
कालकूट का यह मंजर विध्वंस विनाश की होली थी।
विदा हुए हँसकर घर से कितने दिल में अरमान लिए,
कहीं अपने आँखे बिछाए थे कहीं सपनों का था बाजार सजा ।
गुजरात से लंदन की दूरी कुछ घंटे में मापी जानी थी,
मानव निर्मित इस जहाज पंछी में 242 जानें फुदकती थी।
दूर खड़ा अंबर का मालिक मन ही मन मुस्काता था,
गंतव्य तुम्हारा वह नहीं जो मन में तुमने सोचा है ।
है खालीस झूठी हँसी तुम्हारी अंजान हमारी चालों से,
घर नहीं तुम्हारा धरती है अब, हमने एक न्यारा जहाँ बनाया है ।
स्पंदन हुआ पंछी जहाज में उड़ने को तैयार हुआ,
सब ठीक-ठाक करके चला फिर हवा से कुछ तो बात हुई,
क्या कहा सुना पंछी समीर से कुछ भी समझ ना आ पाया
इतने में डैने झुक गए पृथ्वी तल आकर पलट गए,
गिर गए धरा बेजार हुई बेखबर निर्दोषों की जान गई
क्या आफत थी क्या विपदा थी क्या पावक की गर्माहट थी !
कुछ ही पल की तो बात थी वह तिनके के समान जल राख हुए।।

## अतुलनीय संगीत



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

ह्रदय के सरलतम भावों की ,
मधुरतम अभिव्यक्ति,
ध्वनि गर्भ से मुखरित हुई श्रेष्ठ विधा,
'संगीत ' है ऐसी अनुभूति।
शिव- पार्वती के प्रेम प्रतीक स्वरूप,
संगीत में नवरस की उत्पत्ति।
चिंता- दुख- तनाव को कर विस्मृत,
होती प्रसन्नता की लहर संचारित,
परमानन्द का आभास कराती,
हर्षोल्लास- उत्सव की संपत्ति।
भक्तिमय इसकी प्रस्तुति,
आल्हादित करती अद्भुत शक्ति।
लय-माधुर्य- सामंजस्य- अनुशासन,
का देती जन- जन को संदेश,
जीवन में इसकी पूर्णाहुति,
है इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि।
इसका आधार है नाद,
नाद से श्रुति, श्रुति से स्वर,
स्वर से राग में परिणिति,
है मन के तारों की झंकृति।।
अतुलनीय 'संगीत ' की शक्ति,
तन- मन के विकारों की युक्ति,
जड़- चेतन का यह संवर्धन,
प्रकृति के कण-कण में है इसका विचरण।।।

## भूत



डॉ डी डी देसाई

एक अँधेरी गली में
बचते बचाते हुए
जान हलक में लटकाए
भागता दौड़ता.. मैं,
डरा ...सहमा सा .....
रोशनी का पाता ढूंढते हुए,
दौड़ रहा था।
कभी अंजान साये से डरता,
कभी खूद के पद चापों से..।
कभी पत्तों की सरसराहट से डरता ,
तो कभी जहनी अवजों से...।
खुद को बचता बचाता ....
अँधेरी रतिया को बाघ नखों से फाड़ कर,
रोशनी के आँगन कूदना चाहता था।
आख़िर कौन डरा रहा है मुझे ...?
कहाँ छिपा बैठा है...?
वही लम्बे नाख़ून, लम्बे बालों वला भुत,
या सफ़ेद साड़ी में लिपटी चुड़ैल कोई,
तूफ़ान में भी जलती मोमबत्ती लिए,
दादी माँ की कहानियों में चित्रित भुत,
आख़िर है कहाँ....?
मन तो डर के छिपा बैठा है मुझमें,
फिर भी उसे देखना चाहता हुँ।
बचपन से जो बैठा है
मेरे जहन में महल बनाके।
अचानक एक साये नें घेर लिया...
बढ़ता गया.....गहराता गया...,
मैं पुनः डर की बाहुपाश में कैद,
बदन पत्तों सा थरथरा रहा था ...
चाँद की रोशनी में मेरा ही साया..
काल बन कर सामने खड़ा था।
मुझे समझते देर नहीं लगी...
भूत वास्तव में नहीं....
मेरे जहन में घर कर बैठा हैं...।
जिसकी बुनियाद दादी की कहानियों ने रखी थी।
लंबे बाल, नुकिले नाख़ून, सफ़ेद साड़ी वाला भूत
सिर्फ मेरे जहन की उपज है...और कुछ नहीं।
धीरे धीरे धड़कने पूर्ववत हुई..
भयावह अंधकार मिट गया था।
रात का भी.... और मन का भी......।

## अंतर्मन की आवाज



पद्मजा श्रीवास्तव

कब तक यादों में ऐसे ही खोई रहेगी
उठ फिर से जीना सीख
इधर –उधर देखा मैंने दिखा न कोई
अट्टहास करती खड़ी थी सामने
मेरी परछाई , मेरी हमशक्ल
हँसी जोर से , लगी बोलने
नहीं पहचाना ??
मैं हूँ तेरी अंतरात्मा ,तेरा अंतर्मन
मैं ही रहूंगी साथ तेरे हर पल, हर क्षण , अंत तक
मैं ही तो साथ थी तेरे, हर तकलीफ,
हर मुसीबत , सुख – दुख में
मेरी मान ,उठ अपने पैर रख
धरती पर और हो जा खड़ी
बहुत जी ली दूसरो की खातिर
जीवन भर बस सबके मन का किया
अब जीना सीख अपने लिए
सपने अपने पूरे कर
स्वयम पर कर विश्वास
सुन मेरी अपने अंतर्मन की आवाज़
जीवन की राह पर चल फिर एक बार
न हार हिम्मत
हर कदम पर साथ हूँ मैं तेरे
बस मेरी सून और चल पड़
एक नए जीवन की राह पर ॥

## भारत माता की जय



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

स्वतंत्रता संग्राम से लेकर
स्वाभिमान संरक्षण अभियान तक,
स्वावलंबन कर्मशील से लेकर,
सफलतम अनवरत प्रयास तक
भारत माता की जय।
भारत माता की जय जय।।
सरहद की सीमा से उभरी गूंज,
सेना के विजयकंठ की ऊर्जा पुंज,
जन गण मन की उद्घोषित अनुगूंज,
भारत माता की जय।
भारत माता की जय विजय।।
खेल के मैदान में विजयी पर,
रण के संग्राम में अजय पथ पर,
वैज्ञानिक अनुसंधान सफलता पर,
भारत माता की जय ।
भारत माता की जय ही जय।।
देश- विदेश में मुक्त कंठ से करें पुकार,
युद्ध क्षेत्र में जल-थल-नभ से भरी हुंकार,
उत्साहित उल्लासित युवा करें जय जय कार,
भारत माता की जय ।
भारत माता की जय अपराजेय।।
भारतीयता का शुध्द सात्विक प्रतीक,
राष्ट्रीयता का विशुध्द श्रेष्ठतम संकेत,
मातृभूमि पर समर्पित भावमय द्योतक,
भारत माता की जय,
भारत माता की जय जय।।

## कैसा विकास किसका विकास?



डॉ विजय पांढरीपांडे
हैदराबाद

सब कहते है तो मानना पडता है
विकास हो रहा है, सबकुछ बदल रहा है
लेकीन कैसा विकास, किसका विकास?
समझ नही आता युद्ध,हिंसा,
अत्याचार,बलात्कार,भ्रष्टाचार..
सब पहले जैसाही
कुछ भी तो नहीं बदला
और बढता गया
कुछ भी नहीं रहा किसिके हाथ मे
हम सब बेबस..कुछ बोल भी नहीं सकते
वरना हमे दोषी मान लेगा समाज
और सरकार भी
फिर भी सवाल तो हैं अपनी जगह
कैसा विकास किसका विकास?
है कोई जबाब किसिके पास?

## गुनहगार



हेमंत सुराना,
उदयपुर

गुनहगार हूँ मैं
गुनाह की सजा दे दो,
सजा का हकदार हूँ मैं
बेबस, लाचार हूँ मैं
बख्शने का सवाल नहीं,
कटघरे में खड़ा हूँ मैं
परेशान हूँ मैं
जीने की ख्वाहिश नहीं,
मौत का दावेदार हूँ मैं
साथी नहीं, अकेला हूँ मैं
सम्भलने का कोई रास्ता नहीं,
हालात से लाचार हूँ मैं
अपने सपने दफन किए हैं,
बिना गुनाह किये भी इल्जाम लगे हैं
खामोश रहना सीख गए हैं,
सच्चाई के कई कत्ल किए है
गुनहगार हूं मैं, कातिल हूँ मैं
चलो हकीकत से रूबरू करा दो,
बेगुनाह को बेकसूर बता दो ,
बेगुनाह को बेकसूर बता दो ।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# ईरानी मस्जिदों पर लाल झंडा: मतलब बदले का ऐलान

ईरान की राजधानी तेहरान में कई जगह से धुआं उठ रहा है। राहत-बचाव के काम में लगी गाड़ियों के सायरन शुक्रवार सुबह से ही बज रहे हैं। इजराइल के हमलों में ईरानी सेना के टॉप 20 कमांडर मारे जाने की खबरें हैं। मरने वालों में 6 परमाणु वैज्ञानिक भी हैं। उधर, तेहरान से करीब 150 किमी दूर कोम शहर की जमकारन मस्जिद पर लाल रंग का झंडा फहराया जा रहा है। मस्जिद के बाहर हजारों लोग जमा हैं, जो इजराइल को खत्म करने की नारेबाजी कर रहे हैं।

ईरानी सरकार के एक टॉप अधिकारी कहते हैं- 'अब बातचीत का वक्त खत्म हो चुका है। इजराइल ने घातक हमले किए हैं। किसी ने नहीं सोचा था कि इस तरह हमला होगा। हमारे जनरल सलामी की मौत हो गई है। जिन न्यूक्लियर साइंटिस्ट की मौत हुई है, वे तो परमाणु कार्यक्रम में एक्टिव तरीके से जुड़े भी नहीं थे।

देश अभी युद्ध की कगार पर है, इसलिए ईरान के अधिकारी और आम लोग मीडिया के सामने पहचान जाहिर नहीं करना चाहते। सरकार से हिदायत मिली है कि विदेशी मीडिया से बात न करें। हालांकि, उनकी बातों से साफ है कि हमले में ईरान को काफी नुकसान पहुंचा है। उधर, ईरान ने भी इजराइल पर ड्रोन अटैक किया है। दैनिक भास्कर ने इजराइल और ईरान में लोगों और सरकारी अधिकारियों से बात की।

13 जून की सुबह इजराइल के अटैक के बाद ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गाबिलफ मीडिया के सामने आए, उन्होने कहा- 'बदला लेने का समय आ गया है। यह बदला किसी भी तरीके और हथियार के जरिए लिया जा सकता है।'

इससे पहले इजराइली एयरफोर्स ने शुक्रवार सुबह ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। टारगेट पर तेहरान समेत आसपास के 6 सैन्य ठिकाने थे। इनमें से 4 जगह परमाणु फैसिलिटी सेंटर हैं। ईरानी मीडिया ने इजराइली हमले में आम लोगों के मारे जाने का दावा किया है। रिहायशी बिल्डिंगों को भी नुकसान पहुंचा है।


तेहरान में कई इमारतों को भी नुकसान हुआ है। इस बिल्डिंग में एयरस्ट्राइक के बाद आग लग गई थी।

इजराइली हमले पर ईरान के लोग खुलकर बात नहीं कर रहे हैं। दैनिक भास्कर ने वहां कॉन्टैक्ट में रहे 6 लोगों को कॉल और मैसेज किया। कोई भी वहां के हालात बताने के लिए तैयार नहीं हुआ। ईरान के एक सरकारी अधिकारी की तरफ से जवाब आया। हालांकि, उन्होंने भी पहचान न बताने की गुजारिश की। वे कहते हैं, 'इजराइल के हमले के बाद से ईरान की सड़कों पर सन्नाटा है। अमेरिका ने हमले में इजराइल का साथ दिया है। अब अमेरिका के साथ बातचीत का समय चला गया है। मुझे नहीं लगता कि परमाणु कार्यक्रम पर कोई बातचीत हो सकती है। 'अब ईरान भी आगे कदम उठाएगा। मैं मानता हूं कि ईरान की तरफ से इंटेलिजेंस की चूक हुई है। आखिर कैसे इजराइल ईरान के अंदर की इतनी सारी जानकारी इकट्ठा कर पाया और उसके प्लान के बारे में हमें कैसे पता नहीं चला। सूत्रों के मुताबिक ईरान में लोगों को विदेशी मीडिया से बात न करने की हिदायत भी जारी की गई है।

मुंबई के रहने वाले जमीर 15 साल से अल-मुस्तफा यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। 13 जून की सुबह 3 बजे इजराइल की तरफ से बमबारी शुरू हुई, तब वे नमाज के लिए जाग चुके थे। कोम तेहरान से करीब 150 किमी है, इसलिए उन तक धमाकों की आवाज नहीं पहुंची। हालांकि, हमले की खबर उन्हें तुरंत मिल गई। जमीर बताते हैं, 'जुमे की नमाज में हजारों लोग मौजूद थे। यहां नारे लग रहे थे, हम कर्बला वाले हैं, इजराइल से नहीं डरते। नमाज के बाद लड़कियां और महिलाएं भी इकट्ठा हुई। सभी ने जुलूस निकाला। लोग इजराइल से बदला लेना चाहते हैं। बदला लेने तक जंग खत्म नहीं होगी।'

ईरान के जवाबी हमले की आशंका से इजराइली सेना ने पूरे देश में इमरजेंसी का ऐलान कर दिया है। तेल अवीव का बेन गुरियन इंटरनेशनल एयरपोर्ट खाली करा लिया गया है। इजराइली एयरलाइंस कंपनियां अपने प्लेन दूसरे देशों में शिफ्ट कर रही हैं। इजराइल आने-जाने वाली सभी फ्लाइट सस्पेंड कर दी गई हैं। देश भर में अस्पतालों को बड़े हादसों के निपटने के लिहाज से तैयारी करने के लिए कहा गया है।

सेना ने बयान जारी कर कहा, 'इस अभियान के दौरान हम सभी से अलर्ट रहने की उम्मीद करते हैं। जितना हो सके घर या पब्लिक प्लेस पर शेल्टर में रहें। अगर आसपास सुरक्षित जगह नहीं है, तो छिपने के लिए सीढ़ी के नीचे रहें या घर के अंदर वाले कमरे में चले जाएं।' 'हर नागरिक को पता होना चाहिए कि उसके आसपास सबसे सुरक्षित जगह कौन सी है। बिना वजह बाहर घूमने और वाहन चलाने से भी बचना चाहिए।'

इजराइल में रह रहीं भारतीय मूल की रीना पुष्कराना तेल अवीव में रेस्टोरेंट चलाती हैं। वे इजराइल में भारतीय कम्युनिटी की लीडर हैं। रीना बताती हैं, 'रात के 3 बजे थे। तभी तेज आवाज में इमरजेंसी सायरन बजने लगे। समझ नहीं आया कि अचानक क्या हो गया। हमारे घर में बम शेल्टर बना है। मैं फैमिली के साथ शेल्टर की तरफ भागी। वहां पहुंचकर फोन चेक किया, तो पता चला कि इजराइल ने ईरान पर हमला किया है। जवाब में ईरान की तरफ से मिसाइलें दागी गई हैं। कई महीनों बाद इतना लंबा सायरन बजा होगा। अब फिर से डर लग रहा है।'

'इजराइल में हालात पहले से काफी ठीक हो गए हैं। अक्टूबर, 2023 में गाजा की तरफ से हुए हमले के बाद बहुत बुरी स्थिति थी। फिर भी अभी तेल अवीव शहर में सब कुछ बंद है। सड़कों और बाजार में सन्नाटा है। टैक्सी बंद हैं। पूरे इजराइल में सायरन की आवाज गूंज रही है। मेरे रेस्टोरेंट में भी बम शेल्टर है, इसलिए हम अभी रेस्टोरेंट में ही हैं। बीच-बीच में बाहर निकलकर देख लेते हैं।' 'इजराइल में एयरपोर्ट बंद हैं। लोकल एडमिनिस्ट्रेशन ने रात में ही बता दिया कि बाहर नहीं निकलना है। खाना-पानी घर इकट्ठा करके घरों के अंदर बम शेल्टर के पास रहना है। सायरन बजे तो उसे सीरियसली लेना है।

ईरान की इजराइल से जमीनी सीमा नहीं लगती। सीरिया में भी ईरान के समर्थन वाली असद सरकार नहीं रही। इसलिए ईरान एयर ऑपरेशन पर ही निर्भर है। वो अपनी मिसाइलों का इस्तेमाल करेगा। ईरान के पास यही सबसे घातक हथियार हैं।

## ईरान और इजराइल की ताकत

ईरान की जमकरान मस्जिद पर लाल झंडा फहरा दिया गया है। शिया परंपरा में यह झंडा बदले का प्रतीक माना जाता है। दरअसल, 13 जून की सुबह इजराइल के 200 फाइटर जेट्स ने ईरान के 100 ठिकानों पर 330 बम गिराए थे। अब दोनों देशों में जंग छिड़ने की आशंका है। ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स के मुताबिक ताकतवर मिलिट्री की लिस्ट में इजराइल 15वें और ईरान 16वें नंबर पर है। 2023 में ईरान की रैंक 17 और इजराइल 18वें नम्बर पर था। इस रैंकिंग में 60 अलग-अलग पैरामीटर्स पर देशों की ताकत को परखा जाता है। ईरान की खासियत उसकी बड़ी फोर्स और मिसाइलें हैं, जबकि इजराइल एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और सटीक हथियारों पर निर्भर करता है। हमने दोनों देशों को ऐसे 5 पैरामीटर्स पर परखा...

ईरान के पास पुराने मॉडल के T-72, जुल्फिकार और कर्रार जैसे सोवियत और स्वदेशी टैंक और BMP-1 जैसी बख्तरबंद गाड़ियां हैं। इनकी टेक्नोलॉजी पुरानी है।

इजराइल के पास Mk IV, M4 शरमन और M22 लोकस्ट जैसे टैंक्स हैं, जो दुनिया के सबसे एडवांस्ड टैंकों में शुमार हैं। यह टैंक सटीक निशाना और मजबूत डिफेंस के लिए मशहूर हैं। इसके अलावा नमार और ईतान जैसे एडवांस्ड बख्तरबंद वाहन हैं, जो तकनीकी रूप से ईरान से बेहतर हैं। संख्या में ईरान का पलड़ा भारी है, लेकिन इजराइल की तकनीक युद्ध में बढ़त दे सकती है।

ईरान के पास MiG-29, F-4 फैंटम और F-14 टॉमकैट जैसे 188 फाइटर जेट्स हैं। ये ज्यादातर 1979 से पहले के हैं और पुराने हो चुके हैं। हालांकि, ईरान के खेमे में शाहेद-136 और मोहाजर-6 जैसे सस्ते और प्रभावी ड्रोन्स हैं। 1988 में ईराक से जंग के दौरान ईरान ने ड्रोन टेक्नोलॉजी पर काम शुरू किया और कम दूरी में जोरदार हमला करने वाले ड्रोन्स विकसित किए। इजराइल के पास F-15, F-16 और F-35 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स हैं। इनमें F-35 को दुनिया के सबसे आधुनिक जेट्स में शामिल किया जाता है। इजराइल की वायुसेना ही असल ताकत है। यह छोटी जरूर है, लेकिन एडवांस्ड है और सटीक हवाई हमले करने में माहिर है। ड्रोन्स के मामले में इजराइल के पास हेरोन और हर्मीस जैसे ड्रोन्स हैं।

ईरानी नौसेना का आधुनिकीकरण नहीं हुआ, लेकिन इसके पास 7 फ्रिगेट युद्धपोत हैं। ईरान के पास खतर और फतह जैसी 25 पनडुब्बियां हैं और छोटी तेज गश्ती नावें भी हैं। यह होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले के लिए प्रभावी है। इजराइल की नौसेना छोटी है, लेकिन एडवांस्ड है। इजराइल के पास 5 डॉल्फिन क्लास पनडुब्बियां हैं। सार-6 कैटेगरी के 7 कॉरवेट युद्धपोत हैं, जो जर्मनी ने बनाए। इजराइल की नौसेना कुछ कॉरवेट जहाजों से बनी है, जो दुनिया के सबसे एडवांस्ड जहाजों में से एक हैं।

इजराइल के पास दुनिया का सबसे मजबूत डिफेंस सिस्टम 'आयरन डोम' है। यह इजराइल की सेना की रीढ की हड्डी है। इसे इजराइली फर्म राफेल एडवांस डिफेंस सिस्टम और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री ने बनाया है। यह 70 किमी. रेंज में रॉकेट, मोर्टार और ड्रोनों को रोकता है।

## हिंसक हो रही स्त्रियां समाज का कौन-सा सच बताती हैं?

एक व्यक्ति अपने बेडरूम में मृत पड़ा है। मारने से पहले उसे किसी भारी वस्तु से निर्ममता से पीटा गया है, या उसका गला घोंटा गया है या उसे जहर दे दिया गया है। कठघरे में उसके घर में चोरी करने घुसा कोई अपराधी या शत्रु नहीं, बल्कि उसकी पत्नी खड़ी है। कभी-कभी, पत्नी का प्रेमी भी उसके बगल में बैठा होता है।

ये सुर्खियां इतनी भयावह हैं कि उन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता : पत्नियां- जो प्रेमी के बहकावे में आकर या उसको बहकाकर अपने पति की साजिश रच देती हैं। इन कहानियों में विश्वासघात, सेक्स और हत्या के तमाम सनसनीखेज ब्योरे शामिल होते हैं। लेकिन क्या ये कहानियां समाज के हाशिए में अलग-थलग घटित होने वाली दुर्घटनाएं हैं, या वे एक गहरे सामाजिक पतन का संकेत दे रही हैं?

क्या हम कुछ एक्स्ट्रीम मामलों को चुन-चुन कर उन्हें महिलाओं को बदनाम करने वाली कहानियों में बदल रहे हैं और उनसे अधिक व्यापक सच्चाइयों को सुविधाजनक रूप से नजरअंदाज कर रहे हैं? या सच में ही हम ऐसी महिलाओं की संख्या में बढ़ोतरी होते देख रहे हैं, जो अपने ही घरों में हिंसक अपराधी बन रही हैं?

जबकि ये वही महिलाएं हैं, जिन्हें परम्परागत रूप से परिवार का पालन-पोषण करने वाली माना जाता रहा है। और क्या कुछ पुरुषों के पीड़ित होने के बावजूद आज भी महिलाओं के ही विक्टिम होने की सम्भावना अधिक है? उन्माद से भरी इन कहानियों के नीचे कहीं अधिक जटिल, और परेशान करने वाली वास्तविकताएं छिपी हैं। हमें इस बात को लेकर कोई दुविधा नहीं होनी चाहिए कि आज भी भारत और दुनिया में घरेलू हिंसा की अधिकांश घटनाएं पुरुषों द्वारा महिलाओं पर की जाती हैं।

महिलाओं को उनके पार्टनर द्वारा पीटे जाने, उनका उत्पीड़न करने, और यहां तक कि उनकी हत्या करने की सम्भावनाएं भी महिलाओं द्वारा अपने पुरुष-पार्टनर के साथ ऐसा करने की तुलना में अधिक हैं। इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। जो बदला है वह वो सांस्कृतिक असुविधा है, जो पुरुष के विक्टिम और महिला के अपराधी होने पर उत्पन्न होती है।

प्रेमियों के लिए अपने पतियों की हत्या करने वाली महिलाओं के कुछ हाई-प्रोफाइल मामले चौंकाने वाले हैं, क्योंकि वे उस सामाजिक नैरेटिव को चुनौती देते हैं, जिसे हम लंबे समय से स्वीकार करते आ रहे हैं। यह कि महिलाएं- विशेष रूप से पत्नियां- हिंसा की घटनाओं में निष्क्रिय सहभागिता करती हैं, उन्हें खुद बढ़ावा नहीं देतीं। जब यह बात उलट जाती है, तो वे हमें बेचैन करने लगती हैं।

और इसके बावजूद, हमें इन घटनाओं को सभी विवाहों या सभी महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली के रूप में देखने की इच्छा का विरोध करना चाहिए। हां, ऐसी घटनाएं सच में ही घटित हो रही हैं- सभी राज्यों और सामाजिक वर्गों में- जहां महिलाओं ने या तो जुनून या हताशा या लालच के कारण अपने पतियों की हत्या करने के लिए अपने प्रेमियों के साथ मिलकर साजिश रची हैं। ये मनगढ़ंत नहीं हैं। ये भयानक, आपराधिक कृत्य हैं। लेकिन साथ ही ये घटनाएं अभी अपवादस्वरूप ही हैं, सांख्यिकीय रूप से दुर्लभ हैं। जो बात खतरनाक है, वो है इन घटनाओं को महिलाओं की नैतिकता के व्यापक क्षरण की तरह से पेश किया जाना। यह सीधे तौर पर इस पितृसत्तात्मक डर को बढ़ावा देता है कि अगर महिलाओं को बहुत अधिक स्वतंत्रता दी जाए तो वे अनियंत्रित हो जाएंगी। इस तरह की प्रतिक्रियाएं न तो पुरुषों और न ही महिलाओं के लिए मददगार हैं। बल्कि इससे वह वास्तविक-विमर्श धुंधला हो जाता है, जिस पर हमें बात करनी चाहिए : वह है जेंडर के परे भारतीय घरों में हिंसा का बढ़ता सामान्यीकरण। विवाह, जिसे कभी दो लोगों की शरणस्थली माना जाता था, वह अब सत्ता-संघर्ष, अविश्वास और कभी-कभी खून-खराबे का भी स्थल बन रहा है। इन घटनाओं का इस्तेमाल महिलाओं को बदनाम करने या विक्टिमहुड की रस्साकशी करने में करने के बजाय हमें इस सच्चाई को स्वीकारना चाहिए कि हिंसा अब जेंडर-न्यूट्रल होती जा रही है।

# वैश्विक-युद्ध का नया त्रिकोण? इजरायल ईरान और अमेरिका


संजीव ठाकुर

अब अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में नया और खतरनाक मोड़ ले लिया है नए संदर्भ में इजरायल ईरान और अमेरिका की भूमिका काफी खतरनाक और संदिग्ध हो गई है युद्ध का जुनून ईरान द्वारा परमाणु ईंधन यूरेनियम के भंडारण तथा उपयोग को लेकर अमेरिका तथा इसराइल के सिर पर चढ़कर बोलने लगा है 1 13 जून को इजराइल का ईरान पर बड़ा हमला दोनों शत्रुओं के बीच कई दशकों पुरानी दुश्मनी का नतीजा है। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनाहु काफी लंबे समय से ईरान को अपना सबसे बड़ा दुश्मन और खतरा बताते आ रहे हैं। इसराइल ने ईरान पर हमले की योजना इसराइल हमास युद्ध के दौरान बना ली थी और इस हमले के नेपथ्य में इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध रहा है। ईरान ने यमन में हूती विद्रोहियों और लेबनान में हिजबुल्ला को व्यापक समर्थन देकर इसराइल के लिए सुरक्षा के कई खतरे पर सवाल खड़े कर दिए थे। यह उग्रवादी अक्सर इजरायल में तोड़फोड़ हत्या और अनेकों आक्रमण में शामिल रहे हैं। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के तुरंत बाद से ही अमेरिका और इसराइल को अपना सबसे बड़ा तथा मुख्य विरोधी तथा दुश्मन मानता रहा है तभी से यह त्रिकोणीय संघर्ष और तनाव ताजा हमलो के रूप में सामने आया है। इसराइल और अमेरिका ने लगातार दो दशकों से कई बार ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने तथा इसे इसराइल तथा अमेरिका के विरुद्ध इस्तेमाल करने की धमकी के रूप में आरोप लगाया है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल की ईरान से दुश्मनी काफी पुराने समय से पकती रही है जिसके फल स्वरुप इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए जिससे सेना उप प्रमुख समेत ईरानी फौज के बीस महत्वपूर्ण कमांडर मारे गए हैं इसके अलावा ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक भी मौत के घाट उतार दिए गए। इसराइल ने ऑपरेशन लॉयन के तहत 200 लड़ाकू विमान से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को तबाह किया है जिसका बहुत बड़ा कारण ईरान के सुप्रीम नेता खोमनई द्वारा इसराइल को कड़ी सजा देने की चेतावनी बताया गया है। वैसे अब इसराइल के इस बड़े हमले से पश्चिम एशिया में दो कट्टर दुश्मनों के बीच व्यापक तथा भयानक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। ईरान ने इस हमले के जवाब में सो बमवर्षक ड्रोन इसराइल पर दागे थे जिसे इजरायल फौजों ने नाकाम भी कर दिया है। यरूसलम की समाचार एजेंसी के अनुसार इसराइल के ईरानी हमले पर ईरान के तीन शीर्ष फौजी के कमांडर मारे गए हैं इसमें ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी, और महत्वपूर्ण तथा शक्तिशाली अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख हुसैन सलामी तथा ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली की मौत हो चुकी है। इसके अलावा ईरानी सुरक्षा बलों के 17 प्रमुख एवं वरिष्ठ कमांडर भी मारे गए हैं । यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि ईरान इजरायल के ईरान पर हमले से वरिष्ठ वैज्ञानिकों के मरने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को एक बहुत बड़ा झटका लगा है इन वैज्ञानिकों की मौत से परमाणु बम बनाने के ईरानी सपनों की भी मौत हो गई है।

ईरानी के सर्वोच्च नेता राष्ट्रपति अयातुल्लाह अली खामनेई ने कहा कि दुश्मन को बहुत पछताना पड़ेगा उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि इसराइल ने ईरान में हमले करके जो अपराध कर अपना खूनी हाथ दिखाया है उसके लिए उसे बहुत पछताना पड़ेगा इसराइल को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी हम अब चुप नहीं बैठेंगे और इसराइल इस ईरान के बदले को सदियों तक याद रखेगा। अंतर्राष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इसराइल और ईरान की लड़ाई परमाणु ईंधन यूरेनियम के ईरान द्वारा जमा किए जाने पर हुई है इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा है कि ईरान को किसी भी कीमत पर जमा किए गए यूरेनियम से परमाणु बम बनाने नहीं दिया जाएगा यह इजरायल की पीढ़ियों के लिए खतरा बन गया है और जब तक ईरान इस बात से सहमत नहीं होगा कि वह परमाणु बम नहीं बनाएगा यह ऑपरेशन राइजिंग लायन जारी रहेगा। इधर इजराइल में आपातकाल घोषित कर दिया गया तथा इसराइल ने दुनिया भर में अपने सभी दूतावासों को बंद कर दिया है उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि ईरान इजरायल के आवासीय परिसरों में हमला कर सकता है।

दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइल के पक्ष में अजीबो-गरीब बयान दिया है उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए समझाया है कि समझौते के लिए अभी भी सही समय है नहीं तो परिणामतः इसराइल के हमले और तेज तथा बदतर होंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिन ईरानी नेताओं ने बढ़ चढ़कर बहादुरी दिखाई थी वे सब इजरायल के हमले से मारे गए अभी भी समय है संभल जाओ। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों से सबसे अलग डोनाल्ड ट्रंप ऐसा प्रतीत होता है कि अपनी व्यापारिक नीति और युद्ध नीति को अभी तक निर्धारित नहीं कर पाए हैं। भारत-पाक युद्ध में भी अमेरिका क रवैया काफी अपरिपक्व ही रहा है और ताजा समाचारों के अनुसार अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताया है और पाकिस्तान के सोकॉल्ड फील्ड मार्शल असीम मुनीर के जन्मदिन पर उन्हें अमेरिका आमंत्रित किया है। ऐसा लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप अपनी बढ़ती उम्र के साथ मानसिक संतुलन भी होते जा रहे हैं।

वर्तमान परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायल ईरान युद्ध में अमेरिका की संदेहास्प भूमिका के कारण नए विश्व युद्ध का त्रिकोण तैयार हो रहा है इसराइल के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जानकारी दी है जिसमें भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि इसराइल और ईरान को तनाव बढ़ाने वाले किसी भी काम से बचना चाहिए वार्ता का रास्ता अपनाना चाहिए भारत के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध है और भारत सदैव मदद के लिए तैयार है। भारत के नागरिक दोनों देशों में निवासरत हैं उन्हें भारत ने सावधान रहने की सलाह दी है। इजरायल ईरान के हालिया युद्ध के पर्यावरण में यदि अन्य देशों की आवाजाही बनती है तो विश्व युद्ध होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# विश्व वायु दिवस आज: चेतावनी, उम्मीद और संकल्प


आर के जैन

हर सुबह, जब पहली सांस हमारे फेफड़ों में उतरती है, तो वह सिर्फ हवा नहीं, बल्कि जीवन की वह धड़कन है, जो हमें इस धरती की हर सजीव लय से जोड़े रखती है। यह वायु — न दिखने वाली, न छूने वाली, फिर भी हर पल हमारे होने की नींव — प्रकृति का वह अनमोल रत्न है, जो हमें बिना माँगे मिलता है। लेकिन जब यही हवा ज़हर बनकर हमारे गले को घोंटने लगती है, तो वह चीख-चीखकर पूछती है: "तुमने मेरी पवित्रता को क्यों लूटा?" विश्व वायु दिवस, जो हर साल 15 जून को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के तत्वावधान में मनाया जाता है, हमें इस सवाल से रूबरू करता है और उस धरोहर को बचाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें चेताता है कि स्वच्छ हवा कोई सौदा नहीं, बल्कि वह जन्मसिद्ध अधिकार है, जिसके बिना न हमारा आज बचेगा, न हमारा कल। आधुनिक युग की चकाचौंध ने हमें सुख-सुविधाएँ दीं, लेकिन बदले में हमारी सांसें छीन लीं। औद्योगीकरण की चिमनियों से निकलता काला धुआँ, शहरीकरण की बेलगाम दौड़, और प्राकृतिक संसाधनों का बेरहम दोहन — इन सबने हमारी हवा को एक मूक हत्यारा बना दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 2022 की एक दिल दहलाने वाली रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की 99% आबादी ऐसी हवा में सांस ले रही है, जो डब्ल्यूएचओ के वायु गुणवत्ता मानकों से कहीं अधिक दूषित है। इस प्रदूषण के कारण हर साल करीब 70 लाख लोग असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं — 40 लाख बाहरी वायु प्रदूषण से, और 30 लाख घरेलू प्रदूषण से। कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, और पार्टिकुलेट मैटर (पीएम2.5 और पीएम10) जैसे ज़हरीले तत्व हमारे फेफड़ों को जकड़ रहे हैं। ये तत्व अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, हृदय रोग, और फेफड़ों के कैंसर जैसी घातक बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। खासकर पीएम2.5, जो 2.5 माइक्रोमीटर से छोटे कण हैं, रक्तप्रवाह में घुसकर बच्चों की कोमल सांसों और बुजुर्गों की कमज़ोर धड़कनों को सबसे ज़्यादा नुकसान पहुँचाते हैं।

यह संकट किसी एक कोने तक सीमित नहीं। दिल्ली, जो दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार है, इसका एक दर्दनाक उदाहरण है। आईक्यूएयर की 2024 की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली का एक्यूआई अक्सर 300 को पार कर 'खतरनाक' स्तर पर पहुँच जाता है, जहाँ सांस लेना भी एक जंग बन जाता है। लेकिन यह ज़हर अब केवल शहरों तक नहीं रुका। भारत के गाँवों में पराली जलाने, बायोमास चूल्हों, और पारंपरिक ईंधन से निकलने वाला धुआँ हवा को दमघोंटू बना रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत में घरेलू वायु प्रदूषण से हर साल लगभग 10 लाख लोग अपनी जान गँवाते हैं। बीजिंग, लाहौर, और मेक्सिको सिटी जैसे शहर भी इस अदृश्य आपदा से त्रस्त हैं। जलवायु परिवर्तन ने इस संकट को और भयावह बना दिया है। बढ़ता तापमान और मौसमी उथल-पुथल प्रदूषकों को और ज़्यादा खतरनाक बनाते हैं, जिससे हवा में ज़हर का जाल और घना हो जाता है।

इस आपदा से निपटने की ज़िम्मेदारी सिर्फ़ सरकारों या पर्यावरणविदों की नहीं, बल्कि हम सबकी है। हमारी छोटी-छोटी कोशिशें बड़े बदलाव की नींव रख सकती हैं। निजी वाहनों का कम उपयोग, साइकिल या सार्वजनिक परिवहन को अपनाना, ऊर्जा की बचत, और वृक्षारोपण जैसे कदम हवा को शुद्ध करने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से भी लड़ते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, अगर भारत में 10% लोग निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन चुनें, तो कार्बन उत्सर्जन में 15-20% की कमी आ सकती है। एक परिपक्व पेड़ सालाना 20 किलोग्राम $CO_2$ सोखता है, जिससे हवा की गुणवत्ता में सुधार होता है। नीतिगत स्तर पर, सरकारों को कठोर कदम उठाने होंगे। भारत का राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) 122 शहरों में पीएम2.5 और पीएम10 के स्तर को 20-30% कम करने का लक्ष्य रखता है, लेकिन इसकी रफ्तार धीमी है।

उद्योगों पर सख्त प्रदूषण नियंत्रण, सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों में निवेश, और पर्यावरण-केंद्रित शहरी नियोजन अब टाले नहीं जा सकते। डेनमार्क और जर्मनी जैसे देशों ने नवीकरणीय ऊर्जा अपनाकर दिखाया है कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करना असंभव नहीं।शिक्षा और जागरूकता इस जंग का सबसे ताकतवर हथियार हैं। स्कूलों में बच्चों को स्वच्छ हवा की कीमत सिखाना, युवाओं को हरित तकनीकों में नवाचार के लिए प्रेरित करना, और समाज को यह समझाना कि पर्यावरण की रक्षा आत्मरक्षा है — यह एक क्रांति की शुरुआत कर सकता है।

# ऑपरेशन राइजिंग लॉयन: इजरायल ने ईरान पर सबसे बड़े हमले का क्यों यही रखा नाम

यरुशलम, 14 जून (एजेंसियां)। इजरायल ने 12-13 जून की रात ईरान पर सबसे बड़े हवाई हमले में शिया इस्लामिक देश को करारा झटका दिया है। इजरायल का हमला तेहरान के लिए एक अपमान की तरह था। इजरायल का हमला इतना सटीक था कि पहले ही दिन उसने ईरान के शीर्ष सैन्य नेतृत्व और परमाणु कार्यक्रम को चलाने वाले प्रमुख व्यक्तियों को खत्म कर दिया। इस हमले के साथ इजरायल ने साबित कर दिया कि वह मध्य पूर्व की खतरनाक किलर मशीन यूं ही नहीं है। इजरायली सेना (आईडीएफ) ईरान के खिलाफ अपने हमले को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' नाम दिया है। आइए जानते हैं कि यह कैसे यहूदियों के पवित्र ग्रंथ बाइबिल से जुड़ा है और इसके मायने क्या हैं?

**नेतन्याहू ने वेस्टर्न वॉल में रखा नोट**

इजरायली सेना ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार की रात शुरू किए गए ऑपरेशन में ईरान के

### बाइबिल से कनेक्शन

परमाणु और सैन्य संपत्तियों को निशाना बनाया था। इस हमले में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर और ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ की मौत हो गई थी। हमला शुरू होने से कुछ घंटे पहले इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यरुशलम में यहूदियों के लिए पवित्र मानी जाने वाली पश्चिमी दीवार (वेस्टर्न वॉल) के पत्थरों के बीच एक नोट रखा था। इस पर ऑपरेशन के बारे में प्रेरणा देने वाला एक वाक्य लिखा था- देखो, लोग एक महान शेर के रूप में उठेंगे और खुद को एक युवा शेर के रूप में ऊपर उठाएंगे।

इजरायली मीडिया आउटलेट वाईनेट की रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू ने जो नोट दीवार में रखा है, उसमें लिखी लाइन को बुक ऑफ नंबर्स के अध्याय 23 और श्लोक 24 से लिया गया है। यह ब्योर के बेटे बालाम द्वारा की गई बाइबिल की भविष्यवाणी का हिस्सा है। टोरा नामक कहानी में जब मोआबी का राजा बालाक



मिस्र से पलायन के बाद जंगल में यात्रा कर रहे इजरायलियों को देखा तो वह डर गया। उसने बालाम (एक भविष्यवक्ता) को उन्हें श्राप देने के लिए बुलाया। बालाम श्राप देता इससे पहले ही ईश्वर ने उसे चेतावनी दी कि वह इजरायलियों के खिलाफ न बोले, क्योंकि वे धन्य लोग हैं।

**इजरायलियों को शाप की जगह मिला आशीर्वाद**

बाइबिल की कथा के अनुसार, बालाम को इस शर्त पर जाने की अनुमति मिली कि वह केवल वही शब्द होले जो परमेश्वर ने उसके मुंह में डाले थे। बालाक के पास जाते समय बालाम को एक स्वर्गदूत मिला, जो शुरू में अदृश्य था लेकिन बाद में प्रकट हुआ। बालाक ने बार-बार कोशिश की बालाम इजरायलियों को श्राप दे लेकिन हर बार उसने उन्हें आशीर्वाद दिया।

इनमें से एक वाक्य था- देखो, लोग एक बड़े शेर की तरह उठेंगे और एक जवान शेर की तरह खुद को ऊपर उठाएंगे। वह तब तक नहीं सोएगा, जब तक वह शिकार को न खा ले और मारे गए लोगों को खून न पी ले।

# फ्रांस में पहले स्थानीय चिकनगुनिया मामले की पुष्टि

### स्वास्थ्य अधिकारी इलाके की कर रहे जांच

पेरिस, 14 जून (एजेंसियां)। फ्रांस में स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस साल का पहला स्थानीय रूप से प्रसारित चिकनगुनिया का मामला दर्ज किया है। चिकनगुनिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारी है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, प्रोवेंस-आल्प्स-कोट द'अज़्यूर (पीएसीए) की क्षेत्रीय स्वास्थ्य एजेंसी (एआरएस) ने बताया कि चिकनगुनिया का पहला मामला फ्रांस के दक्षिणी इलाके वर के एक शहर ला क्रो में मिला है। एआरएस ने कहा, किसी मामले को 'स्थानीय' तब कहा जाता है जब किसी व्यक्ति को यह बीमारी देश के अंदर ही हुई हो और उसने लक्षणों के शुरू होने से 15 दिन पहले किसी संक्रमित इलाके की यात्रा न की हो।

अगर चिकनगुनिया का मामला यात्रा से जुड़ा नहीं है, तो इसका मतलब है कि जो मच्छर यह वायरस फैलाते हैं, वे देश के अंदर ही मौजूद हैं।

# सबको सुरक्षा का अधिकार, दोस्त ईरान पर हुआ हमला तो भड़क गया चीन

बीजिंग, 14 जून (एजेंसियां)। इजरायल की सेना की ओर से ईरान में किए गए हमलों की चीन ने नाराजगी जाती है। चीन ने इजरायल के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि ये ईरान की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है और इस अभियान को तुरंत रोका जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की शनिवार को हुई बैठक में चीन के दूत फू कोंग ने कहा कि इजरायल की ओर से ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करने की बीजिंग निंदा करता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को लेकर बीजिंग में गहरी चिंता है। इससे ईरान-अमेरिका के परमाणु समझौते पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।

फू कोंग ने कहा कि चीन संघर्षों के विस्तार का विरोध करता है और इजरायल की कार्रवाई से होने वाले नतीजे को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि इजरायल को ईरान की संप्रभुता का सम्मान करते हुए ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे

### यूएन की बैठक में इजरायल से की बड़ी मांग




क्षेत्रीय सुरक्षा को खतरा हो। उन्होंने कहा कि हर देश को अपनी सुरक्षा का अधिकार है। कोंग ने जोर देकर कहा कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के हस्ताक्षरकर्ता होने के नाते ईरान को परमाणु ऊर्जा का शांतिपूर्ण उपयोग करने का अधिकार है, उसके इस अधिकार का पूरी तरह से सम्मान किया जाना चाहिए। इजरायल के शुक्रवार को ईरान में किए गए हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। इससे दोनों देशों के बीच तनाव के हालात बने हुए हैं। चीन और ईरान करीबी साझेदार हैं। खासतौर से ऊर्जा और रक्षा संबंधी परियोजनाओं में हालिया वर्षों में दोनों देशों के बीच तेजी से सहयोग बढ़ा है। इसी साल मार्च में चीन ने ईरान और रूस के उप विदेश मंत्रियों को बुलाया था। बीजिंग में तीनों देशों के विदेश मंत्रियों ने ईरान के परमाणु मुद्दे पर चर्चा करते हुए प्रतिबंधों को हटाने की मांग की थी। अब ईरान पर हमले के बाद भी चीन ने सख्ती से इसका विरोध किया है।

इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने की बात कहकर तेहरान के आसपास हमले किए हैं। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया है ईरान ने चीन को हजारों टन बैलिस्टिक मिसाइल सामग्री का ऑर्डर दिया है। एक अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि चीन से यह शिपमेंट आने वाले महीनों में ईरान पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें अमोनियम परक्लोरेट शामिल है। यह बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सॉलिड प्रोपेलेंट (ठोस ईंधन) का एक प्रमुख घटक है।

# ईरान पर सवाल, पाकिस्तान के परमाणु बम पर चुप्पी

### एक्सपर्ट ने डोनाल्ड ट्रंप को सुना दी खरी-खरी

वॉशिंगटन, 14 जून (एजेंसियां)। इजरायल ने शुक्रवार सुबह ईरान पर भीषण हमले किए हैं। इजरायल का कहना है कि उसने ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमले किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमलों के लिए इजरायल की पीठ थपथपाते हुए कहा है कि इससे उनके प्रशासन को ईरान के साथ परमाणु समझौता करने में मदद मिलेगी। डोनाल्ड ट्रंप के इस रुख पर कूटनीति विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने सवाल उठाते हुए उनको कटघरे में खड़ा किया है क्योंकि पाकिस्तान को परमाणु बम बनाने और सैन्य रूपर से मजबूत करने में अमेरिका ने हमेशा उसकी मदद की है। चेलानी ने ट्रंप को सुनाते हुए कहा है कि अमेरिका का रवैया सबके लिए एक जैसा नहीं है।

ब्रह्मा चेलानी ने अपने एक ट्वीट में लिखा, 'डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ईरान के पास परमाणु बम नहीं हो सकता है यानी वह ईरान को परमाणु बम बनाने से किसी भी सूरत में रोकेंगे। दूसरी ओर भारत को



रोकने के लिए अमेरिका (और चीन ) ने आतंकवाद का निर्यात करने वाले पाकिस्तान को परमाणु बम बनाने में मदद की। हाल ही में ट्रंप ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान भी पाकिस्तान को बचाने का काम किया।'

चेलानी ने अपने ट्वीट के साथ न्यूयॉर्क टाइम्स का एक दस्तावेज भी शेयर किया, जिसमें बताया गया है कि कैसे 60 के दशक से ही पाकिस्तान के परमाणु बनाने के ऐलान पर अमेरिका ने ना सिर्फ चुप्पी साधी बल्कि उसे मदद भी की। इस दस्तावेज में 60 के दशक में जुल्फिकार भुट्टो के 'रोटी नहीं खाएंग लेकिन परमाणु बम बनाएंगे' जैसे नारों पर अमेरिका की खामोशी और बाद में भी इस्लामाबाद को वॉशिंगटन की मदद का जिक्र है। ईरान पर इजरायल के हमलों को लेकर अमेरिका ने कहा है कि उसको इसकी जानकारी थी। अमेरिकी अधिकारी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि अमेरिका को इन हमलों के बारे में पहले से ही जानकारी दी गई थी लेकिन अमेरिका की इन हमलों में कोई सैन्य भागीदारी नहीं है।

# रायपुर में बांग्लादेशी पति-पत्नी गिरफ्तार

### 16 साल से बेच रहे थे अंडा, बना रखे थे फर्जी मार्कशीट और पासपोर्ट

रायपुर, 14 जून (एजेंसियां)। पुलिस ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 16 साल से अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी धरमनगर स्थित किराये के मकान में रह रहे थे। आरोपियों ने फर्जी मार्कशीट, फर्जी पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज बना रखे थे। मामला टिकरापारा क्षेत्र का है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना टिकरापारा पुलिस ने मामले में कार्रवाई की है।

पुलिस अन्य लोगों से आरोपियों के संबंध में जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने पत्रवार्ता में बताया कि आरोपी दिलावर खान ठेला 16 वर्षों से रायपुर में अवैध तरीक से रह रहे थे। ठेला लगातर जीवन यापन कर रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, फ़र्ज़ी पासपोर्ट, मार्कशीट, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज जब्त किये हैं।

# अहमदाबाद विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक

वॉशिंगटन/लंदन, 14 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक की लहर है। अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने बड़ी संख्या में हुई मौतों पर दुख जताया है। भारतीय अमेरिकियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी है। वहीं अमेरिका के मंदिरों और भारतीय-अमेरिकी संघों में प्रार्थना सभाओं और शोक सभाओं की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया।

गुजरात से आए भारतीय अमेरिकियों की बड़ी आबादी वाले ह्यूस्टन में इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स ऑफ ग्रेटर ह्यूस्टन के संस्थापक सचिव जगदीप अहलूवालिया ने कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी है। मैंने पिछले साल ह्यूस्टन और गुजरात के बीच व्यापारिक संबंध बनाने में मदद करने के लिए अहमदाबाद का

### भारतीय अमेरिकियों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि



दौरा किया था। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं।

अहमदाबाद के मूल निवासी और ह्यूस्टन के चिकित्सक डॉ. पटेल ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद दुर्घटना हुई। मैं वहां मेडिकल स्कूल गया था। कृपया मेरे साथ मिलकर प्रियजनों के प्रति संवेदना और शक्ति प्रकट करें। सभी 242 यात्रियों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। नासा की भूतपूर्व इंजीनियर और स्थानीय अधिवक्ता डॉ. वीना अंबरदार ने कहा कि समुदाय हिल गया है। हम सभी लोग इस दर्द को साझा करते हैं। हमारी संवेदनाएं हर शोक संतप्त परिवार और चौबीसों घंटे काम करने वाली बहादुर मेडिकल टीमों के साथ हैं।

हृदय रोग विशेषज्ञ और ह्यूस्टन में लंबे समय से रह रहे डॉ. निक निकम ने कहा कि यह दिल दहला देने वाला है। ड्रीमलाइनर 787 ने लाखों मील सुरक्षित उड़ान भरी है। यह पहली घातक दुर्घटना है। मेडिकल छात्रों सहित कई युवा लोगों की जान चली गई। कई सवाल हैं, लेकिन कोई जवाब इस दुख को कम नहीं कर सकता। हमारी प्रार्थनाएं परिवारों और भारत के साथ हैं। ओम शांति।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा कि त्रासदी ने हमारे दिल को तोड़ दिया है। हमारी प्रार्थनाएं एअर इंडिया के यात्रियों के परिवारों, मेडिकल छात्रों, सिविल अस्पताल के निवासियों और कर्मचारियों तथा इसके अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी के साथ हैं।

डलास में भी सामुदायिक समूह प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। यहां के लिए हाल ही में एअर इंडिया ने अपनी सेवा शुरू की है। नॉर्थ टेक्सास के गुजराती समाज के प्रकाश सोलंकी ने कहा कि नए मार्ग ने हमें सीधे हमारी जड़ों से जोड़ा है। यह त्रासदी बहुत से परिवारों को झकझोर कर रख देती है।

सैन फ्रांसिस्को में तकनीकी पेशेवर आरती पटेल ने कहा कि यह एक दर्दनाक याद है कि हम कितने वैश्विक और जुड़े हुए हैं।

# मानव तस्करों ने प्रवासियों को नाव से कूदने के लिए किया मजबूर, 8 लोगों की मौत

यमन, 14 जून (एजेंसियां)। जिबूती के तट से दूर लाल सागर जल क्षेत्र में तस्करी का शिकार और उफनती लहरों में किसी तरह से जान बचाने वाले पीड़ितों ने अपनी व्यथा को साझा किया है। उन्होंने बताया कि मानव तस्करों ने नाव में सवार अनेक प्रवासियों को जबरन, तट से दूर समुद्र में कूदने के लिए मजबूर किया, जिससे कई लोगों की डूबने की वजह से मौत हो गई। कुछ लोगों ने तैर कर किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन अनेक अन्य अब भी लापता हैं।

यह दर्दनाक घटना 5 जून की है, जब सम्भवतः यमन की ओर, लगभग 150 यात्रियों को ले जा रही एक नाव को बीच समुद्र में तस्करों ने रोका, और इसके बाद कई लोगों को पानी में धक्का दे दिया गया। इस घटना में कम से कम आठ लोगों की मौत हुई है और 22 अब भी लापता बताए गए हैं।

पूर्वी, हॉर्न और दक्षिणी अफ्रीका क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी (आईओएम) की निदेशक सेलेस्टीन फ्रांट्ज़ ने बताया कि, "इन युवाओं को असम्भव विकल्प चुनने के लिए मजबूर किया गया। तस्करों के लिए इनसानी जान की कोई अहमियत नहीं है। हम बचे हुए लोगों की हर सम्भव मदद कर रहे हैं और इस जानलेवा रास्ते पर और किसी भी नुक़सान को रोकने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं।"

बचाव अभियान यूएन प्रवासन संगठन की मदद से चलाए जा रहे खोज एवं बचाव अभियान के दौरान जिबूती के उत्तरी हिस्से के पास सागर से अब तक पाँच शव बरामद किए गए हैं। अब तक आठ लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, लेकिन यह संख्या बढ़ सकती है क्योंकि तलाश अभी जारी है।

# बांग्लादेश में खत्म होगी राजनीतिक खींचतान

### खालिदा जिया के बेटे से मिले यूनुस, चुनाव पर कर दिया बड़ा वादा

ढाका, 14 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के हेड मोहम्मद यूनुस ने बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात की है। दोनों नेताओं की ये मुलाकात लंदन में हुई है। बैठक के बाद जारी बयान में बांग्लादेश की सियासी खींचतान खत्म होने के संकेत मिले हैं। यूनुस ने खालिदा जिया के बेटे तारिक के साथ बैठक के बाद कहा कि बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में चुनाव कराए जाएंगे। बांग्लादेश में आम चुनाव का मुद्दा ना सिर्फ बीएनपी और यूनुस सरकार बल्कि यूनुस और सेना के बीच भी तनातनी की वजह बना हुआ है। मोहम्मद यूनुस के साथ बैठक के बाद तारिक रहमान की 16 साल बाद बांग्लादेश वापसी की संभावना बनी है।

मोहम्मद यूनुस और तारिक रहमान की लंदन में महत्वपूर्ण



बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया है, 'मुख्य सलाहकार (यूनुस) ने घोषणा की है कि चुनाव अगले साल फरवरी के पहले सप्ताह में होंगे। अगर सभी तैयारियां पूरी हो जाती हैं तो रमजान की शुरुआत से एक सप्ताह पहले (15 फरवरी तक) भी चुनाव कराए जा सकते हैं।

बयान में कहा गया है कि यह बैठक बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई है। इस बैठक को बांग्लादेश में एक बड़े राजनीतिक बदलाव की तरह देखा जा रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से बैन कर दिया गया है। ऐसे मे पूर्व पीएम खालिदा जियाकी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की फिलहाल सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। बीएनपी और यूनुस सरकार में समन्वय बांग्लादेश को राजनीतिक स्थिरता दे सकता है।

बीएनपी की ओर से बताया गया है कि तारिक रहमान ने अगले साल रमजान से पहले (फरवरी के पहले दो हफ्ते में) चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव दिया है। बयान में कहा गया है कि पार्टी चेयरपर्सन बेगम खालिदा जिया भी सोचती हैं कि अगर चुनाव उस समय कराए जाएं तो बेहतर होगा। पार्टी ने तारिक रहमान की लंदन से वापसी के संकेत भी दिए हैं। शेख हसीना की सरकार बनने के बाद तारिक लंदन में रह रह थे। वह 16 साल से बांग्लादेश से बाहर हैं।

# ईरान से जंग के बीच इजरायल ने ऐसा क्या किया जो दोस्त भारत से मांगनी पड़ी माफी

यरुशलम, 14 जून (एजेंसियां)। ईरान के साथ युद्ध के बीच इजरायल को अपने दोस्त भारत से माफी मांगनी पड़ी है। दरअसल, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) से शुक्रवार को एक बड़ी चूक हुई है, जब उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ईरान के खतरे को दिखाते हुए एक मानचित्र पेश किया। इजरायली सेना के ऑधिकारिक हैंडल से किए इस पोस्ट में भारत के जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा, जबकि अरुणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा दिखा दिया गया। इस पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया। इजरायल की इस गलती भारतीय यूजर्स को नाराज कर दिया।

भारतीयों ने मानचित्र की इस गलती को पकड़ लिया और इसक लिए आईडीएफ को निशाने पर लेना शुरू किया। कुछ भारतीयों ने

### चीन और पाकिस्तान कनेक्शन



तो इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को टैग करते हुए मांग की कि पोस्ट को हटा दिया जाए और सही मानचित्र के साथ फिर से पोस्ट किया जाए। एक यूजर ने पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, 'सटीकता को भूल जाइए, यह सच्चाई से कहीं दूर है। इस खेदजनक नोट को पोस्ट करने के बजाय इसे बदला क्यों नहीं जाता? आपको भारत की भावनाओं और हमारे संबंधों को समझने की जरूरत है। देर आए, दुरुस्त आए। प्लीज इसे जल्द से जल्द बदलें।'

एक्स पर बढ़ती आलोचना के बीच नई दिल्ली में इजरायली राजदूत रूवेन अजार सामने आए और एक पोस्ट में बताया कि यह एक गैरइरादतन गलती हुई है और इसे ठीक करने के लिए कहा गया है। भारी विरोध के बाद आखिरकार आईडीएफ ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए आईडीएफ ने लिखा, 'यह पोस्ट क्षेत्र का एक चित्रण है। यह मैप सीमाओं को सटीक रूप से दिखाने में विफल रहा है। हम किसी भी अपमान के लिए माफी मांगते हैं।'

इसके पहले गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात इजरायल के ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत ईरान पर किए गए हवाई हमले से मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया।

# एक करोड़ की अवैध शराब जब्त

### गुलूडीह में कंटेनर से 12 हजार बोतल बरामद, आरोपी फरार

धनबाद, 14 जून (एजेंसियां)। धनबाद पुलिस ने गुलूडीह गांव में एक कंटेनर ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुलूडीह में एक कंटेनर में अवैध शराब लाई जा रही है।

सिंदरी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में विशेष टीम ने कार्रवाई की। टीम ने कंटेनर ट्रक को घेर लिया। तलाशी में ट्रक से 1003 कार्टून शराब बरामद हुई। प्रत्येक कार्टून में 12 बोतलें थीं। कुल 12,036 बोतल शराब जब्त




की गई। पुलिस ने मौके से एक टीवीएस इलेक्ट्रिक स्कूटी भी जब्त की है। यह स्कूटी शराब कारोबार में शामिल किसी व्यक्ति की बताई जा रही है। सिटी एसपी के अनुसार, छापेमारी के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर सभी आरोपी फरार हो गए। प्राथमिक जांच में यह अंग्रेजी शराब लग रही है। इसकी पुष्टि फॉरेंसिक जांच के बाद ही हो पाएगी। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस जल्द ही दोषियों को पकड़ने का दावा कर रही है।

# बेकाबू बाइक से गिरकर युवक की मौत, दूसरा घायल

गिरिडीह, 14 जून (एजेंसियां)। गिरिडीह के जमुआ-गिरिडीह मेन रोड स्थित कारोडीह कस्तूरबा विद्यालय के पास अनियंत्रित बाइक से गिरकर 20 वर्षीय युवक उमेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी विकास यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

मृतक उमेश यादव कारोडीह गांव निवासी पूरण यादव का इकलौता पुत्र था। जानकारी के अनुसार, उमेश और विकास दोनों पल्सर बाइक से कहीं जा रहे थे।

# नेतन्याहू बुरे फंस जाएंगे

### इजरायल की ईरान में तख्तापलट की कोशिश बड़ा जुआ, उल्टा पड़ सकता है दाव

तेल अवीव, 14 जून (एजेंसियां)। इजरायल ने शुक्रवार से ईरान के खिलाफ ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया है। इस ऑपरेशन के तहत इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों और शीर्ष सैन्य अफसरों को निशाना बनाया है। ईरानी शासन के करीबी कई लोग इजरायल के हमलों में मारे जा चुके हैं। ईरान पर हमलों के बाद इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने एक बयान में ईरानी लोगों से सत्ता परिवर्तन के लिए सामने आने की अपील करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकिए। इससे पता चलता है कि इजरायल की सरकार ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के साथ ही तेहरान में सत्ता परिवर्तन भी चाहता है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल के हमलों में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर और सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ सहित कई उच्च पदस्थ अधिकारी मारे गए हैं। नेतन्याहू का मानना है कि इन हमलों से ईरान में अशांति फैलेगी और मौजूदा सरकार गिर जाएगी। हालांकि यह इजरायल का एक बड़ा जुआ है क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि इस प्रक्रिया का आखिरी परिणाम क्या होगा। ईरान में सबसे ज्यादा शक्ति उन लोगों के पास है, जो सशस्त्र बलों और अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करते हैं। इनमें से अधिकांश आईआरजीसी और कुछ अन्य गैर-निर्वाचित निकायों के हाथों में हैं। आमतौर पर किसी भी देश में सरकार का तख्तापलट करने के पीछे सेना का अहम रोल होता है। सेना से जुड़े लोग ईरान में पहले ही सत्ता का सुख ले रहे हैं। ऐसे में उन्हें तख्तापलट करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वे पहले से ही सत्ता में हैं। ऐसे में ये ईरान को बड़े टकराव की तरफ ले जा सकते हैं।

इजरायल की कोशिशों का एक और संभावित परिणाम शासन का पतन और उसके बाद ईरान में अराजकता का फैलना हो सकता है। इससे 9 करोड़ की आबादी वाला देश में इजरायल और अमेरिका अपनी मर्जी के सरकार बनाना चाहेंगे। इस सबमेंएक बड़ा सवाल यह है कि विकल्प कौन हो सकता है। ईरान में विपक्षी ताकतें हाल के वर्षों में बेहद कमजोर हो गई है और यहां कोई स्पष्ट विकल्प नहीं हैं।

# विमान हादसों में दुनिया छोड़ गई भारत की ये हस्तियां

अहमदाबाद, 14 जून (एक्सक्लूसिव डेस्क)। गुजरात के अहमदाबाद से लंदन के गैटविक एयरपोर्ट जा रहे बोइंग के 787 ड्रीमलाइनर विमान क्रैश की घटना ने भारत के साथ पूरी दुनिया को चौंका दिया है। यह विमान टेकऑफ के महज कुछ सेकंड्स बाद ही एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर स्थित मेघाणीनगर में एक रिहायशी इलाके में इमारत से टकरा गया। इस घटना के बाद दुनियाभर के नेताओं ने घटना पर शोक जताया और हताहतों के परिजनों को लेकर संवेदना व्यक्त की। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी इस एयर इंडिया की फ्लाइट में सवार थे। गुरुवार शाम को ही अधिकारियों ने उनके निधन की पुष्टि कर दी थी।

इस बीच यह जानना अहम है कि भारत में कब-कब और कौन सी प्रमुख हस्तियों की विमान हादसे में जान गई है? यह हादसे किस तरह के थे और इनके बारे में क्या जानकारी सामने आई थी?

**विमान हादसे में विजय रुपाणी का निधन, बेटी से मिलने लंदन जा रहे थे पूर्व मुख्यमंत्री**



सुभाष चंद्र बोस

**सुभाष चंद्र बोस**

कौनः स्वतंत्रता सेनानी, कांग्रेस से जुड़े रहे

कब हुआ निधनः 18 अगस्त 1945

कहांः ताइहोकू एयरपोर्ट, ताइवान (अब ताइपे)

कैसेः जापानी सैन्य विमान उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ। दावा किया जाता है कि नेताजी जलकर बुरी तरह घायल हुए और अस्पताल में उनकी मौत हो गई। हालांकि, उनकी मृत्यु को लेकर आज भी संदेह जाहिर किए जाते हैं। साथ ही उनके जिंदा बचने को लेकर भी कुछ थ्योरी भी दी जाती रही हैं। हालांकि, केंद्र सरकार कभी गोपनीय रहे दस्तावेजों को सार्वजनिक कर समय-समय पर साफ करती रही है कि नेताजी का हादसे में निधन हो गया था और उनकी अस्थियां जापान के टोक्यो स्थित रेनकोजी मंदिर में रखी हैं।

**होमी भाभा**

कौनः भारत के परमाणु विज्ञान के जनक

कब हुआ निधनः 24 जनवरी 1966

कहांः मोंट ब्लांक, स्विस एल्प्स, स्विट्जरलैंड

कैसेः भारत के अग्रणी परमाणु भौतिक विज्ञानी होमी जहांगीर भाभा की 24 जनवरी, 1966 को एअर इंडिया की उड़ान 101 के एक दिल दहला देने वाले हादसे में मौत हो गई। इस हादसे ने महज 56 साल में भारत के परमाणु कार्यक्रम के शिल्पकार की सांसें छीन लीं। यह विमान जिनेवा हवाई यातायात नियंत्रण के साथ गलत संचार की वजह से स्विट्जरलैंड आल्प्स में मोंट ब्लांक में हादसे का शिकार हो गया।



होमी भाभा, बिपिन रावत, अभिनेत्री सौंदर्या

**संजय गांधी**

कौनः पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे, पूर्व सांसद

कब हुआ निधनः 23 जून 1980

कहांः सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली

कैसेः संजय गांधी सुबह एक प्रशिक्षण उड़ान भर रहे थे। वे खुद विमान उड़ा रहे थे और उनका प्लेन करतब के दौरान नियंत्रण से बाहर होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उनकी उम्र महज 33 वर्ष थी।

**माधवराव सिंधिया**

कौनः कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री

कबः 30 सितम्बर 2001

कहांः मैनपुरी के पास, उत्तर प्रदेश

कैसेः माधवराव सिंधिया एक राजनीतिक रैली को संबोधित करने के लिए एक चार्टर्ड विमान (बीचक्राफ्ट किंग एयर सेसना सी-90) से दिल्ली से उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक रैली के लिए जा रहे थे।

उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद उनका विमान खराब मौसम और तकनीकी खराबी के चलते उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के मोटला गांव के पास क्रैश हो गया। विमान में आग लग गई और सिंधिया भी नहीं बच पाए। साथ ही एक पत्रकार, पायलट और सह-पायलट की भी मौत हो गई थी।

**जीएमसी बालयोगी**

कौनः पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) नेता

कबः 3 मार्च 2002

कहांः कोव्वदलांका गांव के पास, कृष्णा जिला, आंध्र प्रदेश

कैसेः लोकसभा अध्यक्ष रहते हुए जीएमसी बालयोगी एक कार्यक्रम के लिए भारतीय वायुसेना के बेल 206 हेलीकॉप्टर से यात्रा कर रहे थे। हेलीकॉप्टर आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण नियंत्रण खो बैठा और आपात लैंडिंग की कोशिश में एक दलदली क्षेत्र में क्रैश हो गया। हादसे में बालयोगी, उनके निजी सुरक्षा अधिकारी और पायलट की मौके पर ही मौत हो गई।

**केएस सौम्या सत्यनारायण**

कौनः अभिनेत्री, तेलुगू सुपरस्टार, हिंदी फिल्म सूर्यवंशम में भी किया अभिनय

कब हुआ निधनः 17 अप्रैल 2004

कहांः बेंगलुरु, कर्नाटक

कैसेः सौंदर्या के नाम से मशहूर दक्षिण भारतीय अभिनेत्री केएस सौम्या 17 अप्रैल, 2004 को सिर्फ 32 साल की उम्र में हवाई दुर्घटना में जान गंवा बैठीं। सूर्यवंशम फिल्म से सुर्खियों में आई सौम्या भाई के साथ करीमनगर जा रही थीं। उनका सेसना 180 एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया था।

**ओपी जिंदल और सुरेंद्र सिंह**

कौनः हरियाणा के ऊर्जा मंत्री, उद्योगपति (ओपी जिंदल) और हरियाणा के कृषि मंत्री और पूर्व सीएम बंशीलाल के बेटे सुरेंद्र सिंह।

कबः 31 मार्च 2005



वाईएस राजशेखर रेड्डी, माधवराव सिंधिया, विजय रूपानी, संजय गांधी

कहांः सहारनपुर के पेड़ू गांव के पास, उत्तर प्रदेश

कैसेः हरियाणा के कृषि व राजस्व मंत्री सुरेंद्र सिंह एक किंग हेलिकॉप्टर में दिल्ली से चंडीगढ़ लौट रहे थे। सहारनपुर के पास चिकित्सकीय आपात स्थिति के दौरान इमरजेंसी लैंडिंग के प्रयास के दौरान हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबी से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हरियाणा के ऊर्जा मंत्री ओपी जिंदल और पायलट सहित कुल तीन की मौत हुई।

**वाईएस राजशेखर रेड्डी**

कौनः आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

कबः 3 सितंबर 2009

कहांः नल्लामला जंगल, कुरनूल जिला, आंध्र प्रदेश

कैसेः आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी एक सरकारी हेलीकॉप्टर बेल 430 से हैदराबाद से चित्तूर जिले के एक कार्यक्रम के लिए उड़ान भर रहे थे। हवाई यात्रा के दौरान उनके हेलीकॉप्टर का संपर्क रडार से टूट गया। भारी बारिश और खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर नल्लामल्ला के घने जंगलों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में वाईएसआर के समेत सभी पांच सवारों का निधन हो गया था।

करीब 24 घंटे तक तलाशी अभियान चलने के बाद उनका मलबा और शव बरामद किए गए। इस दुर्घटना में उनके साथ पायलट, को-पायलट, एक मुख्य सचिव और एक सुरक्षा अधिकारी की भी मौत हुई।

**दोर्जी खांडू**

कौनः अरुणाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री

कबः 30 अप्रैल 2011

कहांः तवांग, अरुणाचल प्रदेश

कैसेः अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री दोर्जी खांडू एक पवन हंस एएस350 बी3 हेलिकॉप्टर में तवांग से इटानगर की उड़ान भर रहे थे। उड़ान के लगभग 20 मिनट बाद हेलिकॉप्टर का संपर्क टूट गया। भारी बारिश एवं खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर 13 हजार फीट की ऊंचाई पर सेला पास के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गया। करीब चार दिन बाद 4 मई 2011 को मलबा और सभी 5 शव पाए गए, जिसमें मुख्यमंत्री, दो पायलट, सुरक्षा अधिकारी और एक अन्य व्यक्ति शामिल थे।

**बिपिन रावत**

कौनः भारत के पहले सीडीएस जनरल

कब हुआ निधनः 8 दिसंबर 2021

कहांः कुन्नूर, तमिलनाडु

कैसेः भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के पास एमआई-17 हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। वह अपनी पत्नी और 11 अन्य लोगों के साथ सुलू से वेलिंगटन जा रहे थे।

इस हादसे में उनकी जीवनसंगिनी मधुलिका रावत समेत कुल 13 लोगों की जान गई। जनरल रावत ने पूर्वोत्तर में उग्रवाद को खत्म करने में अहम योगदान दिया था।

उनकी मौत के तीन साल बाद 2024 लोकसभा में रक्षा मामलों की स्थायी समिति की ओर से पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि एमआई-17 हादसा मानवीय चूक से हुआ था।

## सुकमा कांग्रेस कार्यालय को ईडी ने किया अटैच

### बैज बोले– सरकार के इशारों पर सेंट्रल एजेंसी लांघ रही सीमा, किया ईडी–भाजपा का पुतला दहन

रायपुर, 14 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को सुकमा कांग्रेस पार्टी के कार्यालय को भी अटैच किया है। इस कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में ईडी और भाजपा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश का ऐसा पहला मामला है, जहां राजनीतिक पार्टी के कार्यालय को ईडी ने अटैच किया है। यह कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी की सरकार की इशारे की जा रही है।



केंद्रीय एजेंसियां अपनी सीमा लांघ रही हैं और अपने अधिकार का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसका प्रदेश कांग्रेस कमेटी पुरजोर विरोध करती है। इसी कड़ी में कोंडागांव में कांग्रेस भवन से शुरू हुई रैली बस स्टैंड तक पहुंची। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा और ईडी का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि ईडी की यह कार्रवाई भाजपा के इशारे पर की गई है। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया। दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार कांग्रेस से से डरी हुई है, इसलिए पार्टी के दफ्तर पर ऐसी कार्रवाई करवाई जा रही है। ईडी की ओर से सुकमा पार्टी कार्यालय के संबंध में जो जानकारी मांगी गई थी हम लिखित रूप से उसके निर्माण में होने वाले खर्च और भुगतान की जानकारी दी है। यहां तक कि जिन-जिन लोगों को पेमेंट किया गया चेक नंबर, अकाउंट नंबर बिल पूरी डिटेल दी गई है।

बैज ने कहा कि जानकारी देने के बाद भी कांग्रेस कार्यालय को अटैच करना न्याय संगत नहीं है, यह गलत है। इस कार्रवाई को मैं बदले की भावना समझता हूं।

## रायपुर के डामर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

रायपुर, 14 जून (एजेंसियां)। रायपुर के उरला में एक डामर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। आग इतनी भयानक है कि, आसमान में काले धुएं का गुबार करीब 5 किलोमीटर दूर तक दिखा। फिलहाल, 4 से 5 दमकल की गाड़ियों ने आग का काबू पा लिया है। मामला उरला थाना क्षेत्र का है।

उरला थाना प्रभारी बीएल चंद्राकर से मिली जानकारी के मुताबिक, आग वेस्टर्न तार प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड नाम की फैक्ट्री में लगी थी। यहां पर डामर (तार) का निर्माण किया जाता है। शनिवार 12 बजे के आसपास फैक्ट्री के कर्मचारी काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक बिजली के वायर में शार्ट सर्किट हो गया। जिससे चिंगारी आग में तब्दील हो गई। जो तेजी से फैलने लगी। मिली जानकारी के मुताबिक, फैक्ट्री के भीतर कई ज्वलनशील पदार्थ थे। जिस वजह से आग ने कुछ ही मिनटों में एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि प्रबंधन ने तत्काल वहां आसपास मौजूद लोगों को बाहर निकाला। फिर फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। जिस वजह से कोई जनहानि की सूचना नहीं है। आग भड़कते ही आसमान में करीब 5 किलोमीटर तक काले धुएं का गुबार दिखने लगा। जिससे आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। हालांकि आस पास के पावर प्लांट से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां फौरन मौके पर पहुंची। करीब चार से ज्यादा दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग में काबू पा लिया गया है। इस मामले में उरला पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## कोल्डड्रिंक में जहर देकर 3 बच्चों को मार-डाला

### गर्भवती पत्नी को पिलाकर खुद भी पी लिया, दोनों की हालत नाजुक, अफेयर के शक में वारदात

कांकेर, 14 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में शनिवार सुबह पिता ने अपने 3 बच्चों को कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया, जिससे तीनों की मौत हो गई। गर्भवती पत्नी को पिलाया और खुद पिया। पति-पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामला परतापुर थाना क्षेत्र के चंदनपुर के शांतिनगर गांव का है। मिली जानकारी के मुताबिक पारिवारिक विवाद और अफेयर के शक में वारदात की आशंका है। आरोपी का नाम देवेंद्र बैरागी (40 वर्ष) और उनकी पत्नी नमिता बैरागी (35 वर्ष) है। दोनों गंभीर हालत में सिविल अस्पताल पखांजूर में भर्ती हैं। दरअसल, देवेंद्र बैरागी शनिवार सुबह कोल-ड्रिंक लेकर आया था, जिसमें पहले से जहर मिलाकर रखा था। कोल्डड्रिंक को पहले तीनों बच्चों को पिलाया, फिर पत्नी को और खुद पिया। कोल्डड्रिंक पीते ही तीनों बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चों के बेहोश होते ही मां चिल्लाई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ग्रामीणों के मुताबिक चिल्लाने की आवाज सुनकर वह मौके पर पहुंचे। इस दौरान तीनों बच्चों की मौत हो चुकी थी। वहीं माता-पिता भी बेहोश होकर जमीन पर पड़े थे। ग्रामीणों ने फौरन एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। साथ ही आस-पास और महिला के मायके वालों को भी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी राकेश कुर्रे, एसडीओपी रवि कुजूर और परतापुर थाने की पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। मृतकों को मॉर्च्युरी और घायल पति पत्नी को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पति-पत्नी की हालत नाजुक है। घटना में सबसे दर्दनाक बात यह है कि नमिता बैरागी गर्भवती है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, परिवार पिछले कुछ महीनों से तनाव में था। पड़ोसियों का कहना है कि देवेंद्र और नमिता के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। कुछ ने आर्थिक परेशानी की भी आशंका जताई है, जबकि अन्य इसे संदेहजनक आत्महत्या और हत्या का मामला मान रहे हैं। वहीं मामले में एएसपी राकेश कुर्रे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद और चरित्र संदेह जैसी वजह सामने आ रही है, लेकिन स्थिति स्पष्ट होने तक सभी पहलुओं की गहनता से जांच जारी रहेगी।

## डॉग को ट्रेनिंग देने के बहाने दोस्ती

### महिला को शादी का झांसा देकर 2 साल तक बनाया शारीरिक संबंध, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 14 जून (एजेंसियां)। रायपुर में एक युवक ने डॉग को ट्रेनिंग देने के बहाने महिला से दोस्ती की, फिर उससे निजी बातें कर शादी का वादा किया। महिला से आरोपी 2 साल तक शारीरिक संबंध बनाते रहा। महिला को जब पता चला कि युवक पहले से शादीशुदा है और उसे धोखा दे रहा है, तो महिला ने पुलिस से रेप की शिकायत दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि, वो प्राइवेट नौकरी कर बच्चों का पालन पोषण करती हैं। कुछ महीने पहले उसने एक डॉग खरीदा था। जिसकी ट्रेनिंग के लिए अजय सोनी से संपर्क हुआ। अजय सोनी फोन पर महिला को डॉग की देखरेख की जानकारी देता था। इसी दौरान वो निजी बातें कर दोस्ती कर लिया। फिर कुछ समय बाद उसने महिला से शादी का वादा किया। आरोपी ने अपने खुद के विवाहित होने की बात छिपाई। फिर महिला को कहा कि, वह उससे शादी करना चाहता है और बच्चों का भी पालन पोषण करेगा। इसके बाद उसने महिला से 2 साल तक कई बार शारीरिक संबंध बनाएं। लंबे समय तक जब महिला उससे शादी की बात कही तो वह मुकर गया।

इस मामले में पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ महिला ने रेप की शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस ने संतोषी नगर काठाडीह रोड निवासी अजय सोनी को गिरफ्तार कर लिया है।

## 14 जिलों में बिजली गिरेगी, अंधड़ चलेगी

रायपुर, 14 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में आज से बारिश की एक्टिविटी में बढ़ोतरी होगी। बस्तर में पिछले कुछ दिनों से अटका मानसून फिर सक्रिय हो सकता है। कुछ हिस्सों में इसके आगे बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि मानसून प्रदेश में ग्रेजुअली (धीरे-धीरे) आगे बढ़ेगा। पहले एक से दो जगहों पर बारिश होगी।

इसके बाद बाकी सेंट्रल और नॉर्थ छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में स्ट्राइक करेगा। मौसम विभाग ने आज 14 जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं अन्य जिलों में बिजली गिरने का यलो अलर्ट है। इन जिलों में 50 से 60 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है। कहीं-कहीं बौछारें भी पड़ सकती है। आज मानसून बस्तर से आगे



बढ़ा तो उम्मीद है कि16 या 17 जून तक रायपुर पहुंच जाएगा। वहीं शुक्रवार शाम को रायपुर के कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हुई। यह बारिश लोकल सिस्टम की वजह से हुई थी। इससे पहले बीते मंगलवार को राजधानी में आधे घंटे की बरसात से शहर के कई इलाकों में जल भराव हो गया। विधानसभा इलाके में ब्लैक आउट की स्थिति बन गई। अब तक की बात करें तो जून में 33 में से 27 जिले (लगभग 82%) में बारिश सामान्य से कम रही है।

## मरीन ड्राइव बनाने 15 घर तोड़े महिलाओं-पुलिस में झड़प

### महिला बोली– रात में नोटिस देकर कहा– घर खाली करो, कल से सभी भूखे–प्यासे

रायगढ़, 14 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में केलो नदी के किनारे कायाघाट क्षेत्र में मरीन ड्राइव निर्माण के लिए तोड़फोड़ शुरू हो चुकी है। जहां पहले राउंड में 20 घरों को तोड़ा जा रहा है। इसके बाद 100 घरों को तोड़ा जाएगा। ऐसे में क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित है। इस दौरान महिलाओं ने पुलिस का रास्ता रोक लिया। जहां दोनों के बीच झड़प हो गई। विस्थापित महिला के मुताबिक रात 9.30 बजे उन्हें नोटिस थमाकर कहा गया कि सुबह 8 बजे तक घर खाली कर दो। आज तोड़फोड़ शुरू कर दी गई। सुबह से सभी भूखे-प्यासे हैं। कार्रवाई से नाराज प्रभावित लोगों और स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने मंत्री ओपी चौधरी के बंगले के बाहर नारेबाजी भी की।

इस दौरान मौके पर पहुंचे एसपी और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि सभी प्रभावितों को घर के बदले घर और जमीन के बदले जमीन दी जाएगी। तब जाकर प्रदर्शनकारी शांत हुए और वापस लौटे। बता दें कि नगर निगम ने कायाघाट के 295 लोगों को नोटिस दिया था।

शुक्रवार की रात में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने इसके विरोध में कलेक्टर बंगले का घेराव कर दिया था।

## कारोबारी युवक सगाई से 48 घंटे पहले हनी-ट्रैप में फंसा

जांजगीर-चांपा, 14 जून (एजेंसियां)। जांजगीर चांपा जिले में एक व्यापारी अपनी सगाई के 2 दिन पहले हनी ट्रैप में फंस गया। बसंतपुर के रहने वाले किशन साहू (26 साल) की दोस्ती आयशा बेगम (26) से हुई। दोनों ने सोशल मीडिया के जरिए नंबर एक्सचेंज किया। युवती ने 12 जून की रात किशन को खेत में बुलाया था।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। खेत में पहले से 2 युवक मौजूद थे।

सभी ने मिलकर किशन को बैठा लिया और उसके घर में पिता को फोन कर 17 लाख की मांग की। कहा कि, तुम्हारा बेटा लड़की के साथ गलत काम करते पकड़ाया है। पैसे नहीं देने पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर देंगे।

12 जून की शाम को बसंतपुर निवासी किशन घूमने निकला था। रात 8 बजे किशन के पिता बुधराम साहू को आरोपियों ने फोन किया। ये कॉल किशन के नंबर से ही लगाया गया था। आरोपी ने कहा कि, किशन को एक लड़की के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा गया है।

किशन का वीडियो वायरल न करने और उसे छोड़ने के बदले हमें 17 लाख रुपए चाहिए। कॉल पर ये बात सुनकर उसे पिता ने थाने में सूचना दी। किडनैपिंग की शिकायत पर एसपी विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जांजगीर थाना और साइबर सेल की टीम तुरंत एक्शन में आई।

## गोद लेने की चाह में नवजात की चोरी, दंपती गिरफ्तार

### नर्स बनकर गुमला सदर अस्पताल से गायब की बच्ची, पति संग बाइक से भागी थी

गुमला, 14 जून (एजेंसियां)। गुमला के सदर अस्पताल में शुक्रवार रात चोरी हुई 14 दिन की बच्ची को पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही उसे उठाकर ले जाने वाली महिला और उसके पति की गिरफ्तारी भी कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, दंपती निसंतान है। महिला ने गोद लेने की चाह में बच्ची की चोरी की।

गिरफ्तार आरोपियों में चान्हो (रांची) निवासी बबीता टोप्पो और उसका पति सूरज लोहरा शामिल है। पुलिस ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की और देर रात उन्हें चान्हो चौक से गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, शुक्रवार की रात सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड से 14 दिन की नवजात बच्ची चोरी हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। सिविल सर्जन नवल कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे।

सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज में एक महिला नर्स की यूनीफॉर्म में और मुंह पर मास्क लगाए दिखाई दी। वह सीधे एसएनसीयू वार्ड में गई। वहां बच्ची की सोई हुई मां से टीकाकरण के बारे में पूछताछ की। आरोपी महिला बच्ची को लेकर वहां से निकल गई और उसकी मां से कहा कि वह नीचे न आए और पति को भेज दे। इसके 5 मिनट बाद जब मां नीचे आई तो बच्ची गायब थी। इधर, चोरी के बाद आरोपी महिला अस्पताल के बाहर पहले से खड़े बाइक सवार पति के साथ फरार हो गई।

बच्ची की मां रतनी इंदवार और पिता नागो खड़िया सिसई प्रखंड के रेडवा के निवासी हैं। बच्ची का जन्म 30 मई को सिसई रेफरल अस्पताल में हुआ था। बाद में उसे गुमला सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया था। पहले बच्ची को आईसीयू में रखा गया था। स्थिति में सुधार के बाद एसएनसीयू वार्ड में शिफ्ट किया गया था।

## झरिया में अवैध लॉटरी कारोबार पर कार्रवाई

### छह लोग गिरफ्तार, लॉटरी टिकट और 24 हजार रुपए जब्त

धनबाद, 14 जून (एजेंसियां)। धनबाद स्थित झरिया में पुलिस ने अवैध लॉटरी कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपियों से लॉटरी टिकट और 24,500 रुपए की नगद राशि बरामद की है।

सिंदरी के एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि झरिया क्षेत्र में अवैध लॉटरी कारोबार की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसी के मद्देनजर विशेष अभियान चलाया गया। गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में अवैध लॉटरी बेचकर लोगों को ठग रहे थे।

पुलिस ने अनिल वर्मा, निरंजन सिंह, बिरजू साव, सूरज रजक, तपेश सेन और सुनील वर्मा को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसडीपीओ ने कहा कि अवैध लॉटरी बिक्री में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जांच में यदि और लोगों के नाम सामने आते हैं तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस तरह की छापेमारी आगे भी जारी रहेगी।

## 6.45 लाख रुपए की लूट का खुलासा

पाकुड़, 14 जून (एजेंसियां)। पाकुड़ के हिरणपुर थाना के आसनजोला गांव में हुए लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में दो अपराधियों को पुलिस ने अरेस्ट किया है। दोनों ने 29 मई को बंदूक की नोक पर पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के रहने वाले केताबुल मल्लिक से पैसों भरा बैग छीन लिया था। छिनतई की घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया था, जब केताबुल बाइक से 6.45 लाख रुपए नकद लेकर जा रहे थे। उसी दौरान आसनजोला के पास मास्क पहने अपराधियों ने उन्हें रिवॉल्वर दिखाकर उनका बैग छीन लिया और फरार हो गए। इस संबंध में हिरणपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले के खुलासे की जानकारी एसडीपीओ दयानंद आजाद ने शनिवार को दी। एफआईआर दर्ज होने के बाद एसडीपीओ दयानंद आजाद के निर्देश पर स्पेशल टीम बनाई गई थी।

इस टीम ने पड़ताल करते हुए 13 जून को पाकुड़ बस स्टैंड से एक आरोपी गुलाब साहा उर्फ गुलाब चंद्र साहा नाम को दबोचा। वहीं, दूसरे आरोपी करण मंडल उर्फ करण कुमार मंडल को गोवा से पकड़ कर पाकुड़ लाया गया और पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने गुलाब साहा के पास से 15 हजार रुपए और करण मंडल के पास से 10 हजार रुपए बरामद किए।

## जमुआ में ज्वैलर्स से लूट का खुलासा

गिरिडीह, 14 जून (एजेंसियां)। जिले की जमुआ पुलिस ने लूट की एक बड़ी वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटे गए जेवरात और दो देसी पिस्टल बरामद किए हैं। एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि घटना 22 मई की है, जब जमुआ के पोबी मोड़ के पास विशाल ज्वैलर्स के मालिक विशाल कुमार सोनी से तीन बदमाशों ने लूटपाट की थी। दुकान बंद कर घर जाते समय सफेद अपाची पर सवार बदमाशों ने उन्हें रोका। पिस्टल दिखाकर जेवरात और रुपए से भरा बैग छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने गोली चला दी और विशाल को घायल कर 5 हजार रुपए के साथ जेवरात लूट लिए।



# 500 करोड़ रुपये लगाकर 7,704 करोड़ की कमाई

## मुकेश अंबानी ने बताया शेयर मार्केट से मुनाफे का तरीका!

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। देश के अमीर कारोबारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शेयर बाजार के निवेशकों को एक बड़ा सबक सिखाया है। उन्होंने बताया है कि सही समय पर सस्ते शेयर खरीदकर कैसे लंबे समय में बड़ा मुनाफा कमाया जा सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एशियन पेंट्स में अपनी हिस्सेदारी बेचकर लगभग 23 गुना मुनाफा कमाया है। यह एक बहुत ही शानदार सौदा है। जनवरी 2008 में जब दुनिया भर के बाजार आर्थिक संकट से जूझ रहे थे, तब रिलायंस ने एशियन पेंट्स में 4.9% हिस्सेदारी सिर्फ 500 करोड़ रुपये में खरीदी थी। अब, कंपनी ने अपनी हिस्सेदारी का 3.6% हिस्सा एसबीआई म्यूचुअल फंड को 7,704 करोड़ रुपये में बेच दिया है। यह भारतीय कॉरपोरेट इतिहास में सबसे सफल निवेशों में से एक है। रिलायंस ने स्टॉक एक्सचेंजों को बताया कि कंपनी ने सहायक कंपनी सिद्धांत कमर्शियल्स लिमिटेड के माध्यम से 3.5 करोड़ शेयर 2,201 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बेचे हैं। गुरुवार को कंपनी का शेयर 2,218.05 रुपये पर बंद हुआ था। डिविडेंड मिलाकर रिलायंस को अपने निवेश पर लगभग 23 गुना रिटर्न मिलेगा। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार इस हिस्सेदारी की बिक्री के बाद एशियन पेंट्स में रिलायंस की सहायक कंपनी सिद्धांत कमर्शियल्स की हिस्सेदारी 4.90% से घटकर 1.26% हो गई है। वहीं SBI म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी 1.51% से बढ़कर 5.15% हो गई है। अंबानी ने बिल्कुल



सही समय पर यह फैसला लिया। पिछले 2 सालों में एशियन पेंट्स के शेयरों में 32% की गिरावट आई है। यह निफ्टी की सबसे कमजोर कंपनियों में से एक रही है। भारत का 9 अरब डॉलर का पेंट उद्योग कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। एशियन पेंट्स पर आदित्य बिड़ला ओपस जैसी नई कंपनियों से भारी दबाव है, जो उसे नंबर एक के स्थान से हटाने की कोशिश कर रही हैं।

**5 साल पहले भी की थी कोशिश**

रिलायंस ने 5 साल पहले भी अपनी हिस्सेदारी बेचने की कोशिश की थी। उस समय कंपनी भारत का सबसे बड़ा राइट्स इश्यू लाने वाली थी। कंपनी टेलीकॉम सेक्टर में बड़े निवेश के बाद अपने कर्ज को भी कम करना चाहती थी। हालांकि, यह योजना सफल नहीं हो पाई। इसके बजाय कंपनी ने डिजिटल, टेलीकॉम और रिटेल वेंचर्स के लिए दुनिया भर के निवेशकों से 25 बिलियन डॉलर जुटाए।

# भारत जापान के साथ रेयर अर्थ निर्यात समझौते की दोबारा करेगा समीक्षा



नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। भारत सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) को जापान के साथ चल रहे रेयर अर्थ निर्यात समझौते को फिलहाल रोकने का निर्देश दिया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि देश के लिए जरूरी रेयर मिनरल्स की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और चीन पर निर्भरता को कम किया जा सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह निर्देश ऐसे समय में आया है जब दुनियाभर में चीन द्वारा रेयर अर्थ की आपूर्ति पर नियंत्रण को लेकर चिंता बढ़ रही है। ये रेयर मिनरल्स इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, रिन्यूएबल एनर्जी और हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग में बेहद अहम भूमिका निभाते हैं।

**2012 से चल रहा था भारत-जापान समझौता**

आईआरईएल और टोयोटा ग्रुप की कंपनी टोयोत्सु रेयर अर्थ्स इंडिया के बीच 2012 में हुआ समझौता जापान को मुख्य रूप से नियोडिमियम जैसे रेयर अर्थ निर्यात करने की सुविधा देता था। साल 2024 में ही टोयोत्सु ने भारत से 1,000 मीट्रिक टन से ज्यादा रेयर अर्थ जापान भेजा, जो आईआरईएल के कुल 2,900 मीट्रिक टन उत्पादन का करीब एक-तिहाई हिस्सा था। हालांकि जापान अभी भी चीन से ही रेयर अर्थ का बड़ा हिस्सा आयात करता है। क्योंकि चीन इस क्षेत्र में उत्पादन और प्रोसेसिंग दोनों में वैश्विक स्तर पर सबसे आगे है।

**आईआरईएल अब घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देगा**

आईआरईएल पहले तक रेयर अर्थ का निर्यात करता रहा क्योंकि भारत में उसकी प्रोसेसिंग की क्षमता सीमित थी। लेकिन अप्रैल 2024 से चीन द्वारा रेयर अर्थ के निर्यात पर लगाम लगाए जाने के बाद भारत की सोच में बदलाव आया है। अब आईआरईएल का ध्यान देश के भीतर खनिज संसाधनों को विकसित करने और उनका उपयोग यहीं करने पर है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग के हितधारकों के साथ बैठक में आईआरईएल को घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देने की सलाह दी। हालांकि मौजूदा समझौते को तुरंत खत्म करना संभव नहीं है क्योंकि यह द्विपक्षीय करार है। लेकिन आईआरईएल अब इस मुद्दे को कूटनीतिक तरीके से हल करने की कोशिश कर रहा है। जापान को भारत एक रणनीतिक साझेदार मानता है।

## घरेलू प्रोसेसिंग क्षमता बढ़ाने की तैयारी में भारत

भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा रेयर अर्थ भंडार है, जो लगभग 6.9 मिलियन मीट्रिक टन है। बावजूद इसके, देश में बड़े पैमाने पर मैग्नेट उत्पादन की तकनीकी और ढांचागत क्षमता अभी विकसित नहीं हो पाई है। मार्च 2025 में खत्म हुए वित्तीय वर्ष में भारत ने लगभग 53,748 मीट्रिक टन रेयर अर्थ मैग्नेट आयात किए, जिनमें से ज्यादातर चीन से आए। ये मैग्नेट इलेक्ट्रिक गाड़ियों, विंड टर्बाइनों और मेडिकल उपकरणों में काम आते हैं।

भारत में रेयर अर्थ का खनन करने का अधिकार सिर्फ आईआरईएल के पास है। और यह कंपनी परमाणु ऊर्जा विभाग को न्यूक्लियर और डिफेंस सेक्टर के लिए जरूरी खनिज सप्लाई करती है। लेकिन देश में पूरी सप्लाई चेन और आवश्यक तकनीक की कमी के कारण आत्मनिर्भरता हासिल नहीं हो पाई है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**

गुरु बुध ३, सूर्य २, १, शुक्र शनि, ४, मंगल केतु ५, राहु ११, ६, ८, चंद्र १०, ७, ९

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 05-44
भोग्य कलि वर्ष-426874 सूर्यास्त - 18-46
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृष मे | वृष--- | 04-24 बजे |
| चंद्र- | मकर मे | मिथुन.. | 05-44 बजे |
| मंगल | सिंह मे | कर्क--- | 07-57 बजे |
| बुध- | मिथुन मे | सिंह--- | 10-08 बजे |
| गुरु- | मिथुन मे | कन्या... | 12-15 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | तुला.... | 14-22 बजे |
| शनि- | मीन मे | वृश्चिक.. | 16-30 बजे |
| राहु- | कुंभ मे | धनु.... | 18-44 बजे |
| केतु- | सिंह मे | मकर... | 20-54 बजे |
| | | कुंभ... | 22-41 बजे |
| | | मीन.... | 00-19 बजे |
| | | मेष.... | 01-55 बजे |

दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी 15-51 तक उपरान्त पंचमी
मास - आषाढ़ कृष्ण, रविवार 15 June
नक्षत्र - श्रवण 00-59 तक उपरान्त धनिष्ठा
योग - ऐन्द्र 12-19 तक उप वैधृति
करण- बालव 15-51 तक उप कौलव
विशेष:- व्रत-त्योहार - मिथुन मे सूर्य

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 17:12 से 18:50 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 05:44 - 07:21 | अशुभ | शुभ | 18:50 - 20:12 | शुभ |
| चंचल | 07:21 - 08:59 | शुभ | अमृत | 20:12 - 21:34 | शुभ |
| लाभ | 08:59 - 10:38 | शुभ | चंचल | 21:34 - 22:55 | शुभ |
| अमृत | 10:38 - 12:17 | शुभ | रोग | 22:55 - 00:17 | अशुभ |
| काल | 12:17 - 13:55 | अशुभ | काल | 00:17 - 01:38 | अशुभ |
| शुभ | 13:55 - 15:34 | शुभ | लाभ | 01:38 - 02:59 | शुभ |
| रोग | 15:34 - 17:12 | अशुभ | उत्पात | 02:59 - 04:22 | अशुभ |
| उत्पात | 17:12 - 18:46 | अशुभ | शुभ | 04:22 - 05:44 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
आपकी वित्तीय नियोजन और कड़ी मेहनत ने रंग दिखाया है। जो लोग पहले आप पर शक करते थे और आपके निर्णय से सहमत नहीं होते थे, वे आपके तर्क और दूरदर्शिता की आपकी शक्तियों से प्रभावित होंगे। वित्तीय सफलता की इस अवधि का आप आनंद लें। आज आप विलासिता से संभंधित वस्तुओ पर व्यय कर सकते है।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
ग्रहों की ऊर्जा के प्रभाव के तहत आज आप अपने भीतर की आवाज सुनने के लिए सक्षम हो पायेंगे। इन आवाजों के गहरे अर्थ को आप समझने की कोशिश करे। अगर आप उन्हें समझ लेते हैं, तो आप आसानी से काम कर पायेंगे। इसके अलावा, स्पष्ट रूप से अपने आप को व्यक्त करने में संकोच न करे।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आपके प्रतियोगी आपको नीचा दिखाने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपकी विस्फोटक आत्मविश्वास की भावना आपको अपराजेय रखेगी। इस समय आप अपना विनम्र स्वाभाव बंद करे ताकि कोई आपका अनुचित लाभ न ले। आपको कुछ अप्रत्याशित धन प्राप्त हो सकता है जिसका इंतजार आप लम्बे समय से कर रहे थे।

**कर्क** ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,
अप्रत्याशित धन की प्राप्ति के आज योग बन रहे है। आपको ऐसे धन की प्राप्ति हो सकती है जिसके बारे में आपने सोचना छोड़ दिया था। आज आप अपने निष्क्रिय निवेश के ऊपर भी ध्यान दे क्योकि वहा से भी आपको शुभ सन्देश मिल सकता है। अगर किसी ने आपसे उधार लिया है और जिसे आप लगभग भूल चुक।

**सिंह** मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,
आपकी कड़ी मेहनत और धैर्य की लंबी प्रतिबद्धता का फल आपको मिलने जा रहा है और एक बड़ा अवसर आपके करियर को आगे ले जाने के लिए आपको मिल सकता है। अंतः आपको अपनी प्रतिबद्धताओं का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा, हालांकि अन्य लोगों के योगदान को याद करे और न भूले और उनके साथ सदा विनम्र रहे।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी मुखर और प्रेरक रहेंगे। आपको ऐसे कार्य क्षेत्र में कार्य करने के अवसर मिलेंगे जहा साझेदारी से कारोबार होता हो और एक दूसरे की सहायता करना प्रमुखता हो। आप प्रमुख परियोजना को पूरा करने के लिए दुसरो को संगठित करने के लिए प्रेरित करते है।

**तुला** रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,
आज का दिन शेयर बाजार में निवेश के लिए उत्तम है परन्तु आपको अपने निवेश को लेकर सतर्क रहना होगा। आज के दिन अगर आप वाहन, दवाई या सौन्दर्य प्रसाधन उद्योग में निवेश करेंगे तो वो काफी फायदेमंद साबित होगा। ये बहुत जरुरी है की आप अपने निवेश को दोबारा परखे और जहा जरुरी हो उसमे बदलाव लाये जिससे की आपकी लाभ की सीमा बढे।

**वृश्चिक** तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,
आज आप जो भी कार्य करेंगे, सफलता आपके कदम चूमेगी। अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा में बैठे थे तो आज आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज का दिन पदोन्नति या अधिक जिम्मेदारी लेने के बारे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार विमर्श आरंभ करने के लिए उपयुक्त है। आपको इस बहुत ही अनुकूल दिन का लाभ लेने के लिए अपने सभी प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

**धनु** ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे
आज आप खर्चीले साबित हो सकते है! आपकी अवचेतन अवस्था आध्यात्मिक संदेशो के द्वारा निर्देशित हो सकती है जिस में आप फस सकते हो, सुझाव व उपायों में कोई खराबी नहीं है, परन्तु अपनी बचत को खाली कर के नहीं। तथ्यात्मक यह सब अच्छा नहीं होगा, बस धैर्य रखने की जरुरत है और चीजे धीरे-धीरे ठीक होनी शुरू हो जाएंगी।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
कुछ बड़ी चीजे आपके कार्य क्षेत्र में आपका इंतजार कर रही है। आपको कुछ समय से अपने कार्य के प्रति प्रशंसा नहीं मिल रही थी, ये पूरी तरह से आज गायब हो जाएगा और आपको उच्च वेतन और अधिक भत्तों के साथ एक दूसरी जगह नौकरी मिल सकती है जो आपकी सोच से परे थी, हालांकि इस नौकरी के लिए आपका स्थानांतरण हो सकता है।

**कुंभ** गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप एक महत्वाकांक्षी व्यक्ति हैं और अपने सपनों का पीछा करने के साथ, आप सुनियोजित तरीके से अपनी चीजो को रखते है। दूसरे इस तरह नहीं है लेकिन दूसरों को ये न बताये और समय पर सब छोड़ दे। इस भावना को त्याग दे अन्यथा लोगों को ये गलतफहमी होगी की आप उनके जीवन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहे है।

**मीन** दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
कुछ मामूली समस्याओं का आपको सामना करना पड़ सकता है, जिससे की अपने कार्यस्थल पर शांति से कार्य करने में बाधा आ सकती है। आज आपको धैर्य की एक बड़ी मात्रा की जरूरत है खासकर जब आप अपने सहकर्मी के साथ कार्य करे। क्रोध को दूर रखे बल्कि उसके साथ समझदारी से निपटे ताकि आपके पूरे समूह के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव न पडे।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

## निफ्टी-500 कंपनियों का मुनाफा 17 साल की ऊंचाई पर

### क्रिप्टो लेनदेन करने वाले फिर से भरें आईटीआर

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। निफ्टी-500 कंपनियों का लाभ 2024-25 में जीडीपी के अनुपात में 4.7 फीसदी पर पहुंच गया। यह 17 साल का उच्च स्तर है। सूचीबद्ध कंपनियों के लिए यह अनुपात और भी अधिक 5.1 फीसदी था, जो 14 वर्षों का उच्च स्तर है।

मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार, जीडीपी अनुपात में लाभ में निरंतर वृद्धि कई प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से समर्थित थी। पिछले सात वर्षों से नकारात्मक योगदान करने वाला दूरसंचार क्षेत्र पिछले वित्त वर्ष में सकारात्मक हो गया। वृद्धि में योगदान देने वाले अन्य क्षेत्रों में सरकारी बैंक (0.07 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा (0.04 प्रतिशत), उपभोक्ता (0.04 प्रतिशत), मेटल (0.03 प्रतिशत) व बुनियादी ढांचा (0.2 प्रतिशत) शामिल हैं। कुछ क्षेत्रों में गिरावट देखी गई। तेल-गैस में सबसे अधिक 0.28 प्रतिशत की कमी रही। वाहन (0.03 प्रतिशत), सीमेंट (0.02 प्रतिशत) में भी गिरावट रही।

**क्रिप्टो लेनदेन करने वाले फिर से भरें आईटीआर**

आयकर विभाग ने क्रिप्टोकरेंसी में लेन-देन करने वाले हजारों डिफॉल्टरों को ई-मेल संदेश भेजकर अद्यतन आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने को कहा है। यह संदेश उन लोगों को भेजा गया है, जिन्होंने अपने रिटर्न में इस आय को नहीं दर्शाया है। सूत्रों ने बताया कि ये लेनदेन आकलन वर्ष 2023-24 और 2024-25 से संबंधित हैं।

# इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में रही तेजी

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 7 जून को सोना 97,145 रुपए पर था, जो अब (14 जून) को 99,058 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,913 रुपए बढ़ी है।



13 जून को सोने ने 99170 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 1,05,285 रुपए पर थी, जो अब 1,06,167 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 882 रुपए बढ़ी है। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**इस साल अब तक 22,896 रुपये महंगा हुआ सोना**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,896 रुपए बढ़कर 99,058 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 20,150 रुपए बढ़कर 1,06,167 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। हालांकि, आगे जियो पॉलिटिकल टेंशन कम होने के आसार हैं। इससे चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ेगी। इससे चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें**

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है-AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

# विदेशों में धूम मचा रहे 'मेड इन इंडिया' चीनी फोन



नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। भारत में बने फोन और इलेक्ट्रॉनिक सामान में विदेशों में खूब मांग हो रही है। चीन की स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों ने भारत से निर्यात करना शुरू कर दिया है। वे पश्चिम एशिया, अफ्रीका और यहां तक कि अमेरिका को भी सामान भेज रही हैं। पहले इन बाजारों में चीन और वियतनाम से ही माल आता था। लेकिन अब भारत सरकार के लगातार कहने और यहां उत्पादन क्षमता बढ़ने के कारण ऐसा हो रहा है। ओप्पो मोबाइल इंडिया ने वित्त वर्ष 2024 (एफवाई24) में पहली बार निर्यात से 272 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा कमाई है। वहीं रियलमी मोबाइल टेलीकम्युनिकेशंस (इंडिया) ने 114 करोड़ रुपये कमाए हैं। कंपनियों ने यह जानकारी 12 मई को रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) को दी है। अभी तक एफवाई25 के नतीजे नहीं आए हैं। टेलीविजन और घरेलू उपकरण बेचने वाली सबसे बड़ी चीनी कंपनियों में से एक, हिसेन ग्रूप अगले साल की शुरुआत से भारत में बने सामान को पश्चिम एशिया और अफ्रीका में निर्यात करने की योजना बना रही है।

**चीनी कंपनियों के लिए बड़ा बदलाव**

यह चीनी कंपनियों के लिए एक बड़ा बदलाव है। अभी तक वे सिर्फ भारत में ही सामान बेच रही थीं। लेकिन साल 2020 में चीन के साथ सीमा पर विवाद के बाद सरकार ने चीनी कंपनियों पर सख्ती बढ़ा दी है।

सरकार चाहती है कि चीनी कंपनियां भारत में ही उत्पादन करें। सरकार ने चीनी कंपनियों से कहा है कि वे भारतीय कंपनियों के साथ मिलकर उत्पादन करें। उन्हें भारत में ही वितरण और निर्यात का काम करना चाहिए। साथ ही, अपनी कंपनियों में बड़े पदों पर भारतीयों को नियुक्त करना चाहिए।

# सरकार ने फिर से बढ़ा दी फ्री आधार कार्ड अपडेट की आखिरी तारीख

### यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। यूआईडीएआई ने एक बार फिर देश के करोड़ों आधार कार्ड धारकों को बड़ी राहत दी है। आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपलोड की आखिरी तारीख को अब एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। पहले डॉक्यूमेंट के साथ फ्री आधार अपडेट की आखिरी तारीख 14 जून 2025 थी लेकिन अब इसे 14 जून 2026 कर दिया गया है। इसकी जानकारी यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करके दी है।



सरकार की ओर से कहा गया है कि जिनके पास भी 10 साल या इससे पुराना आधार कार्ड है उन्हें पहचान और एड्रेस प्रूफ के साथ अपने आधार को अपडेट करना होगा यानी यदि आपके पास 10 साल पुराना आधार कार्ड है और इस अवधि में एक बार भी आधार अपडेट नहीं हुआ है तो आपको अपडेट कराना होगा, नहीं तो आपका आधार कार्ड रद्द भी हो सकता है।

**आधार अपडेट के लिए इन डॉक्यूमेंट की होगी जरूरत**

आधार अपडेट के लिए आपको दो जरूरी डॉक्यूमेंट की जरूरत होगी। पहला पहचान पत्र और दूसरा एड्रेस प्रूफ। आमतौर पर आधार अपडेट के लिए आधार सेंटर पर 50 रुपये का शुल्क लगता है लेकिन यूआईडीएआई के मुताबिक 14 जून 2026 तक यह सेवा फ्री है। पहचान पत्र के तौर पर आप पैन कार्ड और एड्रेस के लिए वोटर कार्ड दे सकते हैं।

## भारत में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद रोजगार 8.9 फीसदी बढ़ा, एआई और शिक्षा क्षेत्र में तेजी

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। देश में रोजगार सृजन लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई, 2025 में 8.9 फीसदी बढ़ गया। रोजगार वृद्धि की यह दर अन्य देशों की तुलना में तेज है। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 1.8 फीसदी की मामूली गिरावट दर्ज की गई। नौकरियों से जुड़ी वेबसाइट इनडीड की रिपोर्ट के मुताबिक, सालाना गिरावट के बावजूद भारत में रोजगार सृजन कोविड-19 महामारी के पहले की तुलना में करीब 80 फीसदी अधिक रहा।

यह अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोजगार सृजन मुख्य रूप से बाल देखभाल (27 फीसदी), व्यक्तिगत देखभाल व गृह स्वास्थ्य (25 फीसदी), शिक्षा (24 फीसदी) और उत्पादन-विनिर्माण (22 फीसदी) में हुआ। इसके अलावा, जनरेटिव एआई क्षेत्र में मई तक रोजगार सृजन 1.5 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना से भी अधिक है।


# एअर इंडिया- एक्सप्रेस उड़ान संख्या '171' का इस्तेमाल बंद करेगी

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस गुरुवार को हुए एअर इंडिया विमान हादसे के बाद उड़ान संख्या '171' का इस्तेमाल करना बंद कर देंगे।

सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। इस हादसे में 241 लोग मारे गए थे। एअर इंडिया गुरुवार को 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के जरिए अहमदाबाद से लंदन से सटे गैटविक तक जाने के लिए उड़ान संख्या 'एआई 171' का संचालन कर रहा था। उड़ान भरने के तुरंत बाद बोइंग की ओर से बनाया गया यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह सामान्य प्रथा है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस उस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग बंद कर देती हैं। 17 जून से अहमदाबाद-लंदन गैटविक की उड़ान संख्या 'एआई 171' के बजाय 'एआई 159' होगी। एक सूत्र ने बताया कि बुकिंग सिस्टम में जरूरी बदलाव शुक्रवार को शुरू कर दिए गए हैं। एक अन्य सूत्र ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी अपनी उड़ान संख्या 'आईएक्स 171' को समाप्त करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि उड़ान संख्या '171' को बंद करना दिवंगत आत्माओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है। 2020 में, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कोझीकोड में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान की उड़ान संख्या का उपयोग करना भी बंद कर दिया। उस हादसे में 21 लोग मारे गए थे।

# यूएन में गाजा पर वोटिंग से भारत ने बनाई दूरी, कांग्रेस बोली- ये कायरतापूर्ण कृत्य



नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि गाजा में युद्ध विराम की मांग वाले संयुक्त राष्ट्र के मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत सरकार का दूरी बनाना नैतिक रूप से कायरतापूर्ण कृत्य है। युद्ध विराम के लिए वोट देने से डरने वाली सरकार भारत या दुनिया को नैतिक दिशा तथा नेतृत्व देने के लायक नहीं है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि पिछले छह महीनों में ऐसा क्या बदलाव आया जिसके कारण भारत ने युद्ध विराम का समर्थन करना बंद कर दिया। फिलिस्तीन पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सैद्धांतिक रुख को भी छोड़ दिया? संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है।

**भारत के अलावा भी कई देशों ने नहीं की वोटिंग**

महासभा में स्पेन की तरफ से प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्ध विराम और हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई। भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया, जबकि 12 देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और पक्ष में 149 वोट पड़े हैं।

**सत्य और अहिंसा के लिए निडरता से खड़ा होना होगा- प्रियंका गांधी**

प्रियंका गांधी ने कहा कि हम एक राष्ट्र प्रियंका गांधी ने वोटिंग में शामिल न होने को लेकर कहा कि यह शर्मनाक और निराशाजनक है कि हमारी सरकार ने गाजा में नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी तथा मानवीय दायित्वों को पूरा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर विचार न करने का फैसला किया है। 60,000 लोग, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं, पहले ही मारे जा चुके हैं, एक पूरी आबादी को बंधक बनाकर भूख से मारा जा रहा है और हम कोई कदम उठाने से इनकार कर रहे हैं। वास्तव में, हम न केवल नेतन्याहू द्वारा पूरे देश को नष्ट किए जाने पर चुप खड़े हैं, बल्कि हम उनकी सरकार द्वारा ईरान पर हमला किए जाने और उसकी संप्रभुता का घोर उल्लंघन करते हुए उसके नेतृत्व की हत्या किए जाने पर भी खुशी मना रहे हैं। सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पूरी तरह उल्लंघन कर रहे हैं।

के रूप में अपने संविधान के सिद्धांतों और अपने स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को कैसे त्याग सकते हैं, जिसने शांति और मानवता पर आधारित अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र का मार्ग प्रशस्त किया? इसका कोई औचित्य नहीं है। सच्चा वैश्विक नेतृत्व न्याय की रक्षा करने के साहस की मांग करता है, भारत ने अतीत में यह साहस निरंतर दिखाया है। एक ऐसे विश्व में जो तेजी से विभाजनकारी होता जा रहा है, हमें मानवता के लिए अपनी आवाज पुनः उठानी होगी और सत्य और अहिंसा के लिए निडरता से खड़ा होना होगा।

**केसी वेणुगोपाल ने दिलाई पूर्व पीएम वाजपेयी की याद**

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारत हमेशा शांति, न्याय और मानवीय सम्मान के लिए खड़ा रहा है, लेकिन आज भारत दक्षिण एशिया, ब्रिक्स और एससीओ में गाजा में युद्ध विराम की मांग करने वाले प्रस्ताव से दूरी बनाने वाला एकमात्र देश है। उन्होंने सवाल किया कि क्या भारत युद्ध के खिलाफ, नरसंहार के खिलाफ और न्याय के लिए अपने सैद्धांतिक रुख से पीछे हट गया है? वेणुगोपाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय को स्पष्ट करना चाहिए में पिछले छह महीनों में ऐसा क्या बदलाव आया जिसके कारण भारत ने युद्ध विराम का समर्थन करना बंद कर दिया? हम जानते हैं कि इस सरकार को नेहरू जी की विरासत का बहुत कम सम्मान है, लेकिन फिलिस्तीन पर वाजपेयी जी के सैद्धांतिक रुख को भी क्यों छोड़ दिया?' कांग्रेस महासचिव ने इस बात पर जोर दिया, 'भारत लंबे समय से पश्चिम एशिया में युद्ध विराम, शांति और बातचीत के लिए एक सैद्धांतिक आवाज़ रहा है। गुटनिरपेक्षता और नैतिक कूट नीति की हमारी विरासत रही है। भारत ने ऐतिहासिक रूप से वैश्विक संघर्षों में न्याय और मानवीय मूल्यों का समर्थन किया है।

**गौरवशाली विरासत मलबे में तब्दील- पवन खेड़ा**

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भारत का 12 जून, 2025 को संयुक्त राष्ट्र में गाजा युद्धविराम पर मतदान से दूर रहना एक चौंका देने वाला नैतिक रूप से कायरतापूर्ण कृत्य है। साथ ही यह हमारी उपनिवेशवाद विरोधी विरासत और स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों के साथ शर्मनाक विश्वासघात है। उन्होंने कहा, ' कभी भारत ने फिलिस्तीन के लिए मजबूती से खड़ा होकर इतिहास रचा था।

1974 में फिलिस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) को मान्यता देने वाला पहला गैर-अरब देश बना, 1983 में नई दिल्ली में आयोजित 7वें गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नैम) शिखर सम्मेलन में यासिर अराफात को आमंत्रित किया और 1988 में औपचारिक रूप से फिलिस्तीन राज्य को मान्यता दी' खेड़ा ने इस बात पर जोर दिया, ' हमने न्याय के लिए रणनीति के तौर पर नहीं बल्कि सिद्धांत के तौर पर खड़े होने का चुनाव किया था, लेकिन आज वह गौरवशाली विरासत मलबे में तब्दील हो चुका है।

## एमडी ड्रग्स तस्करी करते तीन पकड़ाए, 38 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त

इंदौर, 14 जून (एजेंसियां)। इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 38 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक एक्टिवा वाहन जब्त किया है। तीनों आरोपी कम पढ़े-लिखे हैं और नशे की लत के चलते इस धंधे में उतरे हैं। क्राइम ब्रांच ने पहली कार्यवाही सूर्यदेव नगर में की। यहां से दो आरोपियों निम्बू उर्फ निमेश मिश्रा (26) निवासी हुक्मखेड़ी रेती मंडी और नितिन बामनिया (29) निवासी सिल्वर ऑक्स कॉलोनी को गिरफ्तार किया है।दोनों आरोपियों के पास से 25 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक एक्टिवा स्कूटर बरामद की है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे खुद नशा करते हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए एमडी ड्रग्स खरीदकर उसे ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे। दूसरी कार्यवाही पंचकुइया मुक्तिधाम के पीछे की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने दबिश देकर रिंकू उर्फ वैभव धामेलिया (24) निवासी प्रजापत नगर को गिरफ्तार किया है।

## भोपाल एनआईए टीम का झालावाड़ में छापा

### राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के शक में कपड़ा व्यापारी पर कार्रवाई



भोपाल, 14 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की भोपाल टीम ने राजस्थान के झालावाड़ में एक कपड़ा व्यापारी के मकान-दुकान पर शनिवार सुबह एक साथ छापेमारी की है। छापेमारी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को लेकर की गई है। स्थानीय पुलिस की सुरक्षा में टीम छापे की कार्रवाई कर रही है। संदिग्ध व्यापारी के घर से कुछ इलेक्ट्रिक उपकरण और अन्य सामान बरामद किया गया है। छापे की कार्रवाई पूरी होने के बाद ही स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी। एनआईए सूत्रों के अनुसार राजस्थान के झालावाड़ जिले के मनोहर थाना क्षेत्र में काजी चौक जामा मस्जिद के पास स्थित एक प्रतिष्ठित व्यापारी के मकान और दुकान पर छापा मारा है। एनआईए के साथ सुरक्षा में स्थानीय पुलिस को भी शामिल किया गया है। छापे की कार्रवाई पूरी होने में समय लगने की संभावना है। एनआईए झालावाड़ के जिस गली में छापेमारी कर रही है, उस गली को स्थानीय पुलिस ने दोनों तरफ से सामान्य आवाजाही के बंद कर दिया है। गली के दोनों छोर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। जिस व्यापारी के यहां छापेमारी चल रही है, वह सामाजिक गतिविधियों में भी संलिप्त रहते थे। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को लेकर यह छापेमारी की जा रही है। भोपाल और दिल्ली में पहले से जिन मामलों की जांच चल रही है, उसी में से किसी एक मामले में उक्त कपड़ा व्यापारी की संलिप्तता की बात सामने आ रही है। हालांकि एनआईए सूत्रों ने सिर्फ छापेमारी की पुष्टि की है।

## केदारनाथ यात्रा मार्ग पर हादसा घोड़े से फिसलकर खाई में गिरा श्रद्धालु; गंभीर रूप से घायल

नैनीताल, 14 जून (एजेंसियां)। उत्तराखंड के केदारनाथ की यात्रा के लिए कई लोग, जिन्हें चलने में कुछ परेशानी होती है। वह यात्रा पर घोड़े और खच्चरों का इस्तेमाल करते है। केदारनाथ की यात्रा के लिए निकले एक ग्रुप ने गौरीकुण्ड से केदारनाथ के लिए घोड़े लिए। लेकिन बड़ी लिनचोली के पास कुबेर ग्लेशियर के पास एक घोड़ा चौंक गया और बेकाबू हो गया। ऐसे में घोड़े पर सवार श्रद्धालु ऋषिराज सिंह खाई में जा गिरा, जिसके बाद मामले की जानकारी मिलने पर एनडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे और श्रद्धालु का रेस्क्यू किया गया और उसे खाई से बाहर निकाला गया। इसके बाद श्रद्धालु को घायल हालत में बड़ी लिनचोली लाया गया। श्रद्धालु को बडी लिनचोली में मेडिकल रिलीफ पोस्ट (एमआरपी) में भर्ती कराया गया। लेकिन खाई बहुत ज्यादा गहरी थी, जिसमें गिरने की वजह से श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गया और खड़ा भी नहीं हो पा रहा है।

## असम में बांग्लादेश बॉर्डर से सटे इलाकों में सांप्रदायिक तनाव, उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश



गुवाहाटी, 14 जून (एजेंसियां)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बांग्लादेश से सटे धुबरी जिले में सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया है। हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरान करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर में गोमांस फेंकने की घटना कभी नहीं होनी चाहिए थी। इसमें शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की सीमा से लगे धुबरी जिले में रात में देखते ही गोली मारने के आदेश लागू होंगे। हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मैंने धुबरी का दौरा किया और अधिकारियों को मंदिरों और पवित्र स्थानों को अपवित्र करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। धुबरी कस्बे में रविवार को एक मंदिर के पास मांस के टुकड़े मिलने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद इलाके में तनाव बढ़ गया।

**उपद्रवियों से सख्ती से निपटने के आदेश**

मुख्यमंत्री ने स्थिति की समीक्षा के लिए उन्होंने कहा कि पत्थरबाजी की घटना में संलिप्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में आरएएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को तैनात किया जाएगा और धुबरी में सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने कानून अपने हाथ में लिये हैं, उनके साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

**इलाके में क्यों फैली है अशांति**

सीएम ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से धुबरी में कानून-व्यवस्था की स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बकरीद के अगले दिन सात जून को धुबरी जिला मुख्यालय में हनुमान मंदिर के सामने एक गाय का सिर मिला था, जिसके बाद हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने शांति और सद्भाव की अपील की थी। शर्मा ने बताया कि हालांकि अगले दिन फिर से मंदिर के सामने गाय का सिर रखा गया और रात में पत्थरबाजी की गई। उन्होंने बताया कि बकरीद से एक दिन पहले 'नबीन बांग्ला' नामक संगठन ने 'भड़काऊ पोस्टर' चिपकाए थे, जिनमें धुबरी को बांग्लादेश में शामिल करने की मंशा जाहिर की गई थी।

**अपराधियों से सख्ती से निपटे पुलिसः सीएम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि धुबरी में अशांति फैलाने के लिए एक सांप्रदायिक समूह सक्रिय हो गया है और इसके बारे में पता चलने के बाद मैं धुबरी आया हूं और जिले में रात में देखते ही गोली मारने के आदेश लागू रहेंगे। शर्मा ने कहा कि पहले बकरीद पर लोगों का एक वर्ग 'बीफ' खाता था, लेकिन इस बार पश्चिम बंगाल से हजारों मवेशी लाए गए हैं और धुबरी में एक ''नया बीफ माफिया''उभरा है, जिसने त्योहार से ठीक पहले हजारों जानवरों की खरीद की है। उन्होंने कहा, ''यह बात मेरी जानकारी में आई है और मैंने इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं। मैंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे उन लोगों को गिरफ्तार करें, जिन्होंने यह मवेशी व्यापार शुरू किया है।

## 'मैं तो परिवर्तन की राजनीति करने आया था

### लेकिन दो महीने बाद ही पद से इस्तीफा दे दिया था', नवजोत सिंह सिद्धू का बड़ा बयान



चंडीगढ, 14 जून (एजेंसियां)। पंजाब की राजनीति और कांग्रेस में एक्टिव रहने के सवालों के बीच अब नवजोत सिंह सिद्धू ने बड़ा बयान दिया है। नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है, मैं तो परिवर्तन करने के लिए राजनीति में आया था कोई धंधा करने नहीं। दरअसल, पंजाब में कांग्रेस के लिए वक्त-वक्त पर मुसीबत खड़ी करने वाले नवजोत सिंह सिद्धू पार्टी से खासा नाराज दिख रहे हैं। उनका कहना है, पिछले 30 साल से जितनी भी सरकारें पंजाब में आईं, सभी को माफिया चलाता था, लेकिन मैं आज भी अपने असूलों पर कायम हूं। नवजोत सिंह सिद्धू ने आगे कहा, पिछले 15 साल की राजनीति में कोई आरोप मुझ पर है, तो बताइए। मैंने अपना ज़मीर और किरदार गिरने नहीं दिया। पंजाब में बदलाव के लिए कोई पॉलिसी नहीं लाई गई, न ही प्रोग्राम का ऐलान किया गया। कई साल से कर्ज लेकर सरकारें पंजाब चला रही हैं। उल्टा मुझ पर आरोप लगाते हैं कि ऊंची आवाज में बोलता है। इससे पहले कांग्रेस ने लुधियाना वेस्ट विधानसभा उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की थी, जिसमें पंजाब कांग्रेस के बड़े चेहरे शामिल थे, लेकिन नवजोत सिंह सिद्धू का नाम नहीं था। पंजाब विधानसभा चुनाव के बाद से ही नवजोत सिद्धू पार्टी कार्यक्रमों से दूर-दूर रहने लगे थे। नवजोत सिंह सिद्धू ने साल 2016 में बीजेपी से इस्तीफा देने के बाद 2017 में कांग्रेस की सदस्यता ली थी। पार्टी ने उन्हें पंजाब का प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया था, लेकिन सिद्धू ने दो महीने बाद ही पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर अब भी प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के साथ तस्वीर लगाई है।

## पंजाब में जानलेवा गर्मी: जानलेवा हीट वेव का रेड अलर्ट जारी



पटियाला, 14 जून (एजेंसियां)। गर्मी अब जानलेवा होती जा रही है। पंजाब में भीषण गर्मी के कारण दो लोगों की मौत हो गई है। पठानकोट में एक 35 साल का युवक गर्मी की वजह से अचानक बेहोश हो गया और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। इसी तरह मोगा में 55 साल का एक व्यक्ति बेहोश होकर गिर गया और दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को अस्पताल में रखवा दिया है। फिलहाल दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। सीजन में गर्मी से अब तक चार लोग दम तोड़ चुके हैं। इससे पहले बुधवार को भी दो लोगों की जान चली गई थी।

**न्यूनतम तापमान में वृद्धि**

सूबे के अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री की कमी दर्ज की गई। फिलहाल यह सामान्य से 2.9 डिग्री ऊपर बना है। न्यूनतम तापमान में 0.9 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। यह सामान्य से 4.9 डिग्री ऊपर दर्ज किया गया। सबसे कम 28.3 डिग्री का न्यूनतम पारा पठानकोट का दर्ज किया गया।

**अधिकतम 40 और न्यूनतम 30 डिग्री पार**

अमृतसर का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री, लुधियाना का 43.0 डिग्री, पटियाला का 39.2 डिग्री, पठानकोट का 42.5 डिग्री, फरीदकोट का 44.0 डिग्री, फिरोजपुर का 42.6 डिग्री, जालंधर का 41.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अमृतसर का न्यूनतम पारा 30.8 डिग्री दर्ज किया गया। लुधियाना का न्यूनतम पारा 31.0 डिग्री, पटियाला का 31.5 डिग्री, बठिंडा का 30.0 डिग्री, फरीदकोट का 31.2 डिग्री, फिरोजपुर का 30.9 डिग्री और जालंधर का 30.7 डिग्री दर्ज किया गया।

**रविवार से बारिश की संभावना**

विभाग ने भविष्यवाणी की है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से पंजाब में रविवार से मौसम बदलेगा। चार दिन पंजाब में कई जगहों पर 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज धूल भरी हवाएं चलेंगी। बारिश पड़ने की भी संभावना है। विभाग के मुताबिक इस दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री की कमी दर्ज की जा सकती है।

## घर से खर्च के लिए नहीं मिले पैसे

### युवक ने छाप डाले नकली नोट कैसे पकड़ा गया?

बेंगलुरु, 14 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेंगलुरु से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने एक युवक को नकली नोट छापने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक का नाम कृषि माली बताया जा रहा है। आरोपी सिर्फ 23 साल है। आरोपी एक कपड़ा व्यवसायी का बेटा है। आरोपी युवक की गिरफ्तारी कमर्शियल स्ट्रीट पुलिस ने की है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक का उसके घर में मामूली बात पर झगड़ा हो गया था। इसके बाद उसको उसके घरवालों ने खर्च के लिए पैसे नहीं दिए। बाद में जब उसे लगा कि उसके पास पैसे कम रो रहे हैं, तो उसने नकली नोट छापने की योजना बनाई। उसने नोट छापने के लिए होटल में कमरा बुक किया। बाद में जब रूम बॉय कमरे की सफाई करने आया तो ये सारा मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने नोट छापने के लिए ऑनलाइन होटल में कमरे की बुकिंग की। नकली नोटों से बिल का भुगतान किया आरोपी कृष माली नकली नोट छापने के लिए अपने बैग में प्रिंटर और स्कैनर लेकर होटल गया। फिर होटल के रूम में बैठकर ही 500 रुपये के नकली नोट छाप दिए। बताया जा रहा है कि आरोपी ने एक जून को कमरा बुक किया। बाद में 7 जून को होटल से चेकआउट किया। चेकआउट करते समय उसने नकली नोटों से होटल के बिल का भुगतान किया। इसका पता रूम बॉय को चला। दरअसल, रूम बॉय को आरोपी के कमरे में सफाई करते समय डस्टबिन में कुछ नोट मिले, जिसकी सूचना रूम बॉय ने तुरंत होटल मैनेजर को दी।

बाद में होटल स्टाफ को शक हुआ तो उसने कृष माली द्वारा दिए गए पैसों की जांच की तो पता चला कि वो नोट नकली हैं। यही नहीं जिस कमरे में आरोपी ठहरा था, वहां सफेद चादरों में बंडल और नकली नोटों के टुकड़े मिले। इसके बाद होटल मैनेजर मोहम्मद शरीफउद्दीन ने कमर्शियल स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत दर्ज करके मामले की जांच शुरू की। होटल रूम बुक करते समय आरोपी ने एड्रेस और आधार कार्ड किया था। उसी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## जम्मू-कश्मीर में शांति और नागरिकों की सुविधा पर जोर

### इंडियन आर्मी ने सतवारी कैंट में किया खास आयोजन



जम्मू-कश्मीर, 14 जून (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने जम्मू के सतवारी कैंट में सैन्य नागरिक संपर्क सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में नागरिक और सैन्य एजेंसियों के बीच निर्बाध सहयोग के महत्व पर जोर दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर में टाइगर डिवीजन, अर्धसैनिक बलों और नागरिक प्रशासन के बीच घनिष्ठ समन्वय और एकीकरण देखा गया, ताकि दुश्मन के नापाक मंसूबों का मुकाबला किया जा सके।

**किन खास मुद्दों पर हुई चर्चा**

इस तालमेल को और बढ़ाने के लिए 12-13 जून 2025 को जम्मू के सतवारी कैंट में एक सैन्य नागरिक संपर्क सम्मेलन (एमसीएलसी) आयोजित किया गया। उच्च स्तरीय बैठक में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और जम्मू संभाग के प्रमुख सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने रणनीतिक और नागरिक महत्व के मामलों पर चर्चा की। सम्मेलन ने बुनियादी ढांचे के विकास, दूरदराज के क्षेत्रों में नागरिक-सैन्य तालमेल और सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थानीय आबादी का समर्थन करने के लिए चल रहे प्रयासों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।

**भारतीय सेना के निरंतर प्रयासों की सराहना**

टाइगर डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल मुकेश भनवाला ने सभा को संबोधित करते हुए नागरिक और सैन्य एजेंसियों के बीच निर्बाध सहयोग के महत्व पर जोर दिया। जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने अपने संबोधन में पूरे क्षेत्र में मानवीय सहायता और बुनियादी ढांचे के समर्थन में भारतीय सेना के निरंतर प्रयासों की सराहना की। सम्मेलन के दौरान सीमावर्ती गांवों में सड़क संपर्क, सीमावर्ती क्षेत्र में पर्यटन और भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए कल्याणकारी उपायों के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन का समापन जम्मू और कश्मीर में शांति, विकास और लचीलेपन के प्रति संपूर्ण राष्ट्र दृष्टिकोण के रूप में प्रतिबद्धता की पुष्टि के साथ हुआ।

## मुस्लिम लड़के के साथ हिंदू लड़की भागी, मचा बवाल पथराव में 10 लोग घायल

सिरमौर, 14 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में सिरमौर के पांवटा साहिब इलाके में दो समुदायों के बीच झड़प हो गई। यहां एक हिंदू युवती और एक मुस्लिम युवक घर से भाग गए थे, जिसके बाद हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया और जब वह मुस्लिम समुदाय की ओर से बढ़े तो झड़प हो गई। इस झड़प में पुलिसकर्मियों समेत 10 लोग घायल हो गए। हिंदू संगठनों ने इस मामले में लव जिहाद का आरोप लगाया। इस मामले में हिंदू संगठन 4 दिन से पांवटा साहिब कस्बे में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने इसे लव जिहाद का मामला बताया। वहीं पुलिस ने इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है। मुस्लिम युवक के साथ भागी लड़की की उम्र 18 साल है, जिसके परिवार वालों ने दावा किया है कि 19 वर्षीय युवक के कहने पर वह उसके साथ 4 जून को भाग गई और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## जहाज में उठी आग की लपटें, नौसेना ने एयर ऑपरेशन को दिया अंजाम, लोगों को ऐसे बचाया



कोच्चि, 14 जून (एजेंसियां)। समुद्र में आग की चपेट में आए कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 के बचाव अभियान के तहत, भारतीय नौसेना ने 13 जून को एयर ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन के दौरान नौसेना ने आईएनएस गरुड़ा, कोच्चि से उड़ान भरकर सी किंग हेलीकॉप्टर के जरिए सेलबेज टीम को सीधे जलते हुए जहाज पर उतारा। खराब मौसम, तेज लहरों और जहाज पर आग के बावजूद हेलीकॉप्टर से टीम को रस्सियों के सहारे नीचे उतारा गया। टीम ने टगबोट ऑफशोर वॉरियर से जहाज को जोड़ने के लिए टोइंग कनेक्शन सफलतापूर्वक स्थापित किया। इसके बाद हेलीकॉप्टर ने टीम को सुरक्षित वापस निकाल भी लिया। इस समय भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस शारदा और एमवी ट्राइटन लिबर्टी जहाज इंडियन कोस्ट गार्ड और अन्य समुद्री एजेंसियों के साथ मिलकर इस रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। इसी के बाद ताइवान सरकार ने सिंगापुर के व्यापारिक जहाज एमवी वान हाई 503 से चालक दल के सदस्यों को बचाने में उनके ऑपरेशन के लिए भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल को धन्यवाद कहा है। जहाज पर केरल तट पर आग लग गई थी। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में, भारत में ताइवान के प्रतिनिधि कार्यालय ने कहा, ताइवान सरकार भारतीय नौसेना और तट रक्षक की ओर से वान हाई 503 को दिए गए बचाव अभियान के लिए आभारी है। हम कामना करते हैं कि लापता चालक दल के सदस्य सुरक्षित लौट आएं और जो घायल हुए हैं वो जल्द ही ठीक हो जाएं। जहाज पर 22 क्रू मेंबर सवार थे। इन 22 सदस्यों में से 18 को बचाया जा चुका है। वहीं, अभी भी 4 लोग लापता हैं। साथ ही कई लोग इस हादसे में घायल हुए हैं। यह घटना केरल के अझिक्कल तट से लगभग 44 समुद्री मील दूर हुई। विस्फोट के बाद, जहाज में आग की लपटें उठने लगी। व्यापारी जहाज माल ले जा रहा था और इसमें 8 चीनी, 6 ताइवानी, 6 म्यांमारी और 3 इंडोनेशियाई नागरिक शामिल थे। भारत में चीनी दूतावास ने भी भारतीय अधिकारियों की ओर से समय पर सहायता पहुंचाने के लिए और बचाव ऑपरेशन शुरू करने के लिए सराहना की। दूतावास के प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर लिखा, हमारा आभार भारतीय नौसेना और मुंबई तट रक्षक को। हम जो लोग अभी भी गायब हैं उनके जल्द मिलने और घायलों के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारतीय तटरक्षक बल और भारतीय नौसेना आग पर काबू पाने और लापता चालक दल के सदस्यों का पता लगाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। खोज एवं बचाव अभियान जारी है।

# डीएम की बड़ी कार्रवाई

## सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज



गोंडा, 14 जून (एजेंसियां)। जिले में संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को एक शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें शकील अहमद पुत्र सलामत ने यह आरोप लगाया कि ग्रामसभा मानवनां, चोनपुर, गाटा संख्या 1225 (क्षेत्रफल 0.0454 हेक्टेयर जो राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। उस पर हजारीलाल पुत्र गिरधारीलाल ने अवैध रूप से कब्जा किया है। उक्त भूमि को अन्य व्यक्तियों हिसामुद्दीन, करीमुद्दीन, अख्तरी बानो, इकरार अहमद, एवं इरशाद हुसैन को विक्रय कर दिया गया। शिकायत को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल उप जिलाधिकारी (सदर) अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व टीम को जांच के निर्देश दिए। जांच उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपों को सत्य पाया गया। जिसके आधार पर डीएम ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया कि राजस्व विभाग के लेखपाल हितेश कुमार तिवारी ने थाना धानेपुर में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तालाब की भूमि सार्वजनिक हित के लिए आरक्षित होती है। जिसे न तो विक्रय किया जा सकता है।

# यूपी पुलिस के 60 हजार नवनियुक्त कांस्टेबलों को आज मिलेगा अपॉइंटमेंट लेटर

## अमित शाह और सीएम योगी भी रहेंगे मौजूद

लखनऊ, 14 जून (एजेंसियां)। यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा में सफल हुए 60244 अभ्यर्थियों को 15 जून को नियुक्ति पत्र मिलने जा रहा है। डीजीपी मुख्यालय की तरफ से बताया गया है कि 15 जून को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में नवनियुक्त कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। ये कार्यक्रम लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होगा। जानकारी के अनुसार, यूपी पुलिस में 60244 कांस्टेबल पद पर सीधी भर्ती हुई थी। इसमें 12048 महिलाएं कांस्टेबल पद चयनित हुई हैं। पुलिस प्रशासन के सहयोग से प्रदेश के 67 जनपदों में 1174 केंद्रों पर परीक्षा हुई थी। सरकार का दावा है कि यूपी में पिछले 8 वर्षों में 8.50 लाख लोगों को





सरकारी नौकरी मिली है।

**50 कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे अमित शाह**

डीजीपी मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, शीर्ष 50 उम्मीदवारों को गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। कार्यक्रम में केवल उम्मीदवारों को ही आमंत्रित किया गया है। सूत्रों ने बताया कि अमित शाह 15 जून को दोपहर करीब 12:05 बजे लखनऊ पहुंचेंगे और करीब 12:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। वह करीब एक घंटे तक कार्यक्रम में रहेंगे और फिर दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वितरण के दिन सिर्फ 55 हजार पुलिसकर्मियों को ही पत्र दिए जाएंगे। नए कांस्टेबलों के लिए लंच का भी आयोजन किया गया है। यूपी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। लखनऊ के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर ने गुरुवार को तैयारियों का जायजा लेने के लिए मौके का दौरा किया।

**48 लाख से ज्यादा आए थे आवेदन**

यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) ने 12,048 महिला कांस्टेबलों समेत कुल 60,244 कांस्टेबलों की भर्ती की थी, जिसमें 60,000 पदों के लिए 48 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए थे। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद पिछली निदेशक रेणुका मिश्रा को हटाए जाने के बाद यूपीपीआरपीबी के निदेशक राजीव कृष्ण के नेतृत्व में भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई थी। राज्य सरकार ने 24 फरवरी को लिखित परीक्षा रद्द कर दी थी और निर्देश दिया था कि इसे छह महीने के भीतर फिर से आयोजित किया जाए।

# पुलिस ने प्रयागराज में शुरू किया 'ऑपरेशन मिट्टी', पहले ही दिन 11 लोग गिरफ्तार

प्रयागराज, 14 जून (एजेंसियां)। यूपी में प्रयागराज की गंगा नगर पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ ऑपरेशन मिट्टी' शुरू किया हैं। इस ऑपरेशन के पहले दिन आधी रात मे एडीसीपी पुष्कर वर्मा ने पूरी टीम के साथ सराय मामरेज में दबिश देकर 11 लोगों क़ो मिट्टी का अवैध खनन करते हुए रंगे हाथ पकड़ा। इस दौरान पुलिस ने जेसीबी, ट्रैक्टर और कई बाइक भी जब्त किया हैं। इस ऑपरेशन से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा है। प्रयागरज के गंगा पार इलाके में अवैध रूप से जेसीबी से मिट्टी का खनन करके मफिया इसे लगातार बेच रहे थे।

अवैध मिट्टी खनन की शिकायत पुष्कर वर्मा क़ो मिली तो उन्होंने पहले अपने स्तर से गोपनीय जांच कराई। जांच में खनन की बात सही निकली। खनन करने वालो क़ो रंगे हाथ पकड़ने के लिए आईपीएस पुष्कर वर्मा ने थाने की फ़ोर्स के अलावा दूसरे थाने की फ़ोर्स लेकर 30 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई। टीम के साथ एडीसीपी पुष्कर वर्मा ने आधी रात के बाद सराय मामरेज में रेड की और खनन वाले एरिया क़ो घेर कर 11 लोगों क़ो गिरफ्तार कर लिया। मौके से 5 जेसीबी, 8 ट्रैक्टर, 3 बाइक भी ज़ब्त कर लिया।

पकडे. गए लोगों से पुलिस ने पूछताछ की जिसमें खनन करने वाले कई खनन माफियाओं के नाम सामने आये हैं। हालांकि इस रेड के बाद कई खनन माफिया घर छोड़ कर भाग निकले। पुष्कर वर्मा ने बताया की पकड़े गए लोगों से पूछताछ में खनन की कई जानकारिया मिली हैं। इसकी जांच की जा रही है। जल्द ही और भी गिरफ्तारियां होंगी। पुष्कर वर्मा ने बताया कि इस ऑपरेशन क़ो काफ़ी गोपनीय रखा गया था। इसकी वजह से ये खनन करने वाले रंगे हाथ पकड़े गए।

# भाजपा नेता की फैक्ट्री में चोरी, सीसीटीवी फुटेज से खुला बड़ा राज; चोर ने ऐसे दिया वारदात को अंजाम

हापुड़, 14 जून (एजेंसियां)। थाना देहात क्षेत्र के ततारपुर गांव स्थित भाजपा नेता की बंद पड़ी प्लाईवुड फैक्ट्री से सामान चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने सुल्तानपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया है। चोर के पास से चोरी का सामान और चोरी में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद कर लिया गया है। सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि नगर के माता मोहल्ला निवासी पुनीत गोयल भाजपा में जिला महामंत्री हैं। थाना देहात क्षेत्र के ततारपुर गांव में उनकी प्लाईवुड फैक्ट्री है। फैक्ट्री काफी समय से बंद पड़ी है। कुछ दिन पहले फैक्ट्री में लगे कुछ कैमरों ने काम करना बंद कर दिया था। 10 जून को वह कैमरों की मरम्मत कराने फैक्ट्री पहुंचे। कैमरे ठीक कराने के बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखी। फुटेज देखने पर उन्हें पता चला कि सुबह एक चोर फैक्ट्री का सामान खोल रहा था।

# मां ही होती है बेटी की सबसे बड़ी हितैषी इलाहाबाद हाई कोर्ट का बडा फैसला



प्रयागराज, 14 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाई कोर्ट के कस्टडी मामले में आए फैसले की इस समय खूब चर्चा हो रही है। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के क्रम में कहा है कि मां ही बेटी की सबसे बड़ी हितैषी होती है। बच्चों की कस्टडी के चल रहे मामलों में इलाहाबाद हाई कोर्ट की इस टिप्पणी को अहम माना जा रहा है। कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ 12 वर्षीय बेटी की कस्टडी मां को सौंप दी। दिल्ली की एक लेक्चरर की याचिका पर सुनवाई के क्रम यह फैसला आया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के क्रम में कहा है कि बेटी की सबसे बड़ी हितैषी मां ही होती है। जस्टिस विनोद दिवाकर की पीठ ने मामले में मां को 12 वर्षीय बच्ची की कस्टडी सौंप दी। जस्टिस दिवाकर ने कहा कि किशोरावस्था की दहलीज पर खड़ी बेटी के लिए मां का साथ होना जरूरी है। दिल्ली के कॉलेज में काम करने वाली लेक्चरर ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। अर्जी में उन्होंने कहा कि पति ने बेटी को 2021 में गोरखपुर ले जाकर छलपूर्वक अलग कर दिया। उन्होंने वॉट्सऐप चैट और गूगल मैप की लोकेशन को सबूत के तौर पर पेश किया। बच्ची के पिता ने आरोप लगाया कि पत्नी ने खुद उनका साथ छोड़ा था। निचली अदालत ने बेटी के बयान के आधार पर याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को पलट दिया। कोर्ट ने लखनऊ पुलिस कमिश्नर को आदेश दिया कि पति किसी भी स्थिति में अपने पद की स्थिति का दुरुपयोग न कर सकें। इसका ख्याल रखा जाए।

# राहुल गांधी ने आपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाया तो मंत्री दिनेश सिंह ने दिया विवादित बयान



लखनऊ, 14 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए विवादित बयान दिया है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए कहा कि उनकी बहन और मां की मांग में भारतवासियों ने कभी सिंदूर नहीं देखा इसलिए उनकी पार्टी के लोग ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाते हैं। कोई भी बड़े घर में पैदा हो जाने से भारतीय नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय संस्कृति को जीते हैं। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह मेरठ जनपद में पहुंचे थे, जहां उन्होंने एबीपी से बात करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की बहन और राहुल गांधी की मां की मांग में भारतवासियों ने कभी सिंदूर नहीं देखा, तो वो सिंदूर का महत्व क्या जानेंगे? राहुल गांधी और उनकी पार्टी के लोग इसी वजह से ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाते हैं। भारतीय संस्कार और संस्कृति पर विश्वास नहीं है इसलिए इसी बात पूछेंगे।

**'पीएम मोदी भारतीय संस्कार में जीते हैं'**

उन्होंने कहा कि जिसकी बहन की कलाई पर चूड़ी नहीं खनकी तो क्या जानेंगे राखी का महत्व? जब भारत की बहन कलाई पर राखी बांधती है तो अंतिम सांस तक निभाती है। किसी बड़े घर में पैदा हो जाने से कोई भारतीय नहीं हो सकता। मोदी और बीजेपी भारतीय संस्कार और संस्कृति में जीते हैं। दिनेश प्रताप सिंह ने इस दौरान सपा अध्यक्ष को भी आड़े हाथों लिया और यूपी की बिजली व्यवस्था और 27 में यूपी से बीजेपी के सफाए के दावे पर पलटवार करते हुए कहा कि दिन में कोई सपना देखता है तो हमें कोई एतराज नहीं है।

अखिलेश के जमाने से 10 गुना ज्यादा बिजली मिल रही है। 17 से पहले क्या स्थिति थी सबने देखा है। दरअसल अखिलेश यादव लगातार यूपी की बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते आए हैं, यही नहीं सपा का दावा है कि 2027 में बीजेपी की सरकार नहीं बनेगी।

# 40 अपराधियों की संपत्ति जब्ती का प्रस्ताव कोर्ट में

## मोतिहारी में एसपी के नेतृत्व में तैयार हुई पहली सूची, मुखिया और मेयर के पति शामिल



मोतिहारी, 14 जून (एजेंसियां)। मोतिहारी पुलिस ने अपराध, शराब तस्करी और जमीन माफियागिरी से संपत्ति बनाने वालों पर कार्रवाई शुरू की है। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के तहत 40 अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव कोर्ट में भेजा है। एसपी स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में तैयार की गई पहली सूची में जमीन माफिया चूमन पटेल, मुखिया राहुल सिंह और मोतिहारी नगर निगम मेयर के पति देवा गुप्ता शामिल हैं। जिला परिषद सदस्य के पति रंजीत गुप्ता का नाम भी इस सूची में है।

इन सभी ने शराब तस्करी और जमीन कब्जे से करोड़ों की संपत्ति बनाई है।

**कोर्ट से आदेश पर होगी कार्रवाई**

एसपी ने बताया कि कोर्ट से अनुमति मिलते ही संपत्ति जब्ती शुरू होगी। धारा 107 के तहत उन लोगों पर कार्रवाई की जा रही है जो समाज में डर फैलाते हैं। पुलिस दूसरी सूची भी तैयार कर रही है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने अपराधियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि मोतिहारी में अब अपराध से पैसा नहीं कमाया जा सकेगा। अपराधियों को या तो सही रास्ता चुनना होगा या फिर जेल जाना होगा।

# 'मंदिर की 7 दिन करनी होगी सफाई'

## लड़के को किस बात की मिली सजा? न्याय परिषद का अनोखा फैसला

गोपालगंज, 14 जून (एजेंसियां)। बिहार के गोपालगंज की जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने एक बच्चे को एक अनोखी सजा सुनाई, जहां नाबालिग को सुधरने का एक मौका दिया और उसे जेल नहीं भेजा, बल्कि सजा के तौर पर थावे मंदिर में एक हफ्ते तक सफाई करने के लिए कहा। दरअसल किशोर न्यायिक बोर्ड के प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी ने ऐसा फैसला नाबालिग बच्चों को आपराधिक मानसिकता से बचाने के लिए लिया। मजिस्ट्रेट का मानना है कि किशोरों को सुधरने का मौका दिया जाना चाहिए, जिससे की जुर्म के रास्ते पर न चलें। उन्होंने हाल ही में शराब तस्करी में शामिल एक नाबालिग आरोपी को सुधरने के लिए लिए मौका दिया और सात दिन तक मंदिर में सफाई करने का फैसला सुनाया। क्योंकि किशोर ने तस्करी में पकड़े जाने के बाद अपना जुर्म कबूल कर लिया था और कहा था कि तस्करों ने उसे पैसों का लालच दिया था। किशोर पिछले साल उत्तर प्रदेश से शराब की तस्करी करने के आरोप में पकड़ा था। उसके साथ और तस्कर था, जिसे जेल भेज दिया गया था। लेकिन ये नाबालिग था। इसलिए इसका मामला किशोर न्याय बोर्ड में दर्ज कराया गया था, जिसके बाद इस मामले में केस चला। पुलिस और दूसरे पक्ष ने अपनी-अपनी दलीलें पेश की, जिन्हें सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने अपना फैसला सुनाया और किशोर को सुधरने का एक चांस दिया, जिसके बाद किशोर ने भी सुधरने की शपथ ली और दोबारा कोई गलत काम न करने की बात कही।

# सपा विधायक रमाकांत यादव की करोडों की संपत्ति कुर्क, जहरीली शराब कांड से जुड़ा है मामला



आजमगढ़, 14 जून (एजेंसियां)। जेल में बंद और समाजवादी पार्टी के विधायक रामकांत यादव पर पुलिस-प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। इसी कड़ी में आजमगढ़ में स्थानीय अधिकारियों ने बाहुबली विधायक रमाकांत यादव की 23 करोड़ रुपये से अधिक की सम्पत्ति को कुर्क किया। कार्रवाई डीएम रविंद्र कुमार के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत थाना अतरौलिया क्षेत्र के बसही असरफपुर गांव में की गई। इस दौरान एसपी ग्रामीण चिराग जैन और तहसीलदार कमल कुमार सिंह भारी पुलिस बल के सतह मौजूद रहे। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि यह कार्रवाई 2022 में थाना अहरौला के माहुल कस्बे में हुए जहरीली शराब कांड से जुड़ी है, इस घटना में सात लोगों की मौत हुई थी और कई अन्य बीमार पड़ गए थे। मामले में रमाकांत यादव सहित 13 आरोपियों के नाम सामने आए थे। वर्तमान में रमाकांत फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक में गैंगचार्ट अनुमोदित कर रमाकांत समेत चार अन्य अपराधियों को गैंग में शामिल किया गया था।

**अवैध कमाई से खरीदी गई संपत्ति**

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि रमाकांत यादव ने अपने गैंग के साथ मिलकर अवैध शराब निर्माण, लूट, हत्या, और अपहरण जैसे संगीन अपराधों के जरिए सम्पत्ति अर्जित की। राजस्व विभाग की जांच में पता चला कि रामकांत यादव ने अपने पुत्रों अरुण, वरुण, ऋषिकांत, रजनीकांत, दोनों पत्नियों, और भांजे के नाम पर बसही असरफपुर में आवासीय, कृषि, और वाणिज्यिक भूमि खरीदी। इन संपत्तियों की कुल कीमत 23 करोड़ 42 लाख 81 हजार 400 रुपये है। सबसे बड़ी संपत्ति गाटा संख्या 981 (3.475 हेक्टेयर) है, जिसकी कीमत 16 करोड़ 33 लाख रुपये आंकी गई है।

यहां बता दें कि रमाकांत यादव के खिलाफ आजमगढ़ और जौनपुर के विभिन्न थानों में 58 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिनमें हत्या, अवैध शराब निर्माण, लूट, और अपहरण जैसे मामले शामिल हैं। रामकांत यादव की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गैंग को आईएस-133/2025 कोड के तहत अंतरराज्यीय गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

**राजनीतिक गलियारों में चर्चा**

विधायक रमाकांत यादव पूर्व में बीजेपी में भी रह चुके हैं और वर्तमान में सपा से फूलपुर-पवई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। अब संपत्ति कुर्की ने राजनीतिक हलकों में चर्चा गर्म कर दी है। जिसमें ये माना जा रहा है कि योगी सरकार में अभी और भी कड़ी कार्रवाई रमाकांत यादव के खिलाफ हो सकती है।

# उन्नाव का पूर्व सभासद शहजादे कर रहा था म्यांमार के अवैध घुसपैठियों की मदद

## 3 महिलाओं ने जो बताया फिर खुली पोल



उन्नाव, 14 जून (एजेंसियां)। उन्नाव पुलिस ने विदेशी नागरिकों को अवैध तरीके से भारतीय दस्तावेज दिलवाने वाले एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में एक पूर्व सभासद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जिस पर म्यांमार के अवैध घुसपैठियों के आधार कार्ड और अन्य कागजात बनवाने में मदद करने का आरोप है। इससे पहले, पुलिस ने म्यांमार की तीन महिलाओं को भी अवैध रूप से उन्नाव में रहने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दरअसल, उन्नाव पुलिस ने 22 मई को शुक्लागंज के मनोहर नगर में अवैध रूप से झोपड़ी डालकर रह रही म्यांमार की तीन महिलाओं अजीदा, सिनवारा बेगम और नूर कायदा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इन महिलाओं से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि एक ही परिवार के दस लोग अवैध रूप से घुसपैठ कर शुक्लागंज में रह रहे हैं, और उनके पास आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस भी बने हुए हैं। इन अवैध दस्तावेजों की जांच में पुलिस को चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पता चला कि शुक्लागंज मनोहर नगर निवासी पूर्व सभासद शहजादे ने 2019 में इनके आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में सहयोग किया था। यह जानकारी मिलते ही पुलिस ने शहजादे को गिरफ्तार कर लिया।

# अयोध्या में उर्स के आयोजन पर प्रशासन ने लगाई रोक, इस खुफिया जानकारी के बाद लिया फैसला



अयोध्या, 14 जून (एजेंसियां)। अयोध्या में प्रशासन ने शांति भंग होने और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद जिले में 'दादा मिया उर्स' के आयोजन पर रोक लगा दी है। बता दें कि पिछले दो दशकों से यहां आयोजित हो रहा उर्स समारोह शनिवार और रविवार को होना था।

**दादा मियां मजार पर हर साल होता है आयोजन**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की शिकायत के बाद अयोध्या प्रशासन ने खानपुर मसोधा इलाके में दादा मिया मजार पर हर साल आयोजित होने वाले दादा मिया उर्स की अनुमति रद्द कर दी है। सूत्रों के अनुसार, स्थानीय विहिप सदस्य लालजी शर्मा और सूर्यकांत पांडे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें आरोप लगाया गया कि खानपुर मसोधा में "गाजी बाबा" के नाम पर एक सभा आयोजित की जा रही है।

**काला जादू का आरोप**

पुलिस जांच में पता चला है कि आयोजकों ने उर्स दादा मिया नाम से उर्स आयोजित करने के लिए स्थानीय प्रशासन से अनुमति ली थी लेकिन वे गाजी बाबा उर्स नाम से रसीदें छपवाकर चंदा इकट्ठा करते पाए गए। शिकायतकर्ताओं ने यह भी दावा किया कि उर्स के दौरान, आयोजक द्वारा कुछ मौलवियों को आमंत्रित किया जाता है जो कथित तौर पर ''काला जादू'' करते हैं और लोगों को ''गुमराह'' करते हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने कहा, ''उर्स दादा मिया के नाम पर दी गई अनुमति रद्द कर दी गई है, क्योंकि यह पाया गया कि गाजी बाबा के नाम पर उर्स की योजना बनाई जा रही थी।'' इस बीच, उर्स आयोजन समिति का कोई भी पदाधिकारी इस मुद्दे पर बोलने को तैयार नहीं है।

**अयोध्या में राम दरबार जनता के लिए खोला गया**

उधर, अयोध्या में राम मंदिर की पहली मंजिल पर स्थापित राम दरबार शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। मंदिर न्यास द्वारा शुक्रवार देर शाम को इस संबंध में निर्णय लिए जाने के बाद शनिवार से राम मंदिर में आने वाले भक्त राम दरबार में प्रवेश कर सकेंगे। राम लला के दर्शन के लिए दिए जाने वाले पास की तरह, राम दरबार में जाने के इच्छुक लोगों के लिए भी पास उपलब्ध कराए जाएंगे। भगवान राम के शाही स्वरूप राम दरबार और राम जन्मभूमि परिसर के अंदर आठ नवनिर्मित मंदिरों में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा पांच जून को हुई। राम लला के दर्शन की व्यवस्था की तरह ही राम दरबार के लिए भी प्रत्येक पाली सुबह सात से नौ बजे, नौ से 11 बजे, दोपहर एक से तीन बजे, तीन से पांच बजे, पांच से सात बजे और सात से नौ बजे तक के लिए 300 पास उपलब्ध होंगे।

# वीडियो कॉल पर बात कर ट्रक चालक ने दी जान, पांच दिन से मायके में थी पत्नी

फिरोजाबाद, 14 जून (एजेंसियां)। एक ट्रक चालक ने दस बजे पत्नी से वीडियो कॉल पर बात कर फंदे से लटक गया। घरवालों को पता चला तो दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और मटसेना पुलिस को सूचना दी। पुलिस पत्नी से अनबन के बाद आत्महत्या की मान रही है। मटसेना के साटामई गांव निवासी 32 वर्षीय गौरव दो भाइयों में बड़ा था। वह ट्रक चलाता था। पांच दिन पहले उसकी पत्नी रीना दो बेटे और एक साल की बेटी को लेकर मायके चली गई थी। रात गौरव घर पहुंचा। खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। इसके बाद वह पत्नी से वीडियो काल पर बात कर रहा था। बात करते हुए उसने फंदे से लटक गया। छोटे भाई अनुज ने उसे रात दस बजे बुलाया। जब कमरे अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो खिड़की से देखा।

# 'हेडमास्टर मत बनिए, कांग्रेस के कैंडिडेट हम तय करेंगे' पप्पू यादव ने तेजस्वी को दी नसीहत



पटना, 14 जून (एजेंसियां)। बिहार की सियासत में इन दिनों गठबंधन से ज्यादा गठबंधन के भीतर कलह सुर्खियों में है। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद और कांग्रेस नेता राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने इंडिया गठबंधन के कोऑर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन तेजस्वी यादव को करारा जवाब देते हुए साफ शब्दों में कहा है- "हर पार्टी अपनी रणनीति खुद तय करने में सक्षम है, तेजस्वी यादव हेडमास्टर बनने की कोशिश न करें।" पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पप्पू यादव ने तेजस्वी को नसीहत दी कि वे सिर्फ कमेटी के चेयरमैन हैं, कोई सर्वेसर्वा नहीं। उन्होंने कहा, "कांग्रेस में कौन चुनाव लड़ेगा, यह पार्टी नेतृत्व तय करेगा- राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे। तेजस्वी यादव को दूसरे दलों में दखल नहीं देना चाहिए।" दरअसल, 12 जून को तेजस्वी यादव के आवास पर महागठबंधन की बैठक हुई थी, जिसमें प्रत्याशी चयन को लेकर दिशा-निर्देश तय करने की कोशिश की गई। इसी बैठक को लेकर अब एक-एक कर घटक दलों की नाराजगी सामने आ रही है। पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने नाराजगी जताई कि उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया। अब कांग्रेस की तरफ से पप्पू यादव के बयान ने गठबंधन में दरार को और गहरा कर दिया है। पप्पू यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन को अगर वाकई एकजुट रहना है, तो सभी दलों को बराबरी और सम्मान देना होगा। किसी एक दल या नेता को बाकी सब पर प्रभुत्व नहीं जमाने देना चाहिए।

महागठबंधन के भीतर सीएम फेस को लेकर भी असमंजस और असहमति बनी हुई है। कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू पहले ही कह चुके हैं कि तेजस्वी सिर्फ चेयरमैन हैं, न कि घोषित सीएम उम्मीदवार। बिहार चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, इंडिया गठबंधन में मतभेद खुलकर सामने आ रहे हैं। पप्पू यादव का यह बयान एनडीए के लिए सियासी हथियार साबित हो सकता है, जो महागठबंधन की एकता पर लगातार सवाल उठाता आया है।





# गहलोत-पायलट के ताजा रिश्तों पर जोगाराम पटेल बोले

# गहलोत स्पष्ट करें कि वे तब गलत थे या अब हैं





जोधपुर, 14 जून (एजेंसियां)। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सचिन पायलट को लेकर दिए गए बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि उस समय गहलोत ने जो बयान दिया था, वह मेरे लिए दोहराना भी मुश्किल है। गहलोत मुख्यधारा में आने और सुर्खियों में बने रहने के लिए एक्स पर पोस्ट डालते रहते हैं। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि उनका स्टेटमेंट उस समय गलत था, या आज का स्टेटमेंट गलत है।

हाल ही में आए चुनावी नतीजे पर उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ किसी तरह की एन्टी इनकंबेंसी नहीं है, यह इसका उदाहरण है। पटेल कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि विपक्ष एकजुट हो लेकिन लगता नहीं कि वो एकजुट हो पाएंगे। एसआई भर्ती और आरएएस परीक्षा पर बोलते हुए पटेल ने कहा कि सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करने के बाद न्यायोचित निर्णय होगा। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल आज जोधपुर प्रवास पर रहे, जहां सर्किट हाउस में उन्होंने आमजन से मुलाकात की।

उन्होंने सचिन पायलट और अशोक गहलोत की मुलाकात और बयान पर कहा कि राजस्थान की जनता को इसका निर्णय करना है। गहलोत साहब के पहले दिए गए स्टेटमेंट को दोहराना भी मेरे लिए मुश्किल है और अब वे कह रहे हैं कि हम तो अलग-अलग थे ही नहीं। इससे आदमी का चरित्र नजर आता है। आपने जो कहा उस पर कायम रहना चाहिए। उनका वह स्टेटमेंट्स गलत था या आज का स्टेटमेंट गलत है इस पर गहलोत जी को विचार करना चाहिए और अपना स्पष्टीकरण देना चाहिए।

विपक्ष पर बोलते हुए जोगाराम पटेल ने कहा कि हम चाहते हैं कि विपक्ष एकजुट हो लेकिन उनमें आंतरिक कलह बहुत अधिक है। चाहे विधानसभा के फ्लोर का मामला हो या प्रदेश अध्यक्ष को हटाने का विषय हो। कांग्रेस को दिखाने के लिए एकजुट किया गया, लेकिन दिखाने और मन से एकजुट होने में बहुत फर्क है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता नहीं है कि ये एकजुट होंगे। एसआई भर्ती और आरएएस एग्जाम को लेकर उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करने के उपरांत न्यायाचित निर्णय लिया जाएगा।

# जलजीवन मिशन घोटाले में ईडी ने लिया एक्शन

## पूर्व मंत्री महेश जोशी व अन्य की संपत्ति कुर्क




जयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी, पदमचंद जैन, महेश मित्तल, संजय बड़ाया, विशाल सक्सेना व उनके परिवार के अन्य सदस्यों एवं सहयोगी कंपनियों की संपत्ति ईडी ने कुर्क कर दी है। जल जीवन मिशन घोटाले के इन आरोपियों पर धन संशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बुधवार को ईडी ने अनंतिम आदेश जारी किया था।

ईडी ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। इन आरोपियों की कुर्क की गई संपत्ति का बाजार मूल्य 47 करोड़ रुपए से अधिक का बताया गया है।

ईडी के अनुसार कुर्क संपत्ति में कृषि भूमि, आवासीय फ्लैट और मकान शामिल हैं।

ईडी ने अप्रैल में महेश जोशी को गिरफ्तार किया था। इस मामले में बिचौलिए संजय बड़ाया, गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल और श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पदमचंद जैन के साथ पीयूष जैन नाम के व्यक्तियों को ईडी पहले ही जल जीवन मिशन घोटाले में गिरफ्तार कर चुकी थी।

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार में महेश जोशी पीएचईडी मंत्री थे। इस दौरान फर्जी कंप्लीशन सर्टिफिकेट के जरिए जल जीवन मिशन में 600 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया। ईडी के अनुसार मामले के आरोपी पीएचईडी ठेके हासिल करने के लिए भारतीय रेलवे कंस्ट्रक्शन इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से कथित तौर पर जारी किए गए फर्जी कार्य अनुभव प्रमाण पत्रों का इस्तेमाल भी कर रहे थे।

जांच एजेंसी ने कहा कि महेश जोशी ने अपने करीबी सहयोगी संजय बड़ाया के साथ मिलीभगत करके जेजेएम कार्यों से जुड़े ठेके जारी करने और विभिन्न अनियमितताएं छिपाने के लिए पदमचंद जैन और महेश मित्तल जैसे ठेकेदारों से अनुचित लाभ हासिल किया।

ईडी ने दावा किया कि महेश जोशी ने इन ठेकेदारों से निविदा राशि का दो से तीन प्रतिशत हिस्सा रिश्वत के रूप में लिया ताकि अनियमितताओं को छिपाया जा सके। जल जीवन मिशन घोटाले में सबसे पहले राजस्थान में एसीबी में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी के आधार पर ईडी ने मामले में एफआईआर दर्ज की थी।

# पूर्व बीजेपी सांसद के बेटे ने की आत्महत्या, लाइब्रेरी में लगाई फांसी

उदयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। उदयपुर के मल्लातलाई इलाके में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व सांसद महावीर भगोरा के बेटे आशीष भगोरा ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना एकलव्य कॉलोनी स्थित भगोरा परिवार के निजी आवास पर हुई। सूचना मिलते ही अंबामाता थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई कि आशीष ने फांसी लगाकर जान दी। पुलिस के अनुसार, सुबह जब परिजनों ने आशीष को घर में नहीं देखा तो उनकी तलाश शुरू की गई। तलाश के दौरान उन्हें एक कमरे में फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कर शव को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा।

अंबामाता थाना अधिकारी ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन आशीष का मोबाइल और अन्य सामान जांच के लिए जब्त किया गया है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

वहीं, स्थानीय लोगों और रिश्तेदारों का कहना है कि आशीष



पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के नतीजों का इंतजार कर रही है, जिससे आत्महत्या के कारण स्पष्ट हो सकें।

महावीर भगोरा उदयपुर की राजनीति का जाना-माना नाम थे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे महावीर ने विधायक, राज्य मंत्री और सांसद के रूप में लंबा राजनीतिक सफर तय किया था। हालांकि, उनका नाम 2008 के 'वोट के बदले नोट' कांड में भी सामने आया था, जब संसद में एक करोड़ रुपये लहराने की घटना ने देशभर में सनसनी मचा दी थी।

इस मामले में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। राजनीति में आने से पहले वे समाज कल्याण विभाग में डिप्टी डायरेक्टर थे। 1991 में उन्होंने सलूंबर से लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। बाद में 1993 में गोगुंदा से विधायक बने और भैरोसिंह शेखावत सरकार में राज्य मंत्री रहे। चार साल पहले कोरोना संक्रमण के कारण महावीर भगोरा का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद आशीष ही परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनकी आत्महत्या की खबर से एकलव्य कॉलोनी और आसपास के इलाकों में शोक की लहर है। बड़ी संख्या में लोग भगोरा परिवार के प्रति संवेदना जताने पहुंच रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने और फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की पूरी तस्वीर साफ होगी।

# नीट यूजी परीक्षा में हनुमानगढ़ के महेश देशभर में अव्वल, 686 अंकों के साथ टॉप किया

हनुमानगढ़, 14 जून (एजेंसियां)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। इस परीक्षा में राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के महेश केसवानी ने देशभर में पहली रैंक हासिल कर जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। महेश को कुल 720 में से 686 अंक प्राप्त हुए हैं।

महेश मूलतः हनुमानगढ़ जिले के नोहर कस्बे के निवासी हैं। उनके पिता रमेश कुमार और मां हेमलता



दोनों सरकारी शिक्षक हैं और वर्तमान में डबलीराठान गांव में निवास कर रहे हैं। महेश का ननिहाल हनुमानगढ़ जंक्शन के सुरेशिया क्षेत्र में स्थित है।

महेश ने सीकर स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान से तैयारी की थी और अपने पहले ही प्रयास में देशभर में टॉप किया। उनकी इस सफलता ने न केवल हनुमानगढ़ जिले बल्कि पूरे राजस्थान को गौरवान्वित किया है। महेश की उपलब्धि उन हजारों छात्रों के लिए प्रेरणा बन गई है, जो मेडिकल क्षेत्र में अपना भविष्य संवारना चाहते हैं।

जैसे ही परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ और महेश केसवानी के टॉप करने की खबर आई, उनके घर और रिश्तेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवारजनों ने मिठाइयां बांटी और पूरे गांव में जश्न का माहौल बन गया।

# जिला मुख्यालय पर केंद्रीय विद्यालय शुरू करने की मांग

## सांसद ने शिक्षा मंत्री को पत्र सौंपा

सिरोही, 14 जून (एजेंसियां)। जालौर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर जिला मुख्यालय पर सत्र 2025-26 से केंद्रीय विद्यालय शुरू करने की मांग की। इस संबंध में उन्होंने मंत्री को एक लिखित पत्र भी सौंपा।

सांसद लुंबाराम चौधरी ने शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि सिरोही जिला मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुराने भवन को केंद्रीय विद्यालय संचालन के लिए अस्थायी भवन के रूप में प्रस्तावित किया गया है। इस भवन का निरीक्षण केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर द्वारा गठित समिति ने किया था। निरीक्षण के उपरांत भवन को संगठन के नियमों एवं शर्तों के अनुरूप पाया गया था।

उपायुक्त द्वारा भवन में पाई गई कमियों के संबंध में दस्तावेज केंद्रीय विद्यालय संगठन के मुख्यालय, नई दिल्ली को भेजे जा चुके हैं। सांसद चौधरी ने आग्रह किया कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आगामी शिक्षा सत्र 2025-26 से केंद्रीय विद्यालय की शुरुआत की जाए।

सांसद चौधरी ने यह भी बताया कि वर्तमान में जिले में केवल माउंट आबू में केंद्रीय विद्यालय संचालित है, जिसमें सिरोही जिला मुख्यालय व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को प्रवेश नहीं मिल पाता। ऐसे में सिरोही मुख्यालय पर केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग लंबे समय से उठ रही है।

उन्होंने कहा कि आमजन की भावनाओं का सम्मान करते हुए वे इस मुद्दे पर लगातार प्रयासरत हैं और शिक्षा मंत्री से पूर्व में भी इस विषय में बातचीत कर चुके हैं। अब जल्द ही सकारात्मक परिणाम आने की संभावना है।

# 350 पुलिसकर्मियों की 30 से अधिक गांवों में रेड

## जेईएन और सीएचओ भर्ती परीक्षा में एसओजी के एक वांछित को पकड़ा



जोधपुर, 14 जून (एजेंसियां)। आपराधिक गतिविधियों, ड्रग्स और बजरी माफिया पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने कमिश्नरेट के पश्चिम व पूर्वी जिले में 30 से अधिक गांवों में छापे मारे। अफीम का एक किलो से अधिक दूध, 58 किलो डोडा पोस्त जब्त कर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। दो लोग फरार हो गए। जेईएन और सीएचओ भर्ती परीक्षा में एसओजी के एक वांछित को भी पकड़ा गया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि बदमाशों की धरपकड़, मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त व बजरी माफिया पर नकेल कसने के लिए योजना बनाकर अलसुबह छापेमारी की गई। दो एडीसीपी, तीन एसीपी, 29 निरीक्षक-एसआई के नेतृत्व में 28 टीमों के तीन सौ पुलिसकर्मियों ने चिह्नित 28 ग्राम पंचायतों में छापे मारकर तलाशी ली।

इसमें 22 गांव झंवर, 4 विवेक विहार और 2 कुड़ी भगतासनी थाने में हैं। संदिग्धों के ठिकानों की तलाशी लेकर 22.6 किलो डोडा पोस्त, अफीम का 100 ग्राम दूध जब्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। बजरी के अवैध खनन में लिप्त एक डम्पर और एस्कोर्ट कर रही कार जब्त कर एक एफआईआर दर्ज की गई।

इसके साथ ही 5 स्थाई वारंटी, 4 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 17 लोगों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 13 अन्य को हिरासत में लिया गया है। 18 वाहन डिटेन कर एमवी एक्ट में 10 चालान बनाए गए। कराणी में नाहरों की ढाणी निवासी मुकेश जाट, हेमनगर निवासी सुरेश बिश्नोई, जोलियाली निवासी अशोक बिश्नोई, बालोतरा में गोदावास खुर्द निवासी रामनारायण बिश्नोई व गुड़ा बिश्नोइयान निवासी लीला बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मोगड़ा निवासी हनुमान पुत्र डलाराम पटेल को पकड़ा। जांच में सामने आया कि वह जेईएन और सीएचओ भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने का एसओजी का आरोपी है।

सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर नगेन्द्र कुमार ने बताया कि पूर्वी जिले की अलग-अलग टीमों के पुलिस अधिकारी व जवानों ने अलसुबह डांगियावास के कई गांवों में छापे मारे। तलाशी लेने पर अलग-अलग जगहों पर अफीम का 1.153 किलो दूध, 36.13 किलो डोडा पोस्त जब्त की गई। खेड़ी सालवा गांव में आनंद नगर निवासी मनोज उर्फ राजू बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया। तीन एफआईआर दर्ज कर दांतीवाड़ा निवासी महेश बिश्नोई व कांकेलाव में सरनाडा की ढाणी निवासी विकास बिश्नोई को नामजद कर तलाश की जा रही है।

20 वाहन डिटेन, बीस चालान

पुलिस ने 120 वाहनों की जांच कर एमवी एक्ट में 10 चालान बनाए। दो संदिग्ध वाहन जब्त किए गए। नब्बे जनों के फोटो राजकॉप एप से मिलान किए गए। एक हिस्ट्रीशीटर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

# सरकारी शिक्षकों को तबादले का इंतजार

बाड़मेर, 14 जून (एजेंसियां)। पूरे शिक्षा सत्र में शिक्षक वर्ग गर्मी की छुट्टियों का इंतजार कर रहा था, क्योंकि सरकार ने तबादलों का वादा जो किया था। अब ग्रीष्मावकाश आधा बीत गया है लेकिन तबादलों को लेकर शिक्षा विभाग ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। ऐसे में शिक्षकों का इंतजार बढ़ता जा रहा है। 1 जुलाई से विद्यालय खुल जाएंगे। जून के केवल 16 दिन शेष है। राज्य सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों को छोड़ शेष शिक्षक वर्ग वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता और प्रधानाचार्य के स्थानांतरण ग्रीष्मकालीन अवकाश में करने की बात कही थी। शिक्षा मंत्री ने यह बात कही जिसके बाद शिक्षक वर्ग छुट्टियों का इंतजार कर रहा था। 16 मई से अवकाश आरंभ हुए तो स्थानांतरण के इच्छुक शिक्षक दौड़ धूप में लग गए। हालांकि तबादलों की सुगबुगाहट तेज होती नजर नहीं आ रही है। भाजपा विधायकों ने आवेदन मांगे हैं। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने भी जल्द तबादले पर बैन खोलने की ओर इशारा किया है। शिक्षक वर्ग के अनुसार जब सत्र शुरू हो जाता है तो तबादले होने पर शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती है। क्योंकि बीच सत्र शिक्षक इधर-उधर होने से कहीं पद खाली हो जाएंगे जिसका असर पढ़ाई पर पड़ेगा। ऐसे में ग्रीष्मावकाश में ही तबादले होते हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में 67349 वरिष्ठ अध्यापक, 45763 व्याख्याता और दस हजार से ज्यादा प्रिंसिपल कार्यरत है जिसके तबादले होने हैं। इनमें से काफी जने तबादले करवाने को इच्छुक है। सरकार करे वादा पूरा- सरकार की ओर से शिक्षा मंत्री ने तबादले करने की बात कही थी। अब ग्रीष्मावकाश चल रहा है जिस पर सरकार वादा पूरा कर तबादले करे। वर्तमान सरकार गठन के बाद शिक्षा विभाग के अलावा अन्य सभी विभागों में तबादले हो चुके है। अतः शिक्षा विभाग में भी तृतीय श्रेणी शिक्षकों के अलावा प्रधानाचार्य, व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक सहित अन्य संवर्ग के कर्मचारी तबादलों का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में विभाग तबादलों के इच्छुक शिक्षकों से शाला दर्पण से ऑनलाइन आवेदन लेकर ग्रीष्मावकाश में स्कूल खुलने से पूर्व आवश्यकतानुसार तबादले करे।

# कोरोना से एक और मौत

## बीते 24 घंटों में 34 नए केस सामने आए

जयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर कोरोना वायरस ने चिंता बढ़ा दी है। प्रदेश में कोविड-19 के 34 नए केस सामने आए हैं, वहीं उदयपुर में इलाज के दौरान एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला की मौत इस साल राज्य में कोरोना से हुई दूसरी मौत है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार मृतक महिला प्रतापगढ़ की निवासी थी और सांस लेने में तकलीफ के चलते उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज से अटैच एक अस्पताल में भर्ती थीं। जांच में महिला की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इससे पहले राजधानी जयपुर में पिछले महीने कोरोना से एक मरीज की मौत हुई थी। इस साल में अब तक यह दूसरी मौत दर्ज की गई है। मृतक महिला के सैंपल को वायरस के वैरियंट की जांच के लिए जिनोम सिक्वेंसिंग हेतु भेजा गया है।

# मृत व्यक्ति की चलने लगी सांसें

# धरी रह गई अंतिम संस्कार की तैयारियां

## *मातम का माहौल खुशी में बदला*

उदयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां सायरा थाना क्षेत्र के झालों का कलवाणा गांव में धन सिंह राजपूत को मुंबई के अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। लेकिन अंतिम संस्कार के समय उसकी सांसे चलने लगी। जिसके बाद धन सिंह को उदयपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों कहना है कि मरीज कोमा में है और उसकी बीपी नहीं आ रही है। मरीज को वेंटिलेटर पर ले रखा है।

धनसिंह राजपूत (60) मुंबई के जवेरी बाजार में एक ज्वैलर्स की दुकान पर काम करते है। गुरुवार सुबह धन सिंह को हार्ट अटैक आया तो स्टाफ ने उसे मुंबई के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। दुकान मालिक ने इसकी सूचना धन सिंह के परिजनों को दी। परिजन शव को लेकर गांव आ गए।

गांव में उसकी मौत की खबर सुनकर गमगीन माहौल हो गया। यहां गांव में अंतिम संस्कार की तैयारियों के लिए बोल दिया था। दुकान मालिक परिवार के साथ धनसिंह के अंतिम दर्शन के लिए आए थे। इसलिए एम्बुलेंस को गांव नहीं ले जाकर सेमड़ में ही रोक दिया। दुकान मालिक की कार से जैसे ही सेमड़ पहुंची। दर्शन के लिए वहां एम्बुलेंस का गेट खोला तो सब हैरान रह गए। धनसिंह की तो सांसें चल रही थी। यह देख वहां मौजूद लोग सन्न रह गए। तत्काल उदयपुर के एमबी अस्तपाल में ले गए। गांव में छाया मातम का माहौल खुशी में बदल गया।

# भीषण सड़क हादसा, 3 लोगों की मौत, 5 की हालत गंभीर

अलवर, 14 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के अलवर जिले में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक हो गई। तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, कार पलटने से चालक की भी जान चली गई। इसके अलावा 5 लोग गंभीर घायल हो गए। जिनका अलग—अलग अस्पतालों में उपचार जारी है।

पुलिस के मुताबिक हादसा सदर थाना क्षेत्र में कारौली बाग के पास हुआ। तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े बाइक सवार युवकों को कुचल दिया। हादसा उस वक्त हुआ जब तीन बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़े थे। तभी पीछे तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी और कार पलटी खा गई।

हादसे में बाइक सवार प्रवीण कुमार 32 पुत्र भोलाराम निवासी मुडियोखेड़ा अलवर और कार चालक फेजान निवासी मूंगस्का की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, प्रवीण के साथी विजय कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी मूडियाखेड़ा ने जयपुर ले जाते समय दौसा के पास दम तोड़ दिया। इनके तीसरे साथी संजय कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है और जयपुर के अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे में कार सवार तीन महिलाएं और एक युवक भी घायल हो गया। जिनका अलवर के अस्पताल में उपचार जारी है।

**हादसे के बाद मीच चीख पुकार**

हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार में फंसे लोगों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। वहीं, मृतकों के शवों को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# तंत्र-मंत्र के नाम पर लाखों की ठगी

## भेद खुलने के डर से दो साथियों समेत तीन को मौत के घाट उतारा

बीकानेर, 14 जून (एजेंसियां)। जिले के शोभासर क्षेत्र से एक सनसनीखेज और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां सड़क किनारे दो शव मिले हैं। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी श्रवण दास संत थाना और मुक्ताप्रसाद थाना अधिकारी विक्रम मौके पर पहुंचे। आशंका जताई जा रही है कि तंत्र-मंत्र से रुपए डबल करने का झांसा देकर करीब 50 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया।

इस मामले में तांत्रिक ने अपने दो साथियों सहित एक अन्य एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि अजमेर निवासी शैतान सिंह खुद को तांत्रिक बताकर अपने पांच-छह साथियों के साथ खाजूवाला आया। उसने गफार खां नामक व्यक्ति को झांसे में लिया, जो जमीनों की दलाली करता था। पहले छोटी रकम को डबल कर गफार का विश्वास जीता लिया उसने इन लोगों को लालच में लेकर 50 हजार को एक लाख, फिर एक लाख को दो लाख बनाया। इसके बाद उसने गफार खां, सलमान खां और राजेन्द्र पूनियां से मिलकर करीब 50 लाख रुपए एकत्रित किए, जिसमें खाजूवाला के एक डॉक्टर के 45 लाख रुपए भी शामिल थे। गुरुवार रात को तंत्र-मंत्र की आड़ में गफार के घर पर 'क्रिया' की गई। इसी दौरान हलवे में नशीली गोलियां मिलाकर तीनों को बेहोश किया गया। इसी बीच पुलिस को शोभासर रोड पर दो शव मिलने की सूचना मिली, जिनमें से दो की पहचान शैतान सिंह और विक्रम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनों तांत्रिक के सहयोगी के रूप में यहां कार्य कर रहे थे और तांत्रिक ने इन्हें भी जहर का हलवा देकर मार डाला, जबकि गफ्फार ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं राजेन्द्र और सलमान का पीबीएम अस्पताल में इलाज जारी है। प

# 20 जून को होगी मानसून की एंट्री ! होगी तेज बारिश

## आईएमडी ने दिए संकेत

जयपुर, 14 जून (एजेंसियां)। भीषण गर्मी से जूझ रहे राजस्थानवासियों को जल्द राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग जयपुर के अनुसार, राज्य में 20 जून के आसपास मानसून के प्रवेश की प्रबल संभावना है। इस दिशा में संकेत पहले ही मिल चुके हैं, क्योंकि वर्तमान में प्रदेश के कई हिस्सों में प्री-मानसून गतिविधियां तेज़ हो गई हैं।ढ़मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के अनुसार राज्य के पूर्वी भागोंा-उदयपुर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ जिलों में मानसून पूर्व की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है। इन क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही, धूलभरी हवाएं और हल्की बारिश के साथ-साथ तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना जताई गई है। दूसरी ओर, पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग में हीटवेव का असर जारी रहेगा।

# कहीं तुर्की ने दुश्मनी तो नहीं निकाली...

## एयर इंडिया हादसे को लेकर बाबा रामदेव ने क्यों जताया शक



नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। एयर इंडिया हादसे को लेकर बाबा रामदेव ने सवाल उठाया है। रामदेव की तरफ से यह सवाल तुर्किए की कंपनी पर उठाया। बाबा रामदेव ने कहा कि मुझे पता चला कि विमान के रख-रखाव का काम तुर्की की एजेंसी करती थी। उन्होंने कहा कि कही तुर्की की कंपनी ने भारत से दुश्मनी तो नहीं निकाली। रामदेव ने कहा कि भारत को एविएशन सेक्टर के ऊपर और नजर रखनी पड़ेगी। उन्होंने इस हादसे में तुर्की की एजेंसी की साजिश का भी शक जाहिर किया। रामदेव ने कहा कि इस तरह के संवेदनशील सेक्टर में भारत को कम से कम विदेशी हस्तक्षेप को खत्म करना पड़ेगा।

**प्लेन में सवार 241 लोगों की हो गई थी मौत :**

गुरुवार को दोपहर में लंदन जा रहा बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई। यह देश की सबसे भयावह हवाई दुर्घटनाओं में से एक है। एअर इंडिया का स्वामित्व टाटा समूह के पास है।

**मरने वालों को 1-1 करोड़ रुपये मुआवजा :**

एयर इंडिया (एआई) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैम्पबेल विल्सन ने शुक्रवार को कहा कि इस विमानन कंपनी का स्वामित्व रखने वाला टाटा समूह विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देगा। उन्होंने कहा कि इस विमान दुर्घटना में घायल हुए लोगों के इलाज का खर्च भी यह समूह उठायेगा।

## स्कूटर दुर्घटना में एससीसीएल अधिकारी की मौत

पेद्दापल्ली, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के एक अधिकारी की शनिवार को गोदावरीखानी में 8 इनक्लाइन कॉलोनी में एक लड़की को टक्कर मारने से बचाने के प्रयास में स्कूटर के सड़क डिवाइडर से टकराने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक रमेश बाबू रामगुंडम-III क्षेत्र में ओपनकास्ट-2 कोयला खदान में अंडर मैनेजर के पद पर कार्यरत थे।

यह दुर्घटना पोस्ट ऑफिस रोड पर हुई, जहां उनके सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनके परिवार में उनकी पत्नी और बेटी हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया, मामला दर्ज किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

# भारत ने ईरान पर इजरायली हमलों की निंदा करने वाले एससीओ के बयान से खुद को अलग किया

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। भारत ने शनिवार को एससीओ यानी शंघाई सहयोग संगठन के एक बयान से खुद को अलग कर लिया। इस बयान में ईरान पर हाल ही में हुए इजरायली हमलों की निंदा की गई है। भारत ने साफ किया कि इस समूह की टिप्पणियों को लेकर हुई बातचीत में उसने भाग नहीं लिया था। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने जारी में कहा, शंघाई सहयोग संगठन ने इजरायल और ईरान के बीच हालिया घटनाक्रमों पर एक बयान जारी किया है। भारत एससीओ के उक्त बयान पर हुई चर्चा में शामिल नहीं हुआ। एमईए ने इजरायल-ईरान तनाव पर भारत के स्वतंत्र रुख को फिर से दोहराया। यह रुख पहली बार 13 जून को सामने आया था। भारत ने शांति और बातचीत का आह्वान किया है।

**भारत का बातचीत और कूटनीति के रास्तों पर जोर :**

बयान में आगे कहा गया, हम आग्रह करते हैं कि तनाव कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति के रास्तों का इस्तेमाल किया जाए। यह जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उस दिशा में प्रयास करे। विदेश मंत्री एस



जयशंकर ने भी हाल ही में अपनी ईरानी समकक्ष के साथ बातचीत के दौरान भारत की चिंताओं को सीधे तौर पर व्यक्त किया।

**अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की गहरी चिंता :**

एमईए के अनुसार, जयशंकर ने बढ़ते तनाव पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की गहरी चिंता को जाहिर किया। उन्होंने आगे तनाव से बचने और राजनयिक बातचीत पर लौटने की जरूरत पर जोर दिया। एससीओ के बयान में ईरानी क्षेत्र पर इजरायल के हमलों की कड़ी निंदा की गई है। इसे "नागरिक ठिकानों, ऊर्जा और परिवहन बुनियादी ढांचे के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई" बताया गया। एससीओ ने कहा कि इससे नागरिकों की मौत हुई और अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हुआ है।

**एससीओ के बयान में क्या कहा गया है, जिससे भारत ने बनाई दूरी :**

एससीओ ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के आसपास के तनाव को शांतिपूर्ण और राजनयिक तरीकों से हल करने के लिए समर्थन भी दोहराया। साथ ही, ईरानी लोगों और सरकार के प्रति संवेदना व्यक्त की। हालांकि, भारत ने अपने स्वतंत्र रुख को दोहराया। यह रुख पहली बार 13 जून को व्यक्त किया गया जिसमें संयम, बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया गया था।

**आग भड़काने वाले कदम से बचने का आग्रह :**

पहले एमईए ने कहा था, भारत दोनों पक्षों से किसी भी तरह के आग भड़काने वाले कदम से बचने का आग्रह करता है। स्थिति को कम करने और अंतर्निहित मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति के मौजूदा चैनलों का उपयोग किया जाना चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि जयशंकर ने हाल ही में अपने ईरानी समकक्ष से बात की थी। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की गहरी चिंता व्यक्त की और आगे तनाव से बचने और राजनयिक प्रक्रियाओं पर लौटने की आवश्यकता को दोहराया।

भारत ने "दोनों देशों के साथ अपने करीबी और मैत्रीपूर्ण संबंधों" पर जोर दिया। भारत ने शांति के प्रयासों के लिए समर्थन देने की अपनी तत्परता की पुष्टि की। एमईए ने यह भी कहा कि ईरान और इजरायल में भारतीय मिशन भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं। वे नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय सलाह का पालन करने की सलाह दे रहे हैं।

# हरीश राव ने 400 टीएमसी गोदावरी जल हानि की दी चेतावनी



हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार और राज्य के भाजपा नेताओं पर आंध्र प्रदेश की 80,000 करोड़ रुपये की गोदावरी-बनकाचेरला लिंक परियोजना पर चुप्पी साधे रहकर तेलंगाना के हितों से समझौता करने का आरोप लगाते हुए, बीआरएस नेता और पूर्व सिंचाई मंत्री टी हरीश राव ने शनिवार को चेतावनी दी कि इस परियोजना के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर पानी का डायवर्जन हो सकता है- जैसा कि कृष्णा बेसिन में पोतिरेड्डीपाडु हेड रेगुलेटर के माध्यम से हुआ था- जिससे तेलंगाना की सिंचाई और जल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

एक विस्तृत पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, राव ने कहा कि इस परियोजना में गोदावरी नदी प्रबंधन बोर्ड (जीआरएमबी), केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) और शीर्ष परिषद से वैधानिक मंजूरी का अभाव है। उन्होंने दावा किया कि आंध्र प्रदेश की योजना में पहले चरण में गोदावरी के 200 टीएमसी पानी को मोड़ना शामिल है, जिसका प्रस्तावित विस्तार 400 टीएमसी तक है। इस परियोजना में बोल्लापल्ली में एक विशाल ऑफ़लाइन जलाशय शामिल है जिसकी कुल भंडारण क्षमता 150 टीएमसी है- जो तेलंगाना के मल्लन्ना सागर के आकार का तीन गुना है, जो कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (केएलआईपी) के तहत सबसे बड़ा जलाशय है।

राव ने आरोप लगाया, आंध्र प्रदेश का दावा है कि वह केवल अतिरिक्त बाढ़ के पानी का उपयोग करेगा, लेकिन यह एक बहाना है।

उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायुडू पर प्रस्तावित गोदावरी जल विवाद न्यायाधिकरण के चालू होने से पहले जल उपयोग के दावों को स्थापित करने के लिए परियोजना में तेजी लाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश की व्यवहार्यता रिपोर्ट में 400 टीएमसी को संभालने के लिए डिज़ाइन की गई सुरंगों और नहरों जैसे बुनियादी ढाँचे शामिल हैं, जिसका उद्देश्य रायलसीमा और दक्षिण तटीय आंध्र में कृष्णा बेसिन कमांड क्षेत्रों में पानी को मोड़ना है।

राव ने तेलंगाना कांग्रेस सरकार, खास तौर पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी की निष्क्रियता के लिए आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया, जबकि कृष्णा नदी के पानी को लूटा गया, अब बनकाचेरला के ज़रिए गोदावरी के पानी को लूटा जा रहा है। रेवंत रेड्डी और उत्तम कुमार रेड्डी चुप हैं, सिंचाई पर ध्यान देने के बजाय केटी रामाराव जैसे बीआरएस नेताओं के खिलाफ़ झूठे मामले दर्ज करने में व्यस्त हैं। उन्होंने राज्य सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाया, जबकि आंध्र प्रदेश टेंडर जारी करने की प्रक्रिया में है और जुलाई में निर्माण शुरू करने की योजना बना रहा है।

## प्रवासी मजदूर की करंट लगने से मौत

संगारेड्डी, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पठानचेरूवु मंडल के पाटी गांव में शनिवार को एक ईंट भट्ठे पर कंक्रीट मिक्सर की सफाई करते समय 22 वर्षीय एक प्रवासी श्रमिक की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। उसकी पहचान ओडिशा निवासी दिनेश बोई के रूप में हुई है। वह मिक्सर साफ कर रहा था, तभी उसे बिजली का झटका लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए पटनचेरू सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बीडीएल भानुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 'तल्लिकी वंदनम' योजना या मां को नमन योजना के तहत नायुडू ने जारी की राशि

अमरावती, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। 'तल्लिकी वंदनम' योजना या मां को नमन योजना के तहत एपी सीएम सीबी नायुडू ने राशि सराहनीय राशि जारी की।

इस संदर्भ में, एपी सरकारी सूत्रों नुसार, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित 'तल्लिकी वंदनम' योजना के माध्यम से राज्य भर में पात्र माताओं के बैंक खातों में नकदी जमा की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत, कई परिवार, विशेषकर जिनके कई बच्चे हैं, काफी लाभान्वित हो रहे हैं क्योंकि प्रत्येक छात्र को 13,000 रुपये की वित्तीय सहायता मिल रही है।

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस योजना से लाभान्वित परिवारों की खुशी के बारे में एक दिलचस्प तथ्य साझा किया। इसके तहत. अन्नमय्या जिले के कालकड़ा मंडल में एक संयुक्त परिवार की तीन माताओं और उनके 12 बच्चों की शिक्षा के लिए 'तल्लिकी वंदनम' के तहत 1.56 लाख रुपये जमा किए गए। टीडीपी ने इससे संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। परिवार के सदस्यों, विशेषकर माताओं ने अपने खातों में एक साथ इतनी बड़ी धनराशि जमा होने पर अपार प्रसन्नता व्यक्त की। माताओं ने गठबंधन सरकार और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार, कुरनूल जिले के देवनकोंडा के चांदबाशा और शकीनाबी के परिवार को भी इस योजना का लाभ मिला। उनकी छह बेटियाँ हैं, जो सभी सरकारी स्कूल में पढ़ रही हैं। छात्रों के पिता चांद बाशा ने प्रसन्नता व्यक्त की कि चूंकि सभी छात्र 'सैल्यूट टू मदर' योजना के लिए योग्य थे, इसलिए उन्हें 10-10 लाख रुपये दिए गए। उनकी मां शकीनाबी के खाते में अब तक 78,000 रुपये जमा हो चुके हैं। आंध्र प्रदेश सरकार सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा एक से इंटरमीडिएट तक पढ़ने वाले छात्रों की माताओं के लिए 'सैल्यूट टू मदर' योजना लागू कर रही है।

# आचार्य श्री तुलसी का 29वें महाप्रयाण दिवस पर विसर्जन दिवस का आयोजन



हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेरापंथ महिला मंडल हैदराबाद द्वारा शनिवार को गणाधिपति गुरुदेव आचार्य श्री तुलसी के महाप्रयाण दिवस पर विसर्जन से नव सृजन की ओर विषय पर कार्यशाला का आयोजन साध्वीश्री डाक्टर गवेषणाजी ठाणा 4 के सानिध्य में तेरापंथ भवन,हिमायत नगर में किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व दुलीचंद नाहटा के निवास से साध्वीश्री जी का पदार्पण विसर्जन रैली के रूप में तेरापंथ भवन, हिमायत नगर में हुआ। जिसमें बडी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरूआत नमस्कार महामंत्र से की गई तत्पश्चात मंडल की बहनों द्वारा तुलसी अष्टकम् का भाव पूर्ण सगान किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती कविता आच्छा ने बताया कि 'विसर्जन दिवस' केवल श्रद्धांजलि नहीं अपितु यह आचार्य तुलसी की विचारधारा को अपने भीतर उतारने का संकल्प है। सिकंदराबाद सभा मंत्री हेमंत संचेती, युवक परिषद अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा एवं अणुव्रत समिति अध्यक्ष प्रकाश एच भंडारी ने महिला मंडल को शुभकामनाएं प्रेषित की। हर्षलता दुधोडिया के निर्देशन में लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई।

साध्वीश्री डॉ. गवेषणाश्री ने कहा- आचार्य श्री तुलसी की जीवन-गाथा भारतीय चेतना का एक अभिनव उन्मेष है, आश्चर्यों की वर्णमाला से आलोकित एक महालेख है। साध्वी मयंकप्रभा ने कहा- विश्व के इतिहास में इन शताब्दियों का दुर्लभ व्यक्तित्व है- आचार्य श्री तुलसी। आचार्य श्री तुलसी का व्यक्तित्व और कर्तृत्व अमाप्य है। जिसे शब्दों में बांधना और गीतों में उकेरना असंभव है। साध्वी मेरुप्रभा एवं साध्वी दक्षप्रभा जी ने भी गितिका प्रस्तुत की। महेंद्र भंडारी, लक्ष्मीपत बैद, तिलोक सिपानी, राजेंद्र बोथरा, लक्ष्मीपत डुंगरवाल, सुशीला संचेती, विमलेश सिंघी, संपत सिंघी, चंद्रा सुराणा, चंदा जैन आदि की विशेष उपस्थिति रही। मंत्री सुशीला मोदी ने संचालन किया। आभार ज्ञापन प्रचार प्रसार मंत्री मीनाक्षी सुराणा ने किया।

## माँ रेणुका येल्लम्मा मंदिर के नवनिर्माण पर भंडारा

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मलकाजगिरि स्थित माँ रेणुका येल्लम्मा मंदिर के नवनिर्माण के शुभ अवसर पर दो दिवसीय भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन ना केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और एकता का भी प्रेरक उदाहरण बन गया।

इस पावन कार्य के पीछे सबसे बड़ा योगदान जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह का रहा, जिनके सहयोग, संकल्प और सतत प्रयासों से यह संभव हो सका। उन्होंने मंदिर की नई पूजा के उपलक्ष्य में इस भंडारे का आयोजन करवाकर समाज को यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब श्रद्धा और सेवा एक साथ आती है, तो बड़े से बड़ा कार्य भी सहज हो जाता है।

भंडारे में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु और भक्तगण सम्मिलित हुए, जिन्होंने माँ रेणुका येल्लम्मा के चरणों में अपना प्रेम, भक्ति और सेवा समर्पित किया। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि जब समाज के प्रबुद्ध और सेवाभावी लोग आगे आते हैं, तो धर्मस्थलों का पुनर्निर्माण मात्र एक निर्माण कार्य नहीं रहता, बल्कि वह जनमानस में विश्वास और ऊर्जा का संचार करता है।

## दक्षिण भारत कान्यकुब्ज सभा की बैठक आयोजित



हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण भारत कान्यकुब्ज सभा की विशेष बैठक निर्दोष भवन खैरताबाद में आयोजित की गई। बैठक में गत माह में लिए गए निर्णयों की समीक्षा एवं पिछली बैठक से आजतक के आय व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से शहर की शिक्षण संस्थाओं में ग्रीष्म कालीन छुट्टियों के बाद कक्षाओं में प्रवेश के उपरान्त समाज के जरूरतमन्द छात्र/छात्राओं को शिक्षण सामग्री देने का निर्णय लिया गया। इसके लिए आवेदन के साथ बोनाफाइड प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज़ फोटो आदि प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

बैठक की अध्यक्षता डॉ. राम कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने की। कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद शुक्ल, महामंत्री विजयपाल पाण्डेय, सांस्कृतिक मंत्री रत्नकला मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, जय शंकर प्रसाद तिवारी, बाला प्रसाद तिवारी, शोभा दुबे, महेश अग्निहोत्री, प्रेम सुन्दर व राहुल मिश्र ने भाग लिया।

## बाइक चोरी करने के आरोप में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एक ऑटोमोबाइल सर्विसिंग शोरूम के सुरक्षा गार्ड को एक ग्राहक की रॉयल एनफील्ड बाइक चुराने के आरोप में शनिवार को मियापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, मदीनागुड़ा स्थित ऑटोमोबाइल शोरूम में काम करने वाले किशोर कुमार (35) ने 2 जून को सर्विसिंग के लिए आई बाइक चुरा ली थी। शोरूम सुपरवाइजर को हाल ही में 13 जून को निरीक्षण के दौरान पता चला कि बाइक चोरी हो गई थी। शिकायत के आधार पर मियापुर पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोर कुमार को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया और उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसके पास से बाइक बरामद कर ली गई है।

# प्रभाकर ने फिर सीबीआई जांच की मांग दोहराई

## केसीआर क्लिप में अपना हाथ धोने की कोशिश कर रहे हैं



हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक एनवीएसएस प्रभाकर ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव मेडिगड्डा बैराज में अनियमितताओं तथा अन्नाराम और सुंडिला बैराजों में हुए नुकसान की जांच कर रहे पीसी घोष आयोग के समक्ष उपस्थित हुए और इंजीनियरों पर जिम्मेदारी डालकर कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना में अपना हाथ धोने की कोशिश कर रहे हैं। मेडिगड्डा बैराज में स्थल परिवर्तन पूरी तरह से एक राजनीतिक निर्णय है और इसे कैबिनेट में मंजूरी मिल गई है। राज्य कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रभाकर ने कहा कि भाजपा पीसी घोष, एक सदस्यीय आयोग की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करेगी। केएलआईपी अनियमितताओं में शामिल नेताओं को छोड़ने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने सच्चाई का पता लगाने के लिए सीबीआई जांच की मांग दोहराई। भाजपा नेता ने बीआरएस पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव पर सीएजी की चेतावनियों को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया, जिसमें ठेकेदारों को अनुचित लाभ दिया गया था, जिन्होंने केएलआईपी व्यवहार्यता के खिलाफ राय दी थी। परियोजनाओं में गलतियों को सुधारने और सही करने के बजाय, केसीआर ने केएलआईपी को पूरा करने के लिए सिंचाई विशेषज्ञों को हरी झंडी दे दी, जिससे भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने केसीआर की भी गलती पाई, जिन्होंने घोष आयोग को बताया कि मंत्रिमंडल ने सिंचाई विशेषज्ञों की सिफारिश पर अनुमति दी है। सरकार के मुखिया के रूप में केसीआर को अपनी गलतियों के लिए नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। इसके बजाय, वह अपने मंत्रिमंडल और सिंचाई विशेषज्ञों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। कालेश्वरम परियोजना के स्थान को तम्मिडिहट्टी से मेडिगड्डा स्थानांतरित करने पर सवाल उठाते हुए, प्रभाकर ने कहा कि बीआरएस के सत्ता में आने से पहले, तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने तुम्मिडिहट्टी में परियोजना का काम शुरू किया था बैराज में खंभों के सिकुड़ने, पंप मोटरों के ठीक से काम न करने, नहरों में दरारों के लिए कौन जिम्मेदार है, केसीआर को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के 18 महीने बाद भी स्थानीय निकाय चुनाव नहीं कराकर संविधान की रक्षा करने में विफल रही है। उन्होंने कांग्रेस सरकार से स्थानीय निकाय चुनाव कार्यक्रम की तुरंत घोषणा करने की मांग की। जनता राज्य की कांग्रेस सरकार को जनता से किए गए उसके खोखले वादों के लिए सबक सिखाएगी।

# जगन मोहन रेड्डी के दौरे के दौरान पथराव के चलते वाईसीपी विधायक बुचेपल्ली को नोटिस, 15 और गिरफ्तार

प्रकाशम जिला(एपी) 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के दौरे के दौरान पथराव.के चलते वाईसीपी विधायक बुचेपल्ली को नोटिस, 15 और गिरफ्तार किए गये।

इस बारे में, प्रकाशम जिले के पुलिस सूत्रों नुसार, पुलिस ने प्रकाशम जिले के पोडिली में वाईएसआरसीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री जगन की यात्रा के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के संबंध में दर्शी विधायक बुचेपल्ली शिवप्रसाद रेड्डी को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा, 15 और वाईसीपी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने पाया कि जब पूर्व जगन ने इस महीने की 11 तारीख को पोडिली का दौरा किया था, तब कानून और व्यवस्था में गंभीर व्यवधान उत्पन्न हुआ था। आरोप है कि वाईसीपी कार्यकर्ताओं ने पत्थरों और चप्पलों से हमला किया। पोडिली के सीआई टी. वेंकटेश्वरलू ने कहा कि जगन के दौरे के दिन वाईएसआरसीपी कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स हटा दिए और उन्हें जबरन पीछे धकेल दिया। बताया गया कि इस संबंध में विधायक बुचेपल्ली को नोटिस जारी किया गया है।नोटिस में कहा गया था कि निजी वाहन नियमों का उल्लंघन करते हुए हेलीपैड तक पहुंच गए थे और वाईसीपी कार्यकर्ताओं ने शहर में शांतिपूर्वक मौजूद अन्य दलों के कार्यकर्ताओं पर चप्पल और पत्थर फेंककर हमला करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि इन हमलों में पुलिसकर्मी भी घायल हुए तथा उनके कर्तव्यों में बाधा उत्पन्न की गई। यह आरोप लगाया गया कि कार्यकर्ताओं ने तंबाकू बोर्ड कार्यालय में भी तोड़फोड़ की, तंबाकू की गांठें रौंदीं और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। सीआई ने बताया कि विधायक को नोटिस के माध्यम से यह बताने के लिए कहा गया था कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए, क्योंकि जो घटनाएं हुईं उसके लिए वे ही जिम्मेदार हैं।

दूसरी ओर, इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। प्रकाशम जिला पुलिस ने गत शुक्रवार को 9 लोगों को और शनिवार को 15 लोगों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या 24 तक पहुंच गई है। पुलिस ने बताया कि कुछ अन्य आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश की जा रही है।

## आरोप साबित होने पर विधायक व मंत्री पद से तुरंत त्यागपत्र दूंगी: एस. सविता

अमरावती, (एपी), 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य बीसी कल्याण मंत्री एस. सविता ने कहा कि, वाईसीपी के आरोप साबित होने पर विधायक और मंत्री पद से तुरंत त्यागपत्र दूंगी।

इस संदर्भ में, एपी सरकारी सूत्रों नुसार, राज्य बीसी कल्याण मंत्री एस. सविता ने कहा कि अगर वाईएसआरसीपी द्वारा मातृ वंदना योजना के संबंध में लगाए गए आरोप साबित हो जाते हैं तो वह विधायक और मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। यदि वह इसे साबित नहीं कर सकते तो क्या जगन पुलिवेंदुला विधायक पद से इस्तीफा दे सकते हैं?

बी.सी. कल्याण मंत्री एस. सविता ने चुनौती दी। वह मंगलागिरी स्थित तेलुगु देशम पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक मीडिया सम्मेलन में बोल रही थीं। मंत्री सविता ने वाईएसआरसीपी नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों का कड़ा जवाब दिया कि, 'तल्लिकी वंदनम' योजना के तहत आवंटित धनराशि में से 2,000 नारा लोकेश की खाते में जमा हुए हैं। उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी लोगों को गुमराह करने के लिए ऐसे आरोप लगा रही है, लेकिन लोग पहले ही उन्हें दरकिनार कर चुके हैं और यह तथ्य कि उन्हें विपक्ष का दर्जा भी नहीं दिया गया है, इसका सबूत है।

मंत्री एस. सविता ने कहा कि एनडीए सरकार 'तल्लिकी वंदनम' के तहत माताओं के खातों में सीधे धनराशि उपलब्ध कराकर शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने चुनाव के दौरान किए गए वादे के अनुसार घर में जितने भी बच्चे हैं, उन सभी के लिए 'तल्लिकी वंदनम' योजना लागू करके अपना वादा निभाया है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# क्रिकेट के नियमों में बड़ा बदलाव

## बाउंड्री पर उछलकूद वाले ये कैच होंगे अवैध, जानें कब से लागू हो रहा ये नियम




मेलबर्न, 14 जून (एजेंसियां)। मेलबर्न क्रिकेट क्लब ने हाल ही क्रिकेट के नियमों में एक बड़ा बदलाव किया है। ये बदलाव बाउंड्री पर उछलकूद करते हुए कैच पकड़ने को लेकर है। नए नियमों के तहत अब बाउंड्री पर 'बनी हॉप' अवैध होगा। बनी हॉप का मतलब है जब कोई फिल्डर बाउंड्री के बाहर जाकर हवा में उछलते हुए गेंद को सीमा रेखा के अंदर फेंककर कैच पकड़ना है। नए नियम के तहत अब सीमारेखा के अंदर रहकर गेंद को छूना ही वैध होगा। आईसीसी की प्लेइंग कंडीशन में ये बदलाव इसी महीने 17 जून से खेले जाने वाले श्रीलंका बनाम बांग्लादेश मैच से लागू हो जाएगा। जबकि एमसीसी में अक्टूबर 2026 में होगा।

**सीमा रेखा से बाहर होने पर गेंद को सिर्फ एक बार छू सकता है फील्डर**

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, नए नियम के तहत अब हवा में फील्डर सीमा रेखा से बाहर होने पर गेंद को सिर्फ एक बार ही छू सकता है। कैच पूरा करने के लिए उसे फिर से सीमा रेखा के अंदर आना होगा। जबकि पहले एक फील्डर गेंद को सीमा रेखा के बाहर कई बार हवा में उछाल सकता था। बशर्ते वह बॉल के संपर्क में आने के दौरान हवा में हो। माइकल नेसर की द्वारा बीबीएल 2023 के दौरान इस तरह का एक काफी सुर्खियों में रहा था।

**इस वजह से हुई थी नियम बदलने की मांग**

बिग बैश लीग 2023 में नेसर के कैच से पहले 2020 के सीजन में मैट रेनशॉ ने भी इसी तरह फील्डिंग करते हुए कैच पकड़ा था, जिसमें उन्होंने गाबा के मैदान पर मैथ्यू वेड को आउट किया था। रेनशॉ ने बाउंड्री के पार जाकर गेंद को टॉम बैंटन की ओर मैदान पर फेंका था, जिन्होंने कैच को पूरा किया था। इस साल की

# साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड चैंपियन: डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया, 27 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट जीता

लंदन, 14 जून (एजेंसियां)। ] दक्षिण अफ्रीका ने इतिहास रचते हुए पहली बार आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। 2025 डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर यह गौरव हासिल किया। 282 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, दक्षिण अफ्रीकी टीम के लिए एडन मार्करम ने शानदार शतक जड़ा और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनकी इस मैच विनिंग पारी ने उन्हें इस ऐतिहासिक जीत का हीरो बना दिया। इस खिताबी जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीता है। इससे पहले टीम ने 1998 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा किया था। यह जीत न केवल टीम के लिए बल्कि देश के क्रिकेट इतिहास के लिए भी बेहद खास है। 2025 के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिपफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे टेंबा बावुमा की अगुवाई वाली टीम ने सिर्फ 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस यादगार जीत में एडन मार्करम हीरो साबित हुए। उन्होंने 207 गेंदों में 136 रनों की नाबाद पारी खेली, जो मैच का टर्निंग प्वाइंट रही। वहीं कप्तान टेंबा बावुमा ने भी 134 गेंदों में 66 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने न सिर्फ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया,




बल्कि ऑस्ट्रेलिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर क्रिकेट इतिहास में एक नई कहानी लिख दी।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने 282 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में कुछ झटके जरूर खाए, लेकिन एडन मार्करम और टेंबा बावुमा की शानदार साझेदारी ने टीम को 5 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिला दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरुआत खराब रही। ओपनर रियान रिकल्टन केवल 6 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद वियान मुल्डर ने 50 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 27 रन बनाए लेकिन वे भी ज्यादा देर नहीं टिक सके। 70 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद, क्रीज पर आए एडन मार्करम और कप्तान टेंबा बावुमा, जिन्होंने तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की अहम साझेदारी की। बावुमा ने 134 गेंदों पर 66 रन बनाए जिसमें 5 चौके शामिल थे। हालांकि असली नायक बने एडन मार्करम, जिन्होंने 207 गेंदों में 136 रन की मैच विनिंग पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 14 चौके लगाए और जब वो आउट हुए, तब दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए सिर्फ 6 रन चाहिए थे। मार्करम की इस पारी के सामने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पूरी तरह बेबस नजर आए। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने न सिर्फ डब्ल्यूटीसी फाइनल अपने नाम किया, बल्कि क्रिकेट इतिहास में एक साहसिक और यादगार वापसी की कहानी लिख दी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर 27 साल बाद कोई आीसीसी खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां दोनों टीमों ने अपना दमखम दिखाया, लेकिन अंत में बाज़ी दक्षिण अफ्रीका के हाथ लगी। मैच की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और अपनी पहली पारी में 212 रन बनाए। उनके लिए सबसे ज्यादा रन स्टीव स्मिथ (66) ने बनाए, जबकि दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा ने 5 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी सिर्फ 138 रन पर सिमट गई। इस बार पैट कमिंस ने कहर ढाते हुए 6 विकेट झटके। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 74 रनों की बढ़त मिल गई थी। हालांकि, दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बिखर गए और पूरी टीम 207 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे दक्षिण अफ्रीका को 282 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत थोड़ी लड़खड़ाई, लेकिन फिर एडन मार्करम (136 रन, 207 गेंद) की यादगार और संयमित पारी ने मैच पलट दिया। कप्तान टेंबा बावुमा ने भी 66 रन का अहम योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने यह लक्ष्य सिर्फ 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया और 27 वर्षों बाद एक आईसीसी ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया। यह जीत न सिर्फ तकनीकी रूप से शानदार थी, बल्कि मानसिक दृढ़ता और टीम वर्क की भी मिसाल बन गई।

# कप्तान बनते ही शुभमन गिल का बल्ला बोला

## इंग्लैंड में मारी फिफ्टी, इन 2 खिलाड़ियों का भी दिखा जलवा

लीड्स, 14 जून (एजेंसियां)। लीड्स के हेडिंग्ले स्टेडियम में 20 जून से भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच शुरू होगा. इस मैच के साथ ही भारतीय क्रिकेट में नए कप्तान शुभमन गिल का दौर शुरू होगा. रोहित शर्मा के संन्यास के बाद गिल को टीम इंडिया की कमान सौंपी गई है. ऐसे में गिल कैसी कप्तानी करते हैं और बल्ले से कितना दमदार प्रदर्शन करते हैं, इस पर नजरें रहेंगी. सीरीज शुरू होने से पहले ही भारतीय कप्तान ने इसकी एक झलक दिखा दी है और टीम इंडिया के इंट्रा-स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच में एक बेहतरीन अर्धशतक जमा दिया.

टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया और इंडिया-ए के बीच इंट्रा-स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच शुरू हुआ. तीन दिन के इस मैच के जरिए शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने टेस्ट सीरीज के लिए अपनी मैच प्रैक्टिस शुरू की. इससे पहले टीम इंडिया पिछले करीब 5 दिन से बेकनहैम में नेट्स प्रैक्टिस कर रही थी. मैदान पर टीम इंडिया ने अपना प्रैक्टिस मैच शुरू किया, जिसमें एक तरफ गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया है और दूसरी तरह अभिमन्यु ईश्वरन की कप्तानी



वाली इंडिया ए टीम है, जो कुछ दिन पहले तक इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेल रही थी.

**गिल-राहुल और शार्दुल चमके**

हालांकि टीम इंडिया ने पहले ही इस मुकाबले को मीडिया की नजरों से दूर रखने का फैसला किया था और इसलिए किसी तरह की कवरेज और रिपोर्ट इस मुकाबले के पहले दिन नहीं आई. मगर पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर दिन के खेल का अपडेट दिया. इसमें बताया गया कि कप्तान शुभमन गिल ने पहले दिन एक बेहतरीन अर्धशतक जमाया, जबकि टीम के ओपनर और अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने भी अपनी लाजवाब फॉर्म को जारी रखते हुए अर्धशतक जड़ा. इन दोनों के अलावा एक और खिलाड़ी ने अपना जलवा बिखेरा और वो थे शार्दुल ठाकुर, जिन्होंने पहले दिन सबसे ज्यादा विकेट चटकाए.

**टेस्ट सीरीज के लिए अच्छे संकेत**

अब किसने कितने रन बनाए और कितने विकेट चटकाए, इसका सही-सही आंकड़ा तो बीसीसीआई की ओर से नहीं दिया गया है. मगर भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का पहली बार किसी भी मैच में उतरकर अर्धशतक लगाना अच्छे संकेत है. शुभमन गिल का विदेशों में रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है और इस वजह से उनकी कप्तानी से ज्यादा उनकी बल्लेबाजी पर नजरें हैं. टीम इंडिया को उम्मीद होगी कि वो इसी तरह का प्रदर्शन हेडिंग्ले टेस्ट में भी करें और उसे अगले 4 टेस्ट में भी जारी रखें.

# शुभमन गिल का भाई अग्नि चोपड़ा हो गया फेल

## टी20 लीग में डेब्यू करते हुए बनाए सिर्फ 5 रन, बॉलीवुड से भी कनेक्शन

टेक्सास, 14 जून (एजेंसियां)। उधर भारत के इंट्रा स्क्वॉड मैच में शुभमन गिल ने अर्धशतक जड़ा. मगर इधर एक बड़े टी20 लीग में डेब्यू पर उनका भाई फेल हो गया. हम बात कर रहे हैं गिल को भाई बोलने वाले और उनसे उम्र में एक साल बड़े अग्नि चोपड़ा की. 26 साल के अग्नि चोपड़ा ने एमएलसी 2025 में अपना पहला मैच खेला. मगर उनसे जैसे प्रदर्शन की उम्मीद थी, वैसी वो नहीं कर सके. 20 ओवर में 186 रन के टारगेट के आगे ओपनिंग करते हुए अग्नि चोपड़ा का बल्ला सिर्फ 5 रन पर ही खामोश हो गया. शुभमन गिल और अग्नि चोपड़ा काफी करीबी दोस्त हैं. अग्नि चोपड़ा, गिल को अपने भाई की तरह मानते हैं. गिल के 25वें जन्मदिन पर उन्होंने उनके लिए



एक खास केक भी बनवाया था. दोनों ने उस मौके को साथ में सेलिब्रेट भी किया था, जिसकी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए अग्नि चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा था- भाई का बर्थडे.

अग्नि चोपड़ा के बॉलीवुड कनेक्शन भी हैं. वो दरअसल मशहूर फिल्म मेकर विधु विनोद चोपड़ा के बेटे हैं. विधु विनोद चोपड़ा ने थ्री इडियट, 12वीं फेल, मुन्नाभाई एमबीबीएस जैसी बड़ी और सुपरहिट फिल्में बनाई हैं. अग्नि चोपड़ा की मां फिल्म क्रिटिक हैं. बावजूद इसके उन्होंने बॉलीवुड की राह ना चुनकर क्रिकेट को अपनाया है. अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट में अग्नि चोपड़ा ने निकोलस पूरन की कप्तानी में मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क की ओर से डेब्यू किया.

# एक गेंद पर 8 रन सबसे लंबा और महंगा ओवर इस गेंदबाज ने डाला

## टीएनपीएल में जीता हुआ मैच हराया

कोयंबटूर, 14 जून (एजेंसियां)। क्रिकेट में एक गेंद या एक ओवर कैसे मैच का रुख पलट देती है, इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण 13 जून की शाम TNPL में देखने को मिला. उस मुकाबले में सलेम ने आखिरी ओवरों में हारी बाजी को अपने नाम कर लिया और उसकी एक बड़ी वजह बना तिरूपुर के 23 साल के गेंदबाज ए. ईसाकीमुथु का फेंका सबसे लंबा और महंगा ओवर. दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने सलेम की इनिंग का 19वां ओवर डाला, जिसमें मैच पूरी तरह से पलट गया. ये ओवर मैच का सबसे लंबा तो था ही. महंगा भी इतना था कि छक्का या चौका छोड़िए, 8 रन सिर्फ एक गेंद पर आए.

**ओवर का छोडिए, एक गेंद पर ही लुटा दिए 8 रन**

तिरूपुर के खिलाफ सलेम को आखिरी दो ओवरों में यानी अंतिम 12 गेंदों पर जीत के लिए 31 रन चाहिए थे. ऐसे में तिरूपुर के कप्तान साई किशोर ने 19वां ओवर ए. ईसाकीमुथु को फेंकने को दिया. विकेट पर जमे सलेम के बल्लेबाज भूपति कुमार और हरीश कुमार ने मिलकर दाएं हाथ के पेसर की पहली 5 गेंदों पर एक छक्के और 2 चौके के साथ 17 रन बना लिए. इसके बाद जब ओवर की आखिरी गेंद डालने की बारी आई तो लगा कि ईसाकीमुथु से ओवर खत्म ही नहीं हो रहा. उन्होंने पूरे 5 प्रयासों में वो एक लीगल गेंद फेंकी. इस दौरान उन्होंने 4 नो बॉल फेंकी, जिसका फायदा उठाते हुए सलेम के बल्लेबाजों ने उस आखिरी गेंद पर कुल 8 रन बनाए.

**आखिरी 6 गेंदों पर बनाने रह गए 6 रन**

मतलब मैच जब अपने आखिरी ओवर में पहुंचा तो



सलेम को सिर्फ 6 गेंदों में 6 रन बनाने रह गए थे, जिसे डिफेंड कर पाना तिरूपुर के लिए मुश्किल हो गया. आखिरी ओवर टी. नटराजन ने डाला, जिन्होंने मैच बचाने की कोशिश तो खूब की मगर एक गेंद बाकी रहते ही सलेम ने 4 विकेट से मैदान मार लिया.

मैच का सबसे लंबा और सबसे महंगा ओवर डाला

हालांकि, इस मैच में तिरूपुर हार तभी गई थी, जब ईसाकीमुथु ने मैच का सबसे लंबा और सबसे महंगा ओवर खत्म किया था. T20 क्रिकेट में सबसे लंबे ओवर का रिकॉर्ड 14 गेंदों का है. तिरूपुर के गेंदबाज ईसाकीमुथु ने 11 गेंदों का ओवर फेंका, जिसमें उन्होंने 25 रन दिए. मैच में ना सिर्फ उन्होंने सबसे लंबा और सबसे महंगा ओवर फेंका बल्कि सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज भी वही रहे. उन्होंने बिना कोई विकेट लिए 4 ओवर में 53 रन खर्च किए. मैच में दोनों टीमो को मिलाकर उनसे ज्यादा रन किसी गेंदबाज ने नहीं दिए.

# निकितेंको को हराकर अभिजीत गुप्ता ने बनाई एकल बढ़त

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर (जीएम) अभिजीत गुप्ता ने बेलारूस के मिहेल निकितेंको पर नौवें दौर में शानदार जीत के बाद दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में एकल बढ़त हासिल कर ली। गुप्ता नौवें दौर के बाद आठ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। अब एक और दौर का मुकाबला बचा है ऐसे में गुप्ता अब जीत के दावेदार होंगे।

इस मुकाबले से पहले गुप्ता और निकितेंको संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। सफेद मोहरों से खेलते हुए भारतीय खिलाड़ी को बेलारूस के खिलाड़ी को शिकस्त देने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। जीएम आदित्य एस सामंत ने भी बेलारूस के जीएम अलेक्सेज अलेक्सांद्रोव पर अहम जीत दर्ज की, जिससे उनके अंक 7.5 हो गए। उनके साथ दूसरे



स्थान पर अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) अरोण्यक घोष हैं। घोष आईएम एस. वीरेश को हराकर 7.5 अंक तक पहुंच गए। अन्य प्रमुख मुकाबलों में आर्मेनिया के जीएम ममीकॉन घारिब्यान और भारतीय जीएम एसएल नारायणन का मुकाबला बराबरी पर छूटा जिससे दोनों के 7-7 अंक हो गए। वियतनाम के जीएम गुयेन वान हुई ने भारत के जीएम दिप्तयान घोष को ड्रॉ पर रोका। इन दोनों खिलाड़ियों के नाम भी सात-सात अंक है।

# अल्टीमेट खो-खो का तीसरा सत्र 29 नवंबर से

## कई अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ी होंगे शामिल

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) ने घोषणा की कि 29 नवंबर से शुरू होने वाले अल्टीमेट खो-खो (यूकेके) के तीसरे सत्र



में पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि आगामी सत्र के लिए नीलामी में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'अल्टीमेट खो-खो के तीसरे सत्र की शुरुआत 29 नवंबर 2025 से हो रही है। हम गर्व के साथ यह घोषणा कर रहे हैं कि इसमें पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे।' उन्होंने कहा, 'यह कदम न केवल लीग की प्रतिस्पर्धा को नयी ऊंचाई देगा बल्कि भारत को खो-खो का वैश्विक केंद्र बनाने की हमारी दृष्टि को भी दर्शाता है।' इस अवसर पर केकेएफआई ने खो-खो सहित स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शैक्षिक और वैज्ञानिक संसाधन विकसित करने के लिए एसजीटी विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए। ओडिशा जगरनॉट्स ने यूकेके का उद्घाटन सत्र जीता, जबकि गुजरात जायंट्स की टीम पिछले सत्र में चैंपियन बनी थी।

# आईएसएल में नए नियम! कल्याण चौबे बोले- प्लेइंग-11 में भारतीय स्ट्राइकरों की संख्या का फैसला हितधारक करेंगे

नई दिल्ली, 14 जून (एजेंसियां)। एएफसी एशियाई कप क्वालिफाइंग दौर के मैच में हांगकांग से 0-1 से मिली हार के बाद आलोचनाओं का सामना करने कर रहे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने स्वीकार किया कि राष्ट्रीय टीम पिछले कुछ समय से मैच जीतने के लिए संघर्ष कर रही है। इस हार ने भारत को लगातार तीसरी बार महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने की अपनी कोशिशों में मुश्किल में डाल दिया है।

चौबे ने भारतीय स्ट्राइकरों से गोल न किए जाने की ओर इशारा करते हुए कहा कि कोच मानोलो मार्केज की टीम के खराब प्रदर्शन का एक कारण यह हो सकता है। उन्होंने कहा कि हितधारक इस बात



पर चर्चा करेंगे कि घरेलू क्लबों में स्ट्राइकर के रूप में खेलने वाले भारतीयों की संख्या कैसे बढ़ाई जाए। चौबे ने कहा, 'किसी भी खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय टीम का अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी है। यह सच है कि हमारी राष्ट्रीय टीम ने मलेशिया, वियतनाम, बांग्लादेश, थाईलैंड और हांगकांग जैसी टीमों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष किया है। गोल किए बिना जीत की उम्मीद करना वैसे भी अवास्तविक है।' चौबे ने कहा, 'यह स्पष्ट रूप से गोल करने की क्षमता और भारतीय स्ट्राइकरों की कमी को उजागर करता है। भारतीय स्ट्राइकरों के मैच-टाइम बढ़ाने के लिए एक व्यावहारिक, सामूहिक निर्णय की तत्काल आवश्यकता है।' उन्होंने कहा, 'इस हालांकि कैसे किया जाए, इसके लिए सभी हितधारकों के बीच एक संयुक्त चर्चा की आवश्यकता है।

इसका एक संभावित उपाय यह हो सकता है कि घरेलू लीग में अनुमति प्राप्त विदेशी खिलाड़ियों की संख्या में धीरे-धीरे कमी लायी जाए जिससे भारतीय स्ट्राइकरों को अधिक मौके मिले।'

# कप्तान बनते ही फ्लॉप हो गए निकोलस पूरन, एमआई न्यूयॉर को पहले ही मैच में मिली हार

लॉडरहिल, 14 जून (एजेंसियां)। मेजर लीग क्रिकेट 2025 का दूसरा मैच निकोलस पूरन की एमआई न्यूयॉर्क और फाफ डु प्लेसिस की टेक्सास सुपर किंग्स के बीच खेला गया। इस मैच में निकोलस पूरन की टीम को हार का सामना करना पड़ा। निकोलस पूरन को इस बार एमआई न्यूयॉर्क का नया कप्तान बनाया गया है, लेकिन कप्तान बनते ही पूरन का फ्लॉप शो देखने को मिला है। इससे पहले आईपीएल में निकोलस ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खूब धमाल मचाया था।

**बल्लेबाजी में फ्लॉप हुए निकोलस पूरन**

इस मैच एमआई न्यूयॉर्क की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए निकोलस पूरन महज 6 रन बनाकर की पवेलियन लौट गए थे। टेक्सास सुपर किंग्स के स्पिन गेंदबाज नूर अहमद ने मैच में पूरन को अपना शिकार बनाया था। इससे पहले नूर अहमद ने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर



किंग्स के लिए कमाल की गेंदबाजी का नजारा पेश किया था।

**3 रन से जीती टेक्सास सुपर किंग्स**

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टेक्सास सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 185 रन बनाए थे। टेक्सास की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए ड्वेन कॉन्वे ने 44 गेंदों पर 65 रन की पारी खेली थी। जिसमें 2 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इसके अलावा केल्विन सैवेज ने 7वें नंबर पर आकर कमाल की बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया, उन्होंने 34 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उनके बल्ले से 4 छक्के और 2 चौके निकले थे। एमआई न्यूयॉर्क की तरफ से गेंदबाजी करते हुए माइकल ब्रेसवेल ने सबसे ज्यादा 2 विकेट चटकाए थे।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआई न्यूयॉर्क की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 182 रन ही बना पाई थी। एमआई की तरफ से मोनक पटेल ने सबसे ज्यादा 62 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा माइकल ब्रेसवेल ने 38 और कीरोन पोलार्ड ने 32 रन बनाए थे। वहीं टेक्सास सुपर किंग्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए एडम मिलने ने सबसे 3 विकेट चटकाए थे।

# ओबीसी समुदायों के बीच एकता की कमी बनी हुई है : महेश गौड़

## टीपीसीसी अध्यक्ष ने 'ओबीसी पोरुबता' पुस्तक का विमोचन किया



हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष और एमएलसी महेश कुमार गौड़ ने नामपल्ली हैदराबाद में 'ओबीसी पोरुबता' पुस्तक के विमोचन में भाग लिया। इस मौके पर महेश कुमार गौड़ ने कहा कि ओबीसी समुदायों के बीच एकता की कमी बनी हुई है।

ओबीसी के लिए एकजुट होने और अपनी सामूहिक ताकत का दावा करने का समय आ गया है। ओबीसी एकता को राजनीतिक संबद्धता और पार्टी की सीमाओं से ऊपर उठना चाहिए। जाति जनगणना कराने का केंद्र का फैसला कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जाति आधारित सर्वेक्षण के कार्यान्वयन के माध्यम से तेलंगाना देश के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से पूरे भारत में जमीनी हकीकत की प्रत्यक्ष समझ हासिल की। जाति सर्वेक्षण की अवधारणा ही सामाजिक न्याय के लिए राहुल गांधी के दृष्टिकोण से पैदा हुई थी। ऐतिहासिक रूप से, ओबीसी को केवल वोट बैंक की राजनीति के साधन के रूप में देखा जाता था। आज, ओबीसी उस स्तर पर पहुंच गए हैं जहां वे अपना उचित हिस्सा मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने जाति सर्वेक्षण पारदर्शी तरीके से करवाया, इस सिद्धांत का पालन करते हुए कि हर समुदाय को उसका हक मिलना चाहिए। यहां तक कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार (जिसने कभी जाति सर्वेक्षण का विरोध किया था) ने अब आम जनगणना के साथ-साथ जाति जनगणना कराने की अपनी मंशा की घोषणा की है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की मौजूदगी में पूरे भारत से आए 450 से अधिक कांग्रेस प्रतिनिधियों के समक्ष जाति सर्वेक्षण पर एक विस्तृत पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया कामारेड्डी घोषणापत्र के अनुसार, कांग्रेस सरकार ने शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में ओबीसी के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाया है। ओ.सी. (ओपन कैटेगरी) नेता होने के बावजूद, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जाति सर्वेक्षण को वैज्ञानिक और व्यवस्थित तरीके से लागू किया है, जो राहुल गांधी के विजन को दर्शाता है। तेलंगाना के इतिहास में पहली बार कांग्रेस पार्टी के मंत्रिमंडल विस्तार और पीसीसी पुनर्गठन ने पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों के लिए 68 प्रतिशत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है।

ओबीसी के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण विधेयक के माध्यम से, कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। सभी ओबीसी समुदायों को एक साथ आने और पिछड़ी जातियों के विधेयक को कानूनी दर्जा देने और संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए दबाव बनाने की तत्काल आवश्यकता है। पिछड़ी जातियों के विधेयक के लिए आंदोलन को जातिगत विभाजन से परे, समानता और न्याय के लिए एकजुट और समावेशी प्रयास के रूप में चलाया जाना चाहिए।

## कांग्रेस विधायक बीरला इलैया के पेंटहाउस में एक व्यक्ति पाया गया मृत

भुवनगिरी, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। गंधमल्ला रवि नामक एक व्यक्ति अलेयर कांग्रेस विधायक बीरला इलैया के यदागिरिगुट्टा शहर स्थित आवास के पेंटहाउस में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। रवि, जो अपनी पत्नी के साथ विधायक के पेंटहाउस में किरायेदार के रूप में रह रहा था, कई वर्षों से विधायक के घर पर कार्यरत था और संदेह है कि उसकी आत्महत्या से मृत्यु हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रवि को हाल ही में विधायक ने फटकार लगाई थी। सैदापुरम गांव का मूल निवासी रवि हाल ही में घर गया था और घटना के दो दिन बाद ही लौटा था।सैदापुरम के ग्रामीणों को आश्चर्य है कि यदि रवि ने आत्महत्या की थी तो उसने अपने घर के बजाय विधायक के घर पर आत्महत्या क्यों की। शव को पोस्टमार्टम के लिए रात में ही भुवनगिरी सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बाद इलैया ने अस्पताल का दौरा किया। इस बीच, बीआरएस मंडल अध्यक्ष कर्रे वेंकटैया ने कई अनसुलझे सवालों का हवाला देते हुए रवि की मौत की गहन और निष्पक्ष जांच की मांग की है। वेंकटैया ने एक बयान में कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि रवि को ऐसा कदम उठाने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ा? रातों-रात शव को सरकारी अस्पताल में जल्दबाजी में ले जाना और भी संदेह पैदा करता है।

# राज्यपाल ने विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी (आईआरसीएस), तेलंगाना राज्य शाखा के अध्यक्ष जिष्णु देव वर्मा ने विश्व रक्तदाता दिवस 2025 के अवसर पर शनिवार को राजभवन सामुदायिक हॉल, संकृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बोलते हुए राज्यपाल ने सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं को उनकी जीवन रक्षक सेवा के लिए धन्यवाद दिया और इसे मानवता के लिए पवित्र 'सेवा' का कार्य बताया। उन्होंने कहा कि उनका निस्वार्थ योगदान न केवल जीवन बचाता है, बल्कि संकट में फंसे असंख्य परिवारों को आशा भी देता है। राज्यपाल ने प्रेरकों, आयोजकों और सीएसआर भागीदारों के प्रयासों की सराहना की जो स्वैच्छिक रक्तदान के उद्देश्य का निरंतर समर्थन करते हैं। उन्होंने सुरक्षित और कुशल रक्त संग्रह सुनिश्चित करने में डॉक्टरों और रेड क्रॉस स्वयंसेवकों की भूमिका की भी प्रशंसा की। शिविर के दौरान राजभवन परिवार के सदस्यों और सुरक्षा कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और रक्तदान किया। राज्यपाल ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए और समाज सेवा और सीएसआर समर्थन के माध्यम से उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए गैर सरकारी संगठनों और संस्थागत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव और आईआरसीएस तेलंगाना के अध्यक्ष एम. दाना किशोर, राज्यपाल के संयुक्त सचिव जे. भवानी शंकर, राजभवन के वरिष्ठ अधिकारी, आईआरसीएस के राज्य और जिला पदाधिकारी, स्वयंसेवक और अन्य अतिथि शामिल हुए।

## तिम्मापुर रोड पर आम से लदा ट्रक पलटने से 2 घायल

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले के कोत्तुर मंडल के तिम्मापुर गांव की सड़क पर शनिवार सुबह आम से लदा एक ट्रक पलट जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, आमों की खेप लेकर ट्रक शहर की ओर जा रहा था, तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रक तिम्मापुर रोड पर पलट गया। इसके तुरंत बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मौके का फायदा उठाया और सड़क पर पड़े आमों को उठा लिया। बाद में पुलिस पहुंची और लोगों को खदेड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## नवनियुक्त मंत्रियों के लिए सचिवालय में कक्ष आवंटित किए गए

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना मंत्रिमंडल में नवनियुक्त मंत्रियों को सचिवालय में कक्ष आवंटित किए गए हैं, जैसा कि सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के एक आदेश द्वारा पुष्टि की गई है। मंत्री अदलुरी लक्ष्मण पहली मंजिल पर कमरे 13, 14, 15 और 16 में रहेंगे, जबकि मंत्री विवेक वेंकट स्वामी को दूसरी मंजिल पर कमरे 20, 21 और 22 आवंटित किए गए हैं। मंत्री वक्ति श्रीहरि दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे 26, 27 और 28 में रहेंगे। इन आवंटनों के साथ, मंत्रियों से जल्द ही अपने संबंधित विभागों की देखरेख शुरू करने की उम्मीद है। मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार एससी विकास, आदिवासी और अल्पसंख्यक कल्याण, साथ ही दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक और ट्रांसजेंडर सशक्तिकरण पर केंद्रित विभागों का प्रबंधन करेंगे। मंत्री विवेक वेंकट स्वामी श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण, कारखाने, खनन और भूविज्ञान विभागों को संभालेंगे। इसी तरह, एक अन्य मंत्री वक्ति श्रीहरि पशुपालन, डेयरी विकास, खेल और युवा सेवाओं की देखरेख करेंगे।

## भाजपा ने सरकार से स्थानीय निकाय चुनाव कराने की मांग की

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा नेता और पूर्व सांसद बी. नरसैया ने आज राज्य सरकार से राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव कराने की मांग की और दावा किया कि इन चुनावों में देरी से राज्य को बहुत नुकसान हो रहा है।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय निकाय चुनाव कराने में केंद्र का कोई हाथ नहीं है। गौड़ ने कहा कि चुनाव न होने के कारण 15वें वित्त आयोग के 1514 करोड़ रुपये अटके हुए हैं और दावा किया कि राज्य की जनता इस बोझ को उठाने के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा कि 14वें वित्त आयोग के 800 करोड़ रुपये भी राज्य को बकाया हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव न होना राज्य सरकार की विफलता को उजागर कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को चुनावों में आरक्षण का प्रतिशत तय करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि राज्य चुनाव आयोग आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया को लागू करेगा।

# काकरला जीवन साई ने नीट में 18वीं रैंक के साथ तेलंगाना में किया टॉप

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के काकरला जीवन साई कुमार ने शनिवार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी 2025 के परिणामों में 18वीं रैंक हासिल की है। शीर्ष 20 में तेलंगाना के किसी उम्मीदवार द्वारा हासिल की गई यह सर्वश्रेष्ठ रैंक है।

शीर्ष 100 रैंक पाने वालों में तेलंगाना के उम्मीदवार शानमुख निशांत अक्षिनतला (37), मंगरी वरुण (46), यंद्रपति शानमुख (48) और बिदिशा माजी (95) शामिल हैं। कुल मिलाकर, राजस्थान के महेश कुमार ने परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया और महाराष्ट्र के कृष्णंग जोशी ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिल्ली (एनसीटी) की अविका अग्रवाल, जिन्होंने पांचवां स्थान प्राप्त किया, महिलाओं में समग्र रूप से शीर्ष स्थान पर रहीं। इस साल तेलंगाना में 72,094 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया, 70,259 परीक्षा में शामिल हुए और 41,584 उत्तीर्ण हुए। कुल मिलाकर, 22,76,609 उम्मीदवारों ने आवेदन किया, 22,09,318 परीक्षा में शामिल हुए और 12,36,531 उत्तीर्ण हुए।

# खैरताबाद में कांग्रेस पार्टी में अंदरूनी कलह

## दानम नागेंद्र और विजया रेड्डी के बीच हुई बहस





चावल वितरण कार्यक्रम के दौरान विजया रेड्डी ने विधायक दानम नागेंद्र के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की क्योंकि डिस्प्ले बोर्ड पर उनकी तस्वीर नहीं थी। कार्यक्रम में मौजूद मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने विजया रेड्डी को शांत करने के लिए कदम उठाया। हालांकि, जल्द ही वे एक बार फिर सार्वजनिक रूप से असहमत हो गए, जिससे उनकी प्रतिद्वंद्विता एक नए स्तर पर पहुंच गई।

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को शहर में कांग्रेस पार्टी की बैठक के दौरान विधायक दानम नागेंद्र और पार्षद विजया रेड्डी के बीच तीखी नोकझोंक हुई। लेक व्यू, बंजारा हिल्स में आयोजित पार्टी की बैठक में दानम नागेंद्र और विजया रेड्डी के बीच बहस हो गई। इसके बाद दोनों समूहों के समर्थकों ने एक दूसरे के खिलाफ नारे लगाए और एक दूसरे पर पलटवार किया। बैठक में अराजकता फैल गई, जिससे नाराज होकर डीसीसी अध्यक्ष रोहन रेड्डी बैठक से चले गए। इसके साथ ही बैठक में जल्द ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक और बहस शुरू हो गई, जिससे अराजकता और बढ़ गई। हंगामा 10 मिनट तक चला, जिसमें पार्टी पर्यवेक्षकों को व्यवस्था बहाल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इस घटना ने खैरताबाद में कांग्रेस पार्टी के भीतर मतभेदों को उजागर किया, जिसमें गुटबाजी सार्वजनिक रूप से सामने आने की धमकी दे रही थी। दानम नागेंद्र और विजया रेड्डी के बीच टकराव ने पार्टी की आंतरिक कलह को संभालने और एकजुट मोर्चा बनाए रखने की क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अतीत में भी ऐसे मौके आए हैं जब दोनों नेताओं के बीच टकराव हुआ है। हिमायतनगर में

# सामाजिक सदभावना प्राप्त करने के लिए छात्रों को कमर कसनी चाहिए : एमएलसी कविता

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष और बीआरएस पार्टी एमएलसी कलवकुंतला कविता ने छात्रों से सामाजिक तेलंगाना को प्राप्त करने के लिए कमर कसने का आह्वान किया है और कहा है कि छात्रों को इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे आना चाहिए। यह याद दिलाते हुए कि छात्रों ने अलग तेलंगाना आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में लड़ाई लड़ी और इस आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, एमएलसी कविता ने कहा कि छात्रों को उसी भावना के साथ सामाजिक तेलंगाना को प्राप्त करने के लिए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में होना चाहिए। भाजयुमो नेता साई नाथ के साथ, विभिन्न छात्र संगठनों के नेता और छात्र शनिवार को बड़ी संख्या में तेलंगाना जागृति में शामिल हुए। एमएलसी कविता ने अपने आवास पर उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर तेलंगाना जागृति में स्वागत किया। ये समावेश तेलंगाना जागृति छात्र संघ के नेताओं वर्षित पेद्दाराजुला, संदीप दासोजू, राधाश्री, वैष्णवी और शंकर गौड़ के नेतृत्व में हुए। इस अवसर पर बोलते हुए एमएलसी कविता ने कहा कि राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित पिछड़ा वर्ग विधेयक केंद्र में लंबित होने के दौरान स्थानीय निकाय चुनाव कराने का विचार सही नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग को 42 प्रतिशत आरक्षण दिए बिना चुनाव कराए जाने पर वे चुप नहीं बैठेंगी। उन्होंने कहा कि 42 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के बाद ही चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि राज्य सरकार आरक्षण न देकर धोखा देने की कोशिश करती है तो वे बड़े पैमाने पर जनांदोलन खड़ा करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी दावा कर रहे हैं कि उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को



कर्नाटक में जाति जनगणना कराना सिखाया है, लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा यह घोषणा किए जाने के एक घंटे के भीतर ही कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर एक फोटो जारी कर दी, जिसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार मौजूद थे, लेकिन रेवंत रेड्डी तस्वीर में नहीं थे। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी लोगों से कितने झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिलने का समय न लेने के लिए सीएम रेवंत रेड्डी की आलोचना की। उन्होंने सुझाव दिया कि सीएम को अपने पार्टी नेताओं के साथ बैठकों को छोड़कर जनता के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कैबिनेट बनाने में भी सक्षम नहीं हैं और उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले कभी इतना अक्षम और कमजोर मुख्यमंत्री नहीं देखा। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य के पिछले मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी भी इतने कमजोर नहीं रहे होंगे। वह इस बात से नाराज हैं कि रेवंत रेड्डी दिल्ली में तेलंगाना के स्वाभिमान को गिरवी रख रहे हैं। इस बीच, उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं को दूर करने और शिक्षा के लिए लड़ने की जरूरत है। उन्होंने मांग की कि लगभग 8,000 करोड़ रुपये की फीस प्रतिपूर्ति बकाया है और इसे तुरंत जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी शिक्षा आश्वासन कार्ड वितरित करने के वादे को नजरअंदाज कर रही है।

## 2 पबों पर छापेमारी के दौरान नशीली दवाओं के सेवन के आरोप में 4 गिरफ्तार

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद विशेष अभियान दल ने शुक्रवार रात दो पबों पर छापेमारी की और नशीली दवाओं के सेवन के आरोप में चार लोगों को पकड़ा। सूचना के आधार पर एसओटी टीम ने गाच्चीबावली स्थित पबों में छापेमारी की और कुछ लोगों की जांच की, जिन पर नशीले पदार्थों का सेवन करने का संदेह था।

जांच में चार लोग नशीले पदार्थों के सेवन के लिए पॉजिटिव पाए गए। उन्हें हिरासत में ले लिया गया और बाद में आवश्यक कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

साइबराबाद पुलिस ने हाल के दिनों में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के लिए पार्टी स्थलों पर निगरानी बढ़ा दी है।

## गद्दर फाउंडेशन को 3 करोड़ रुपये मंजूर

हैदराबाद, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने गद्दर के विचारों और आकांक्षाओं को लोगों के बीच बढ़ावा देने के लिए गद्दर फाउंडेशन को 3 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। गद्दर जयंती के पिछले समारोहों के दौरान, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने फाउंडेशन को आवश्यक निधि उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई थी। प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, राज्य भाषा और संस्कृति विभाग ने इस उद्देश्य के लिए निधि स्वीकृत करने के आदेश जारी किए हैं। राज्य सरकार आधिकारिक तौर पर गद्दर की जयंती मना रही है, जो तेलंगाना आंदोलन और सांस्कृतिक क्षेत्र पर उनकी सेवाओं की छाप छोड़ गई है। सरकार ने गद्दर की जयंती समारोह के आयोजन में गद्दर फाउंडेशन को भागीदारी प्रदान करते हुए एक और आदेश भी जारी किया है।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वा.से.शि. बेगमपेट
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA
AFS BEGUMPET
Bowenpally Road, New Bowenpally Hyderabad - 11

साक्षात्कार/WALK-IN INTERVIEW

Walk-in interviews for the following posts will be conducted on **17.06.2025** to prepare a panel of Contractual Teachers for the Year **2025-26.**

| Sl. No | Post & Subject | Reporting Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Post Graduate Teacher (Economics & Commerce), Trained Graduate Teacher (Social Science) | Date: 17.06.2025 Time: 10:00 AM |

Interested and eligible candidates may e-mail their resume along with required documents on or before **16.06.2025** on kvafsbegumpet@gmail.com. For more details, visit our website, https://begumpetafs.kvs.ac.in

Sd/-
प्राचार्य/PRINCIPAL

# कालेश्वरम परियोजना को रद्द किया जाना चाहिए : संबाशिव राव

हनुमाकोंडा, 14 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई के राज्य सचिव और कोत्तागुडेम के विधायक कुनामनेनी संबाशिव राव ने शनिवार को विवादास्पद कालेश्वरम परियोजना पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार द्वारा बनाई गई कालेश्वरम परियोजना बेकार थी और मांग की कि कालेश्वरम परियोजना को रद्द किया जाना चाहिए क्योंकि यह राज्य के लोगों पर बोझ बन गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि कालेश्वरम परियोजना के रखरखाव के लिए अब जनता के हजारों करोड़ रुपये खर्च नहीं किए जाने चाहिए। राव ने शनिवार को हनुमाकोंडा के हरिता काकतीय होटल में सीपीआई जिला समिति द्वारा आयोजित एक मीडिया सम्मेलन में बात की। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने उन सभी लोगों से कहा, जो कहते हैं कि केसीआर का मतलब कालेश्वरम परियोजना से था, वे अपना मुंह बंद रखें। राव ने मजाक उड़ाया कि केसीआर, जिन्होंने कहा था कि वे कालेश्वरम में हर चीज के लिए



जिम्मेदार हैं, अब कह रहे हैं कि उनका इस परियोजना से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि वे अब कालेश्वरम परियोजना के डिजाइन की जिम्मेदारी से बच रहे हैं। राव ने कहा, हरीश राव कह रहे हैं कि महाराष्ट्र ने तुम्मिडीहट्टी में परियोजना के निर्माण की अनुमति नहीं दी और इसी कारण से उनकी सरकार ने परियोजना को कालेश्वरम में स्थानांतरित कर दिया। उन्होंने कहा कि कालेश्वरम परियोजना के निर्माण के बाद लोगों को एक बूंद अतिरिक्त पानी नहीं दिया गया और कहा कि फसलों के लिए केवल येल्लमपल्ली के पानी का उपयोग किया जा रहा है। संबाशिव राव ने केंद्र सरकार की इस बेतुकी टिप्पणी की आलोचना की कि भारत ने आर्थिक दृष्टि से जापान को पीछे छोड़ दिया है और कहा कि वह कृत्रिम रूप से भारत को गरीब लोगों के बिना एक देश के रूप में चित्रित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि अगर देश आर्थिक रूप से विकसित है तो असमानताएं क्यों बढ़ रही हैं और लोग गरीबी में क्यों जी रहे हैं। उन्होंने यह भी सवाल किया कि अगर गरीब हर दिन 280 से 320 रुपये कमाते हैं तो वे कैसे अमीर बन सकते हैं और आश्चर्य जताया कि वे 8,000 रुपये प्रति माह में अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों की आय भले ही 20 हजार रुपये प्रतिमाह हो, उन्हें गरीब ही माना जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि लोग बिना आजीविका के अत्यंत गरीबी में जी रहे हैं और कहा कि भूख से पीड़ित देशों में देश 101वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि संकेतक बताते हैं कि लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और क्रय शक्ति के मामले में देश 124वें स्थान पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र अपनी विफलताओं को छिपाने और तथ्यों को छिपाने के लिए झूठा प्रचार कर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर मानवाधिकारों का उल्लंघन करने और ऑपरेशन कगार के नाम पर कम्युनिस्टों को खत्म करने का सपना देखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र कम्युनिस्टों के शवों को देखने से डरता है और कहा कि पुलिस फायरिंग में मारे गए माओवादी नंबाला केशव राव का शव उनके परिजनों को न देना क्रूरता है। राव ने कहा कि अगर माओवादी गलत करते हैं, तो उनके खिलाफ कानून के मुताबिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए। इस मीडिया सम्मेलन में सीपीआई के राज्य सहायक सचिव तक्कलपल्ली श्रीनिवास राव, राज्य कार्यकारी सदस्य नेदुनुरी ज्योति, जिला सचिव कर्रे बिक्षापति, पूर्व जिला सचिव सिराबोयाना करुणाकर, राष्ट्र समिति के सदस्य अदारी श्रीनिवास, मंदा सदालक्ष्मी, जिला सहायक सचिव थोटा बिक्षापति, मद्देला एलेश और अन्य ने भाग लिया।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.